हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● बुधवार ● 26.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 121 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### बिहार सरकार ने 10 सर्कुलर राबड़ी आवास खाली करने का दिया आदेश

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में 10 सर्कुलर रोड पर स्थित राबड़ी आवास सालों से लालू परिवार का ठिकाना हुआ करता था। लेकिन अब लालू परिवार को यह सरकारी आवास खाली करना होगा। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग ने लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का नोटिस भेजा है। दरअसल भवन निर्माण विभाग ने बिहार के मंत्रियों और बिहार विधान परिषद के नेता को उनका आवास आवंटित किया है। इसी आवंटन में राबड़ी आवास को अब नया आवास दिया गया है। ऐसे में लालू परिवार को अब 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास को खाली करना होगा। दरअसल बिहार में नई सरकार गठित होने के बाद भवन निर्माण विभाग ने राज्य के मंत्रियों के साथ-साथ बिहार विधान परिषद के नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी के लिए आवास का आवंटन किया है। इसी के तहत राबड़ी देवी को केन्द्रीय पुल आवास संख्या-39, हार्डिंग रोड दिया गया है। अब तक 10 सर्कुलर वाले जिस घर में राबड़ी देवी और उनका परिवार रहा करता था, उसे अब लालू परिवार को खाली करना होगा।

### इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट का असर दिल्ली एयरपोर्ट पर 7 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद

**नयी दिल्ली :** इथियोपिया में ज्वालामुखी फटने से निकली राख के गुबार ने विमानों के ऑपरेशन पर असर डाला है। दिल्ली एयरपोर्ट पर मंगलवार को 1 बजे से शाम 6 बजे के बीच कम से कम 7 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द हो गईं, जबकि 12 विदेशी उड़ानों में देरी हुई है। एयरलाइन कंपनियों ने सुरक्षा को देखते हुए अपने ऑपरेशंस में बड़े बदलाव किए हैं। इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट से भारत समेत दुनिया के कई देशों की अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट्स की रफ्तार थाम दी है। नई दिल्ली, मुंबई, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, हरियाणा और पंजाब के ऊपर राख की परत और धुंध छाने की वजह से कई उड़ानों के रूट बदले गए हैं, जबकि कुछ फ्लाइट्स को डाइवर्ट भी करना पड़ा है। सोमवार से कम से कम 11 उड़ानें कैंसिल कर दी गई और उनकी एहतियातन जांच की जा रही है, जो इथियोपिया में हेली गुब्बी ज्वालामुखी फटने के बाद कुछ खास जगहों के ऊपर से गुजरे थे।

### सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**रांची :** देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र में दर्ज मामले को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दायर याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में राज्य सरकार की ओर से दूसरी बार जवाब दायर करने के लिए समय मांगने पर अदालत ने 2000 रुपये का जुर्माना लगाया है। सांसद निशिकांत दुबे ने मोहनपुर थाना कांड संख्या 281/2024 में दर्ज प्राथमिकी और उनके विरुद्ध दायर चार्जशीट को चुनौती देते हुए उसे निरस्त करने का अनुरोध किया है। अदालत ने इस प्रकरण में दुबे के खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है।

## प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के शिखर पर किया ध्वजारोहण, सरसंघचालक भी रहे मौजूद

# गुलामी की मानसिकता त्यागें और कंधे से कंधा मिलाकर विकसित भारत बनाने में जुट जाएं : मोदी

एजेंसी

**अयोध्या :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज राम नगरी अयोध्या में वैदिक मंत्रों के बीच शुभ मुहूर्त में राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वजा फहराई। हवा में केसरिया ध्वज के फहरते ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो गई और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित प्रख्यात साधु- संत और धमाचार्य उपस्थित रहे। सियावर राम चंद्र की जय बोलकर राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रभु श्री राम के व्यक्तित्व के विभिन्न रूपों का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार भगवान राम के आदर्शों पर चलकर समाज के सभी वर्ग के लोगों को विकास कर रही हैं। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे गुलामी मानसिकता को त्यागकर अपनी विरासत अपना कर विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए साथ आएं।

### भगवान राम के लिए कुल नहीं व्यक्ति महत्वपूर्ण

प्रधानमंत्री ने प्रभु राम की विशेषताओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम भाव से जुडते हैं, वे किसी व्यक्ति के कुल को नहीं देखते है। वे व्यक्ति को देखते हैं, तभी तो निषाद राज को अपना दोस्त बनाते हैं। शबरी के झूठे बेर खाते हैं । इसी भाव को लेकर आगे बढते हैं और पुरुषोत्तम राम बनते हैं। हमारी सरकार भी इसी भाव को लेकर बिना किसी धर्म-जाति देख विकास के केंद्र बिंदु में काम कर ही है।

### ओरछा से लेकर तमिलनाडु तक रामत्व की चर्चा

प्रधानमंत्री ने कहा ओरछा के राजा राम से लेकर, रामेश्वरम के भक्त राम तक, और शबरी के प्रभु राम से लेकर, मिथिला के पाहुन राम जी तक, भारत के हर घर में, हर भारतीय के मन में, और भारतवर्ष के हर कण-कण में राम हैं। लेकिन गुलामी की मानसिकता इतनी हावी हो गई कि प्रभु राम को भी काल्पनिक घोषित किया जाने लगा।

### दस साल में खत्म करें मैकाले वाली मानसिकता

उन्होंने कहा कि अपनी विरासत पर गर्व के साथ-साथ एक और बात भी महत्वपूर्ण है, और वो है- गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्ति। आज से 190 साल पहले, साल 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोए थे। मैकाले ने भारत में मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। दस साल बाद, यानि 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 वर्ष पूरे हो रहे हैं। कुछ दिन पहले ही मैंने एक कार्यक्रम में आग्रह किया था कि हमें आने वाले दस वर्षों तक, उस दस वर्षों का लक्ष्य लेकर चलना है कि भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। ये गुलामी की मानसिकता ही है, जिसने राम को नकारा। कुछ लोगों की इसी मानसिक गुलामी ने राम को भी काल्पनिक बता दिया।






### सबसे पुराना लोकतंत्र भारत में लेकिन छुपाया गया

भारत देश की महान विरासत का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रचारित किया गया कि हमारा संविधान भी विदेश से प्रेरित है, जबकि सच ये है कि भारत लोकतंत्र की जननी है । तमिलनाडु के एक गांव में शिलालेख में बताया है कि हजारों साल पहले कैसे सरकार चुनी जाती थी और कैसे शासन चलता था। लेकिन गुलामी की मानसिकता के कारण भारत की पीढ़ियों को ऐसी न जाने कितनी जानकारी से वंचित रखा गया।

### अब नौसेना के ध्वज पर हमारी विरासत

उन्होंने कहा आप याद करिए, भारतीय नौसेना का ध्वज, सदियों तक उस ध्वज पर ऐसे प्रतीक बने रहे, जिनका हमारी सभ्यता, हमारी शक्ति, हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था। अब हमने नौसेना के ध्वज से गुलामी के हर प्रतीक को हटाया है। हमने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को स्थापित किया है। ये सिर्फ एक डिजाइन में बदलाव नहीं हुआ, ये मानसिकता बदलने का क्षण था। ये वो घोषणा थी कि भारत अब अपनी शक्ति, अपने प्रतीकों से परिभाषित करेगा, न कि किसी और की विरासत से।

### अयोध्या की भूमि में आचरण में बदलते हैं आदर्श

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, राम नगरी अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मयार्दा पुरुषोत्तम बनता है, जब भगवान यहां से गए तो युवराज राम थे, वह लौटे तो मर्यादा पुरुषोत्तम बनकर। उनके मर्यादा पुरुषोत्तम बनने में महर्षि वशिष्ठ का ज्ञान, महर्षि विश्वामित्र की दीक्षा, महर्षि अगस्त्य का मार्गदर्शन, निषादराज की मित्रता, मां शबरी की ममता, भक्त हनुमान का समर्पण, इन सबकी, अनगिनत ऐसे लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### आज सदियों का संकल्प सिद्धि को प्राप्त हुआ, घाव भर गए : भागवत



**अयोध्या :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर धर्मध्वज फहराने को ऐतिहासिक बताया है और कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। राम मंदिर के निर्माण के लिए न जाने कितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, आज उन सबकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक सिंहल जी को वहां पर शांति मिली होगी और आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में आयोजित ध्वजारोहण समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. भागवत ने कहा कि यह उसी रामराज्य का ध्वज है जो कभी अयोध्या में और पूरे विश्व में फहराता था, आज मंदिर पर फहराया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वही वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, लेकिन स्वंय धूप में खड़े रहते हैं। फल भी दूसरों के लिए देते हैं। रामराज्य का ध्वज यही संदेश देता है कि स्थितियां कितनी भी प्रतिकूल हों लेकिन उसे अपने धैर्य के साथ अनुकूलता में बदलना है और आज हिंदू समाज ने राम मंदिर के लिए 500 साल तक संघर्ष करके दिखा दिया है। इसी सत्य पर आधारित धर्म दुनिया को देने वाला भारत आज खड़ा हो गया है। आज अयोध्या पूरी दुनिया का सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बन रही है और पूरी दुनिया राममय है। यह धर्मध्वज ही नहीं अपितु भारत के पुनर्जागरण का प्रतीक भी है और इसका भगवा रंग सदियों के संकल्प का प्रतीक है। डॉ. भागवत ने श्रीराम मंदिर आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि आज सदियों के घाव भर गए हैं और सदियों का संकल्प सिद्धि को प्राप्त हो गया है।

## अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य : नीतीश

एजेंसी

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने अगले पांच वर्षों (2025-30) में एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।



श्री कुमार ने एक्स पर लिखा, राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, यह शुरू से ही राजग सरकार की की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों (2025-30) में राजग सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। श्री कुमार ने बताया कि नई सरकार के गठन के बाद राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करने के लिए तेजी से काम शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने के लिये बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये इस क्षेत्र की बिहार से संबंध रखनेवाले अग्रणी उद्यमियों के सुझाव प्राप्त कर योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाएगा।

## भाजपा मेरे साथ खेला ना करे, अगर मुझ पर हमला हुआ तो भारत को हिला दूंगी : ममता

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एसआईआर के खिलाफ विरोध करने के लिए मतुआगढ़ ठाकुरनगर पहुंची। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर भी निशाना साधा। सीएम ममता ने कहा कि अगर मुझ पर हमला हुआ तो भारत को हिला दूंगी।

आपको बता दें कि ममता बनगांव के त्रिकोण पार्क में बैठक स्थल पर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि हमने यह नहीं कहा कि एसआईआर नहीं होना चाहिए। हमने कहा कि किसी भी वैध मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए। ममता बनर्जी ने कहा, एसआईआर करने में 3 साल लगते हैं। चुनाव से पहले ताकत दिखाकर आप इसे 2 महीने में करना चाहते हैं। मुझे आधार कार्ड बनवाने के लिए भी समय देना पड़ा। अब वे कहते हैं कि इसकी जरूरत नहीं है।



### चुनाव आयोग ने तृणमूल प्रतिनिधिमंडल को शुक्रवार को संवाद के लिए किया आमंत्रित

**कोलकाता :** चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से मांगे गए समय के आधार पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र भेजकर सूचित किया है कि आयोग तृणमूल के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करने को तैयार है। आयोग की ओर से यह पत्र ममता बनर्जी के कालीघाट स्थित आवास पर भेजा गया है, जिसमें बताया गया है कि तृणमूल ने आयोग से मुलाकात का समय मांगा था और उसी अनुरोध पर आयोग ने औपचारिक तौर पर सहमति जताई है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा नेता डेरेक ओब्रायन की ओर से आयोग को प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक का अनुरोध भेजा गया था, जिसके जवाब में आयोग ने अपने पत्र में लिखा है कि वह हमेशा सभी राजनीतिक दलों से रचनात्मक संवाद के लिए तैयार रहता है।

## भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में धूमधाम से मनाया गया झारखंड दिवस समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्य सचिव अविनाश कुमार मंगलवार को झारखंड पैवेलियन पहुंचे। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और दीप प्रज्वलित कर झारखंड दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश की समृद्ध परंपराओं, आदिवासी सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा की इस प्रस्तुति को विशेष रूप से सराहा। इसके बाद उन्होंने पैवेलियन में लगे सभी 32 स्टॉलों का अवलोकन किया, जहाँ उन्होंने राज्य के कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रस्तुत उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखण्ड राज्य भी इस अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपने विकास के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान झारखंड सरकार राज्य को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी संस्कृति, परंपरा और विकास मॉडल-तीनों को समान प्राथमिकता देते हुए हम शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, खेल, पेयजल, तकनीक और हवाई कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आधुनिक और उपयोगी इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य झारखंड को एक सक्षम, समृद्ध और भविष्य-उन्मुख राज्य के रूप में स्थापित करना है।



### झारखंड की सांस्कृतिक विविधता प्रभावशाली

नाट्यशाला थिएटर में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में झारखंड के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य और संगीत की प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### दर्शकों ने झारखंड की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का लिया आनंद

राज्य के रजत पर्व पर आयोजित झारखंड दिवस के अवसर पर प्रगति मैदान का एम्फीथियेटर झारखंड की लोक-संस्कृति के मनोहारी रंगों से गुलजार रहा। दर्शकों ने झारखंड की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया, जिनमें झारखण्ड के तपन नायक और टीम का छऊ नृत्य, किशोर नायक और टीम का नागपुरी नृत्य, सुखराम पाहन और टीम का मुंडारी नृत्य, कृष्ण भगत और टीम का उरांव नृत्य और अशोक कच्छप के पाइका नृत्य ने लोगो को मंत्रमुग्ध किया।

### झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे संस्थागत स्टॉल विशेष आकर्षण

झारखंड पवेलियन में इस वर्ष विविधता और रचनात्मकता का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, जहां राज्य के दर्जनों स्टॉल संचालक अपनी विशिष्ट कला और उत्पादों के साथ मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। पैतकर और सोहराय पेंटिंग जैसे पारंपरिक कला स्टॉलों के साथ-साथ मत्स्य निदेशालय, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, झारक्राफ्ट, पलाश मार्ट और झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड जैसे संस्थागत स्टॉल विशेष आकर्षण बने हुए हैं।

## बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ा हादसा ऑटो और ट्रक की टक्कर में छह की मौत

एजेंसी

**शेखपुरा :** बिहार के शेखपुरा से भीषण सड़क हादसे की खबर सामने आ रही है, जहां सीएनजी ऑटो और ट्रक की टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद आक्रिशोत लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। हादसा इतना भयानक था कि सड़क पर लाशें बिखर गईं। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई।

### गाड़ी छोड़कर फरार हो गया ट्रक ड्राइवर

जानकारी के अनुसार, घटना नगर थाना क्षेत्र के एकसारी बीघा और कंबल गढ़ गांव के बीच शेखपुरा-सिकंदरा हाइवे पर घटी है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि ऑटो पर सवार सभी लोग चेवाड़ा की ओर से शेखपुरा आ रहे थे।



वहीं ट्रक शेखपुरा से चेवाडा की ओर जा रहा था। तभी दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में पहचान टुनटुन यादव की पत्नी आशा देवी उर्फ सीमा देवी(56) और उनके बेटे राहुल कुमार के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान धमसेना गांव, थाना करंडे शेखपुरा के रहने वाले राजकुमार साव के रूप में हुई है। अन्य मृतकों की पहचान की जा रही है।

## एक नजर

### ऑटो और टेलर में टक्कर, टेंपो चालक की मौत

**बरही :** बरही गया रोड में ऑटो टेंपो में टक्कर हो गई। टक्कर में टेंपो चालक संजीत कुमार की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ऑटो में टेलर ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्हें तत्काल बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया। प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग जाने के क्रम में ही टेंपो चालक ने दम तोड़ दिया।

### चौपारण में बंटी मोबाइल दुकान में चोरी पुलिस जांच में जुटी

**चौपारण :** ब्लॉक मोड़ स्थित बंटी मोबाइल दुकान में बीती रात चोरों ने कोरगेट शीट काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान मालिक बंटी कुमार के अनुसार पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ कैद है, जिसमें चोर का चेहरा भी स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने थाना में लिखित आवेदन देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के मुताबिक चोर दुकान से पांच महंगे स्मार्टफोन, कई हेडफोन, मोबाइल चार्जर और करीब 60 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। घटना सोमवार की रात हुई, जिस दिन दुकान बंद रहती है। मंगलवार सुबह पड़ोसियों ने दुकान की छत कटी होने की सूचना दी, जिसके बाद मालिक ने आकर दरवाजा खोला तो चोरी का मामला सामने आया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, छानबीन की और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फुटेज में चोर की हरकत और चेहरा साफ दिखने से जल्द पहचान होने की संभावना जताई जा रही है। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि चोर का फुटेज वायरल किया गया है ताकि लोग पहचान कर सूचना दे सकें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बिहारी पंचायत में आपकी सरकार आपकी द्वार शिविर का हुआ आयोजन

**हजारीबाग :** जिले के पदमा प्रखंड अंतर्गत बिहारी पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार और मुखिया चंचला कुमारी और ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, उप प्रमुख सतेंद्र राणा, पंचायत प्रतिनिधि संजय यादव,पूर्व मुखिया बंगाली मेहता और सभी वार्ड सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।शिविर में सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न ग्रामीण योजनाओं की जानकारी दी गई। मनरेगा, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और कल्याण विभाग की ओर से अलग-अलग स्टॉल लगाए गए। शिविर के दौरान कुल 519 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का एक आवेदन का तत्काल निष्पादन नहीं हो सका, जिससे लोगों में निराशा देखी गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं मंईया सम्मान योजना और अबूआ आवास योजना का पोर्टल अब भी बंद है। पोर्टल न खुलने के कारण स्वीकृत किए गए आवेदनों पर कोई आगे की कार्रवाई संभव नहीं हो पाई। प्रखंड विकास पदाधिकारी निधि रजवार ने बताया कि पोर्टल तकनीकी रूप से बंद रहने के कारण निष्पादन प्रक्रिया रुकी हुई है, लेकिन जैसे ही पोर्टल सामान्य होगा, सभी लंबित आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के शिविरों से सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचेगी।

# नयाटांड़ पंचायत में 'आपकी योजना, आपके द्वार' कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव में मंगलवार को प्रखंड के तीन अलग-अलग पंचायत में झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़कागांव प्रखंड के नयाटाड़ पंचायत, चंदौल एवं सिंदवारी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया। नयाटांड़ में 1053 आवेदन, चंदौल 673पंचायत में आवेदन, एवं सिंदवारी पंचायत में 508 आवेदन प्राप्त हुए, तीनों पंचायत में कुल 2234 आवेदन जमा हुए। जिसमें कई मामलों का निपटारा शिविर में ही किया गया। नयाटांड़ पंचायत में मुखिया लीलावती देवी की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया।



शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएलओ निर्भय कुमार व विशिष्ट अतिथि बीडीओ जितेंद्र कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। कई विभाग के द्वारा स्टॉल लगाए गए। इस दौरान कई लोगों की समस्याओं का निष्पादन शिविर में हीं कर दिया गया। इस दौरान अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया गया। बच्चों के बीच गर्म वस्त्र परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। मंईयां सम्मान योजना, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास, मत्स्य पालन, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जाति, आवासीय, पेंशन योजना के अलावा अन्य योजना को लेकर स्टॉल लगाए गए थे। बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल की अध्यक्षता में चंदौल पंचायत मुखिया एतवरिया देवी के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। तीनों अलग-अलग पंचायत में शामिल होने वाले पदाधिकारी एवं कर्मियों में मुख्य रूप से नोडल पदाधिकारी आशीष कुमार, दीपक कुमार, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, अरुण पासवान, अंनत कुशवाहा, मनीष पाठक, कृष्ण कुमार, सचिन कुमार, नरेंद्र महतो व अन्य शामिल थे।


### सलगा पंचायत में आपकी योजना, आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न

**हजारीबाग :** केरेडारी के अंतर्गत सलगा पंचायत के पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी द्वार कार्यक्रम संपन्न किया गया है। इस कार्यक्रम में उपस्थित सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी पंचायत समिति सदस्य मीना देवी केरेडारी प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार अंचल अधिकारी रामरतन वर्णवाल बीपीओ सुमन कुमार केरेडारी प्रखंड के उप प्रमुख अमेरिका कुमार महतो रोजगार सेवक किशोर राम स्वयंसेवक रविंद्र कुमार बीएमटी प्रभु कुमार संचालन करता जयराम साव ने किया गया सभी पदाधिकारी को बुके देकर सम्मानित किया गया। शिविर में जाति प्रमाण पत्र 52 स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र 26 आय प्रमाण पत्र 25 और जन्म प्रमाण पत्र का मृत्यु प्रमाण पत्र का नया राशन कार्ड 20 विधिवा पेंशन 02 विकलांग पेंशन 01 जन्म प्रमाण पत्र 01 स्वास्थ्य बाल विकास योजना 119 टोटल ग्रामीणों को जांच किया गया। जिससे 119 महिला और 27 पुरुष को जांच पूर्ण रूप से किया गया टोटल आवेदन 333 प्राप्त हुआ और इस भूमि धारक प्रमाण पत्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से संबंधित आवेदक को प्राथमिकता के साथ स्वीकार किया गया।

## झामुमो ने बीडीओ को सौंपी सात सूत्री मांगपत्र, मांग पूरा करने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** झारखंड मुक्ति मोर्चा बरही इकाई ने बरही के विभिन्न समस्याओं एवं विकास योजनाओं की मांग को लेकर 7 सूत्री मांग पत्र बीडीओ जयपाल महतो को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में सौंपा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष देवानंद कुमार एवं जिला कार्य समिति सदस्य पारस शरण देव ने संयुक्त रूप से सात सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए हुए अविलंब उन मांगो को पूरा करने की अपील बीडीओ की है । 7 सूत्री मांगों में पृथ्वी सागर तालाब का गहरीकरण, पृथ्वी सागर तालाब के भीड़ पर एक शेड का निर्माण एवं महिला सुलभ शौचालय 10 शेड का निर्माण, राम सागर तालाब का गहरीकरण, अनुसूचित जाति मुसहर टोला में



एक सामुदायिक भवन का निर्माण एवं वीर देवता स्थल का चार दिवारी का निर्माण, अनुसूचित जाति रविदास टोला में एक सामुदायिक भवन का निर्माण, बरसोत ग्राम से दुल्माहा पंचायत के अंतर्गत लखन गांव को जोड़ते हुए बारसोती नदी पर पुल निर्माण एवं रोड का कालीकरण तथा बरसोत पंचायत के बरसोत चौक एनएच 2 के किनारे सामुदायिक सुलभ शौचालय एवं एक यात्री शेड का निर्माण शामिल है।

## बरसोत, रानीचूआ एवं बसरिया पंचायत में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, 454 की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बरही अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में बरसोत, रानीचूआ एवं बसरिया पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।बरसोत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 114 मरीजों का जांच कर इलाज किया गया। वही रानीचूआ में 165 तथा बसरिया पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 175 लोगों की इलाज कर जरूरी दवाएं उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा कई लोगों को नेत्र जांच, टीबी जांच एनसीडी आयुष्मान



कार्ड , मलेरिया स्लाइड सिक्वल सेल , आभा कार्ड , कुष्ठ जांच भी की गई। शिविर को सफल बनाने में डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, डॉ अंकुर विहान, डॉ मेराजुल इस्लाम, मो एजाज हुसैन, मो दीपक कुमार नेत्र सहायक, सुधांशु कुमार, सलोनी कुमारी, अनीता कुमारी, मृत्युंजय चौरसिया, रवि शंकर कुमार, हीरा कुजूर, कुलदीप कुमार ,मो शाहिद, मो एजाज, संतोष कुमार, पूर्णिमा गुरुंग, प्रहलाद कुमार, प्रेमलता कुमारी, सावित्री कुमारी, रवि शंकर कुमार, गीता कुमारी सहित संबंधित पंचायत के सहिया एवं सहिया साथी का योगदान रहा।

## बरही प्रखंड के तीन पंचायतों में लगे शिविरों में 1,700 से अधिक आवेदन, त्वरित निपटान से ग्रामीण संतुष्ट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के बसरिया, बरसोत एवं रानीचुआ पंचायत में मंगलवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं संबंधी आवेदन जमा किए, जिनमें से अधिकांश का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। बसरिया पंचायत में आयोजित शिविर में कुल 446 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 399 आवेदनों का त्वरित निस्तारण किया गया। शिविर का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, प्रमुख मनोज रजक, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, मुखिया नीलम देवी, पंचायत समिति सदस्या सुमिया देवी, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उपमुखिया विनोद यादव, नागेश रजक, बीरेंद्र यादव एवं सिकंदर कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, अबुआ आवास योजना, विधवा पेंशन, मईया योजना समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें एवं आवेदन लिए गए। इनमें से कई का समाधान तुरंत किया गया, जबकि कुछ मामलों को आगे की कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। बरसोत पंचायत में शिविर के दौरान 694 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 193 आवेदनों का त्वरित निपटारा किया गया। वहीं, रानीचुआ पंचायत में आयोजित आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 619 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 414 आवेदनों का तुरंत निस्तारण किया गया। ग्रामीणों के लिए इस पहल से उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने ही पंचायत में, बिना कार्यालय के चक्कर काटे, उपलब्ध हो पा रहा है। अधिकारियों ने भी आश्वस्त किया कि बचे हुए आवेदनों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## हजारीबाग गौशाला परिसर में यूथ विंग द्वारा कंबल किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में मंगलवार को सेवा और समर्पण की अनोखी मिसाल पेश करते हुए जिले की अग्रणी सामाजिक



संस्था हजारीबाग यूथ विंग द्वारा गौशाला कर्मचारियों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह वार्षिक कार्यक्रम संस्था द्वारा उन कर्मचारियों के सम्मान में किया जाता है, जो पूरे वर्ष गौमाता की सेवा में निष्ठापूर्वक लगे रहते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत गौसेवा से हुई। संस्था के सभी सदस्यों ने गौमाता को गुड़, चोकर एवं अन्य पौष्टिक सामग्री खिलाकर अपनी सेवा भावना व्यक्त की। इसके बाद गौशाला में कार्यरत सभी कर्मचारियों को कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें शीतकाल में राहत मिल सके। हजारीबाग यूथ विंग ने यह कदम उन कर्मियों के प्रति सम्मान के रूप में उठाया है, जिनकी निष्ठा, त्याग और सेवा भावना सचमुच प्रशंसनीय है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खण्डेलवाल, सह सचिव अभिषेक पांडे, कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया, संस्था के मार्गदर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल, संजय कुमार, कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद ताजुद्दीन, रोहित बजाज, प्रमोद खण्डेलवाल, सेजल सिंह, विवेक तिवारी, प्रज्ञा कुमारी, बजरंग अग्रवाल, उदित तिवारी, योगेंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहें।

हजारीबाग सांसद 101 जरूरतमंद जोड़ों का कराएंगे सामूहिक विवाह

# भव्य आयोजन के लिए रामगढ़ की धरती बनेगी गवाह रोजगार से जोड़ने का भी संकल्प : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक बार फिर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाते हुए एक अनूठी और प्रशंसनीय सामाजिक पहल की घोषणा की है। उन्होंने आगामी 08 फरवरी 2026 को रामगढ़ जिले के सिद्धू कान्हु मैदान में सांसद सामूहिक विवाह उत्सव -2026 के तहत 101 जरूरतमंद जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह कराने का सकारात्मक फैसला किया है। सांसद मनीष जायसवाल का यह लगातार तीसरी बार सामूहिक विवाह आयोजन है, जिसमें



हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कुल 101 जोड़ों का न केवल ऐतिहासिक तरीके से विवाह कराया जाएगा, बल्कि उन्हें गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक साजो-सामान और रोजगार सृजन का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। तीसरे आयोजन की रूपरेखा पर सांसद ने विधायकों और कार्यकर्ताओं संग किया विशेष मंथन इस महत्ती आयोजन को सफल बनाने के लिए मंगलवार को हजारीबाग शहर के निमंत्रण पैलेस परिसर में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। भाजपा के बैनर तले होने वाले इस आयोजन को लेकर जोड़ों के चयन से लेकर विवाह तक के प्रमुख बिंदुओं पर गहन चर्चा-परिचर्चा की गई। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल नेकहा कि भारतीय जनता पार्टी सेवा को प्राथमिकता देती है। समाज में कन्यादान का विशेष महत्त्व है और यह सामूहिक विवाह समाज के सामूहिक सहयोग के बदौलत ही संभव हो पाता है। आप कार्यकर्ता समाज के जरूरतमंद जोड़ों को खोजें और उनका पंजीकरण जरूर कराएं ताकि हम उनका गृहस्थ बसाकर, उन्हें गृहस्थी चलाने का उपाय भी कर सकें। विधायकों ने सराहा, आयोजन को सफल बनाकर राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने का लिया संकल्प इस अहम बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ. तिवारी महतो सहित हजारीबाग जिले के ज़िला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और सैकड़ों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बी.एम. मेमोरियल स्कूल के कक्षा 10 वीं के बच्चों ने मध्य पंचायत में किया सर्वे



**बड़कागांव :** बड़कागांव बी.एम. मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10 वीं के छात्र-छात्राओं को इकोनॉमिक्स (अर्थशास्त्र) में भारतीय अर्थशास्त्र के क्षेत्र एवं बॉडी मास इंडेक्स सर्वेक्षण विषय के ऊपर प्रैक्टिकल कर, विद्यालय के उपनिदेशक पिंटू कुशवाहा के निर्देशन में प्रखंड के मध्य पंचायत के मुस्लिम मोहल्ला, अंबेडकर मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला सहित अन्य मोहल्ला में बच्चों ने ग्रुप बनाकर सभी घरों में जा जाकर सर्वेक्षण किया। उक्त सर्वेक्षण कार्यक्रम में अर्थशास्त्र के शिक्षक ऋषभ अग्रवाल के नेतृत्व में बच्चों ने अपना सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण किया। जिसमें बच्चों ने हर व्यक्ति के लंबाई, वजन, मोटापा,पतलापन, स्वास्थ्य सहित उनके अर्थव्यवस्था की क्या स्थिति है , रिपोर्ट तैयार किया। बच्चों ने बताया कि इन सभी रिपोर्ट को तैयार करने से कई फायदे होते हैं ।जैसे कि मोटापे का पता लगता है साथ ही साथ स्वास्थ्य की जोखिमों का भी आकलन और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में मदद मिलता है ।गांव के सभी ग्रामीणों ने बड़े उत्सुकता के साथ बच्चों के हर सवाल का जवाब दिया साथ ही साथ ग्रामीणों ने बी.एम. मेमोरियल स्कूल के प्रबंधक एवं शिक्षकों को इस प्रकार से बच्चों को प्रैक्टिकल करवा कर पढ़ने के लिए धन्यवाद दिया है। मौके पर विद्यालय के अर्थशास्त्र के शिक्षक ऋषभ अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को सर्वेक्षण करा कर पढ़ना ,से उनको ज्यादा याद रहता है एवं समझ में आता है ।साथ ही साथ बच्चों को आत्मविश्वास के साथ किसी भी लोगों से बात करने एवं जानकारी जुटाना में बढ़ावा मिलता है। हमारा कोशिश रहता है कि बच्चों को मौखिक के साथ-साथ प्रैक्टिकल करवा कर भी पढाया जाए।

### एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना जन जागरूकता अभियान का हुआ आयोजन




**बड़कागांव :** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में चार नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत टीएसएमपीएल वर्क र्स कॉलोनी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई शेख मिन्हाजुद्दीन, उपनिदेशक, खान सुरक्षा (विद्युत), एसईजेड रांची द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान मिन्हाजुद्दीन ने नई लागू चारों श्रम संहिताओं के महत्वपूर्ण प्रावधानों, विशेषताओं तथा उनके लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान परियोजना के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों, विभिन्न परिचालन इकाइयों के श्रमिकों एवं संविदा कर्मियों ने सहभागिता की। इस जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में कानूनी समझ को सुदृढ़ करना, श्रम सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कार्यस्थल पर नई श्रम संहिताओं का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। प्रतिभागियों को श्रमिक अधिकारों, नियोक्ता की जिम्मेदारियों, व्यावसायिक सुरक्षा मानकों तथा कल्याणकारी प्रावधानों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। सत्र के अंत में प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया भी प्राप्त की गई। उपस्थित श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने भारत सरकार के श्रम हितैषी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि ये संहिताएं श्रम कानूनों को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और श्रमिक कल्याण को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

### स्वस्थ तन मन के लिए मांसाहार का करे त्याग,शाकाहार को अपनाएं : मुकुंद साव

**हजारीबाग :** विश्व मांसाहार निषेध दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि वे मांसाहार त्याग कर शाकाहार अपनाएंगे। विश्व मांसाहार निषेध दिवस इसलिए मनाया जाता है, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से बचे,पशुओं की हत्या होने से बचे, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है,यह गंभीर समस्या है। जो लोग मांस खाते हैं, उन्हें यह भी मालूम होना चाहिए कि मांसाहार करने वालों का जीवन बीमारियों से भरा है ।चूंकि जिस मांस को आप खा रहे है उस मांस में अनेकों बीमारियां है, अगर शाकाहार भोजन करते है तो जीवन दीघार्यु होगी और काया निरोग निरोग रहेगा। उक्त बातें आज विश्व मांसाहार निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने प्रेस बयान जारी कर कहा है, उन्होंने कहा है कि शाकाहारी भोजन से लोगों को सेहत का वरदान मिलता है। जो भी मांसाहार को छोड़कर शाकाहार जीवन को अपनाया, उनका जीवन सुखमय बन गया है। वही रामनारायण यादव बरही के हिन्दी के विभागाध्यक्ष और राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश के सचिव प्रो हीरामन साहू ने बताया कि मांस खाने से शरीर को होने वाले नुकसान को जाना तो सबको शाकाहार बनने का निवेदन कर रहे हैं। केंद्रीय राज्यमंत्री गिरीराज की सलाह पर सहजन खा रहे है जिससे काफी लाभ मिल रहा है, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ एसके ने बताया है कि मांस का सेवन से कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, लकवा, मधुमेह, लीवर और गुर्दे की बीमारी जैसी भयानक बीमारियों का आशंका रहती है, मुकुंद साव ने बताया है कि शाकाहार बैलेंस डायट है,इससे दिल की बीमारियों पर कंट्रोल रहता है, मोटापा कम करने में सहायक रहता है, और दीघार्यु रहता है, श्री साव ने बताया है कि क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सक डॉ मोनिका गुप्ता ने कहा है कि मांसाहार स्वास्थ्य के लिए कभी भी लाभप्रद नहीं है, मांस पचने में दिक्कत होती है, आंत में मांस रुक जाता है, और वहीं सड़ जाता है, जिसके गंभीर परिणाम होते है, इसलिए मुकुंद साव ने समस्त सनातनियों से विनम्र आग्रह किया है कि राजसिक और तामसिक भोजन को छोड़ सात्विक भोजन अपनाया जाए, इससे बीमारियों से मुक्त रहा जाएगा।

### गुरु तेग बहादुर जी की शहादत दिवस पर गुरुद्वारा में उमड़ी भीड़

**हजारीबाग :** श्री गुरु तेग बहादुर जी की शहादत दिवस के पावन अवसर पर सोमवार को स्थानीय गुरुद्वारा परिसर में विशेष दीवान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने पहुंचकर माथा टेका ।कार्यक्रम की शुरूआत कीर्तन दरबार से हुई, जिसमें जमशेदपुर से पधारे भाई गुरदीप सिंह ने अपनी कीर्तन सेवा से संगत को निहाल किया। भावपूर्ण श्रवण के दौरान पूरा गुरुद्वारा परिसर भक्ति रस में डूबा रहा। इस धार्मिक आयोजन में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी विशेष रही। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका और गुरु साहिब के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। इसी क्रम में कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह भी कार्यक्रम में पहुंचे और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गुरुद्वारा प्रबंधन के अनुसार, देर रात 10 बजे तक कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। कीर्तन उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रेम और भाईचारे के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

# राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'उरांव धर्म एवं प्रथाएं' के हिंदी अनुवाद का किया लोकार्पण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राजभवन में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रख्यात मानवशास्त्री शरत चन्द्र राय की महत्वपूर्ण कृति उरांव धर्म एवं प्रथाएं के हिंदी अनुवाद का लोकार्पण किया। इस पुस्तक का अनुवाद डॉ. राज रतन सहाय ने किया है। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह कृति भारत की जनजातीय परंपराओं, आस्था, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक जीवन का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने उल्लेख किया कि शरत चन्द्र राय ने उरांव समाज की मान्यताओं, जीवन-दृष्टि और परंपराओं को अत्यंत गहनता से प्रस्तुत किया है। राज्यपाल ने अनुवादक डॉ. राज रतन सहाय को बधाई देते हुए कहा कि अनुवाद संस्कृति के ज्ञान को



व्यापक समाज तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है और यह संस्करण मुख्यधारा के पाठकों को उरांव समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण सेतु बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि भारत की जनजातीय विरासत देश की प्राचीन सांस्कृतिक जड़ों का अभिन्न हिस्सा है। आधुनिक दौर में पारंपरिक ज्ञान और मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता बढ़ गई है, ऐसे में शोध-आधारित पुस्तकें अत्यंत मूल्यवान हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय संस्कृति और भाषाएं सिर्फ क्षेत्र विशेष तक सीमित न रहें, बल्कि व्यापक समाज तक पहुंचे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को ह्यजनजातीय गौरव दिवसह्ण के रूप में मनाने के निर्णय का उल्लेख किया और कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समाज का योगदान प्रेरणादायक रहा है। बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सिद्धो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव और वीर बुधु भगत जैसे वीरों के योगदान को उन्होंने याद किया। उरांव समाज के योगदान पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि टाना भगत आंदोलन सत्य, अहिंसा, आत्मसंयम और स्वदेशी विचारों पर आधारित एक सशक्त सामाजिक जागरण था, जिसने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक शोधकताओं, अकादमिक जगत और उन पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता को समझना चाहते हैं। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने भी अनुवादक डॉ. सहाय को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी पुस्तक के अनुवाद में भावों की शुद्धता और मौलिकता बरकरार रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक डॉ. रामेश्वर उरांव, विधायक सरयू राय, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, पूर्व विधायक डॉ. गंगोत्री कुजूर सहित अनेक शोधकर्ता और शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों से जुड़े लोग उपस्थित थे।

## होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाया तो सील होंगे खाते नगर निगम ने दो होटलों के खिलाफ की कार्रवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम की राजस्व शाखा ने होल्डिंग टैक्स नहीं भरने वाले दो प्रतिष्ठानों- होटल रेडियेंट और ए-वन गेस्ट हाउस के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। निगम द्वारा बताया गया कि 11 दिसंबर 2024 को झारखंड नगरपालिका संपत्तिकर निर्धारण एवं वसूली नियमों के तहत दोनों संस्थानों को नोटिस जारी किया गया था. इसके बाद 12 दिसंबर 2024 को दोनों धृतियों की मापी (मेजरमेंट) की गई और डिमांड की सुलभ प्रति भी अस्थायी धारकों को सौंप दी गई थी। इसके बावजूद दोनों द्वारा निगम कार्यालय में कोई भुगतान नहीं किया गया।

**कितना बकाया**

होटल रेडियेंट (होल्डिंग संख्याः 0140005190000ए1)
बकाया राशिः 4,82,770





ए-वन गेस्ट हाउस (होल्डिंग संख्याः 0140005189000ए1)
बकाया राशिः 2,04,096

होल्डिंग टैक्स नहीं चुकाने पर नगर निगम ने झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (ड़) के तहत दोनों धृतिधारकों के बैंक खाते और वित्तीय दस्तावेज फ्रीज करने के लिए लीड डेवलपमेंट मैनेजर को पत्र भेज दिया है। नगर निगम ने सभी नागरिकों से स्पष्ट अपील की है कि अपने होल्डिंग टैक्स का भुगतान समय पर करें, ताकि इस तरह की कड़ी कार्रवाई से बचा जा सके।

## रांची में क्रिकेट का जुनून, जेएससीए स्टेडियम में टिकट के लिए ठंड में देर रात से लगी लंबी कतारें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के जेएससीए स्टेडियम में आगामी 30 नवंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच होने वाले वनडे मैच के लिए क्रिकेट प्रेमियों का गजब उत्साह देखने को मिल रहा है। जेएससीए स्टेडियम में मंगलवार सुबह 9 बजे से टिकटों की बिक्री शुरू हुई। लेकिन क्रिकेट प्रेमियों का मैच के प्रति इतना जुनून है कि ठंड में लोग देर रात से ही टिकट काउंटर के बाहर कतार में लग गए। कई युवा और क्रिकेट प्रेमी सुबह की भीड़ से बचने के लिए रात में ही स्टेडियम परिसर पहुंच गए। कई फैंस ने तो रातभर वहीं इंतजार किया, ताकि सुबह सबसे पहले टिकट खरीदने वालों में उनका नाम



शामिल हो। सुबह होने से पहले ही जेएससीए स्टेडियम के बाहर लंबी लाइनें नजर आने लगीं। बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सख्त सुरक्षा इंतजाम किए हैं स्टेडियम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई है। पार्किंग और प्रवेश मार्गों पर भी पुलिस की कड़ी निगरानी रखी जा रही है। जेएससीए स्टेडियम में टिकट की बिक्री के लिए कुल 6 काउंटर बनाए गए हैं। इनमें से एक काउंटर सिर्फ महिलाओं के लिए है, ताकि वो बिना किसी परेशानी के आसानी से टिकट ले सकें। टिकट काउंटर सुबह नौ बजे से तीन बजे तक खुले रहेंगे। टिकट खरीदने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। साथ ही एक व्यक्ति को दो टिकट ही मिलेगा।

## झारखंड में सरकार बनाए नई फिल्म नीति नहीं तो कलाकार करेंगे आंदोलन : समिति



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड कलाकार आंदोलन संघर्ष समिति (झॉलीवुड) ने राज्य सरकार से नई फिल्म नीति बनाने की मांग की है। इस संबंध में समिति ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इसे लेकर राज्य सरकार की ओर से झारखंड के कलाकारों को लेकर वादा किया था, पांच माह बीतने के बावजूद सरकार की ओर से इसे लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया। समिति ने कहा कि सरकार यदि दिसंबर तक नई फिल्म नीति नहीं बनाती है तो आगामी विधानसभा सत्र के दौरान राज्य के कलाकार विधानसभा का घेराव किया जाएगा। इस संबंध में समिति की महासचिव रंजू मिंज बताया कि झारखंड फिल्म नीति-2015 के अन्तर्गत झॉलीवुड कलाकरों को दरकिनार किया गया, जबकि राज्य सरकार की तरफ से बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध कलाकार अनुपम खेर और महेश भट्ट जैसे बाहरी कलाकार और फिल्मकारों को करोड़ों रुपये का अनुदान दिया गया, जो गलत है। वहीं इस संबंध में समिति की रंजू मिंज ने कहा कि अब लास्ट लव, खोरठा भाषा की दो फिल्म और संथाली भाषा की तीन फिल्म सहित कई फिल्में बनकर तैयार हैं, जिसकी लागत लगभग पांच करोड़ रुपए से अधिक है। यदि सरकार की ओर से फिल्म के प्रोत्साहन के लिए आर्थिक सहयोग नहीं दिया गया तो झारखंड में नई फिल्में बनाने में कलाकारों को परेशानियों का सामना करना पडेगा। नीति बनाकर झारखंड की भाषा की फि ल्मों झारखंड के फिल्म निमार्ताओं पर आर्थिक बोझ बढेगा और उन्हें भारी नुकसान होगा। रंजू मिंज ने कहा कि तीन माह पूर्व झारखंड के कलाकार, फिल्मकार, तकनीशियनों और फिल्म निमार्ता झारखंड सरकार से नई फिल्म नीति की मांग को लेकर सड़क पर उतरकर आंदोलन किया था। इसके बाद कला संस्कृति विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने समिति के साथ दो बैठकें की।

## झारखंड में भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन बैठा है : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन चुका है। जनता दरबार के नाम पर पिकनिक मना रही है सरकार। उन्होंने छात्रों-युवाओं से आह्वान किया कि नया झारखंड बनाने के लिए संघर्ष की तैयारी करें। महतो आज लातेहार नगर भवन में आयोजित मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा झारखंड के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा। मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, जिलाध्यक्ष अमित पांडेय, ऋतुराज शाहदेव आदि ने भी मिलन समारोह को संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने की, धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक राज ने किया। महतो ने कहा कि वर्तमान हेमंत सरकार में झारखंड में भ्रष्टाचार और माफिया का बोलबाला हो गया है। छात्रों एवं युवाओं के भविष्य की सरकार को चिंता नहीं। युवाओं को जागना होगा और अपने भविष्य के लिए लड़ाई लड़नी होगी। इस मौके पर विभिन्न दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल हुए, जिसमें मुकेश यादव, नीरज यादव, श्रीकांत पासवान, पंकज प्रसाद, रितेश सिंह, उज्जवल गुप्ता, प्रभाष आनंद, प्रिंस ठाकुर, सोनू राणा, दिनेश यादव, प्रद्युम्न, मोनिका कुमारी, आंचल कुमारी, भारती, विनीता, चंचला, आरती आदि हैं।

## नगड़ी में शादी समारोह से युवक का अपहरण रांची पुलिस ने 24 घंटे में किया खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पिस्का नगड़ी :** रांची मुख्यालय तू डीएसपी अरविंद कुमार ने मंगलवार शाम नगड़ी थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपहरण के मामले का खुलासा करते हुए चार अपराधियों के गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी। इस संबंध में उन्होंने बताया कि सोमवार को वादी शिवशंकर प्रसाद उम्र करीब 65 वर्ष पिता स्व० रामचन्द्र प्रसाद ग्राम गुडहट्टी गली वार्ड न०-25 थाना नगर थाना आरा जिला भोजपुर (आरा) बिहार के द्वारा थाना पर आकर सूचना दिया गया कि दिनांक रविवार को रात्री में नगड़ी के नयासराय स्थित द पैलेस बंक्वेट हॉल में इनकी बेटी की शादी थी। इसी दौरान रात्रि करीब 2 बजे



इनके मोबाइल पर इनके बेटे सुमित सोनी के द्वारा फोन कर बताया गया कि चार अपराधकर्मियों के द्वारा उसे अगवा कर लिया गया है एवं 20 लाख रुपए फिरौती की माँग की जा रही है और नहीं देने पर जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी जा रही है। इस घटना के संबंध में सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक राँची के द्वारा पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण राँची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया, अविलम्ब कार्रवायी करते हुए अगवा किये गये सुमित सोनी को सकुशल बरामद करते हुए चारों अपराधकर्मियों को डोभी, गया से पकडकर राँची लाया गया। सभी अपराधी बिहार के हैं। गिरफ्तार अपराधी के नाम बिहार के भोजपुर जिला के आरा थाना के तरी मुहल्ला निवासी बिनोद कुमार का पुत्र नारायण कुमार (24), बिहार के भोजपुर जिला के आरा थाना के सेंडीगेट निवासी ओमप्रकाश विश्वकर्मा का पुत्र सोनू कुमार विश्वकर्मा (28), बिहार के वैशाली जिला के हाजीपुर थाना के स्वामी पट्टी निवासी विनोद कुमार के पुत्र सुमित कुमार (30), एवं बिहार के भोजपुर जिला के आर थाना के बालापुर निवासी संजय सिंह के पुत्र हर्ष कुमार (30) है। इस घटना के संबंध में पता चला कि चारों अपराधकर्मी पीड़ित को कर्ज के रूप में दिये राशि की वसूली हेतु षड्यंत्र के तहत आरा से एक सफेद रंग के वाहन से आये एवं द पैलेस बक्वेट हॉल, नयासराय में आयोजित सुमित सोनी के बहन के शादी समारोह में शामिल सुमित सोनी को मौका पाकर द पैलेस बक्वेट हॉल के पास से डरा धमका कर अगवा कर लिये एवं पीड़ित के पिता के उपर गहना, जमीन बेचकर कहीं से पैसे का इंतिजाम कर फिरोती के रूप में 20 लाख रुपए देने की मांग किये। अपराधियों के पास सेघटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग स्वीफ्ट डिजायर कार (रजि. नं. - बी आर 1 एफ ए 8738) और विभिन्न कंपनियों के चार मोबाइल सेट बरामद किए गए हैं।

## एक नजर

### राम लखन कॉलेज का 53वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया

**रांची :** राम लखन सिंह यादव कॉलेज में मंगलवार को 53वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ। विष्णु चरण महतो ने अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वागत करते हुए की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थी पढ़ाई के साथ परिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो। धर्मेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति को सराहा और कहा कि राम-लखन सिंह यादव कोलेज शिक्षा की मजबूत नींव रखी है। उन्होंने विद्यार्थियों को तीन एच- हेड, हैंड और हार्ट-के समन्वय से सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। कुलपति ने कौशल विकास को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों आशा किरण बारला, रामचंद्र सांगा और अमित ओहदार को भी प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि सीसीडीसी डॉ। प्रकाश झा ने कॉलेज की अनुशासनप्रिय और सांस्कृतिक पहचान की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत कर दिया। खासकर जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग की प्रस्तुति और पारंपरिक वेषभूषा प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। मंच संचालन डॉ. सुबोध कुमार दास और डॉ. पारुल खलखो ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ। जफर ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल थे।

### एएसपी के आवास से दो मोबाइल सेट चोरी जांच में जुटी पुलिस

**रांची :** डोरंडा थाना क्षेत्र के भगत कोचा स्थित रोड नंबर-2 में रहने वाले एएसपी (असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस) दीपक कुमार के सरकारी आवास से दो मोबाइल सेट की चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की यह वारदात 19 नवंबर की अहले सुबह लगभग 4:20 बजे हुई। घटना के समय एएसपी दीपक कुमार के आवास पर मौजूद सोमा उरांव ने इस पूरी घटना की जानकारी डोरंडा थाने को दी। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के अनुसार, चोरों ने सुबह के समय घर में घुसकर समादेष्टा दीपक कुमार के दो मोबाइल सेट पर हाथ साफ कर दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सोमा उरांव के बयान और शिकायत के आधार पर तुरंत अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### रांची नगर निगम का ऑपरेशन क्लीन शुरू, अवैध होर्डिंग्स पर कार्रवाई

**रांची :** रांची शहर को अवैध होर्डिंग्स से मुक्त कराने के लिए नगर निगम ने ताबड़तोड़ अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासक के निर्देश पर निगम की बाजार शाखा टीम लगातार शहर भर में अवैध विज्ञापन पट्ट और होर्डिंग्स हटाने में जुट गई है। नगर निगम की टीम ने तीन प्रमुख स्थानों पर कार्रवाई कर कुल 08 अवैध होर्डिंग्स हटाए। चर्च कॉम्प्लेक्स के पास, बहु बाजार चौक, भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल, खादगढ़ा टीम ने सभी अवैध होर्डिंग्स को मौके पर ही काटकर पूरी तरह हटा दिया। निगम ने साफ कहा है कि यह सिर्फ एक दिन की कार्रवाई नहीं है। अब हर दिन अभियान चलेगा, और शहर में लगे हर अवैध होर्डिंग को तुरंत हटाया जाएगा। निगम ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति विज्ञापन लगाने वालों पर नियमों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मांडर कॉलेज में सुविधाओं की कमी को लेकर एनएसयूआई ने दिया धरना





**रांची :** मांडर कॉलेज में शिक्षकों की भारी कमी, पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ मंगलवार को नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन किया नारेबाजी की गई। एनएसयूआई, रांची विश्वविद्यालय के महासचिव अबू राफे अंसारी सहित अन्य छात्र नेताओं ने कहा कि कॉलेज में उर्दू, नागपुरी, इंग्लिश, एंथ्रोपोलॉजी, संस्कृत सहित कॉमर्स विभाग में भी एक भी शिक्षक उपलब्ध नहीं है। इसके कारण सैकड़ों छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। मौके पर छात्रों ने बताया कि कॉलेज में पीने योग्य स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं है। शौचालयों की हालत भी अत्यंत खराब है, इससे छात्र-छात्राओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने यह भी बताया कि नए विद्यार्थियों को अब तक आइडेंटिटी कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके चलते छात्र लाइब्रेरी का उपयोग भी नहीं कर पा रहे हैं। धरने के दौरान एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय महासचिव अबू राफे ने कॉलेज प्रशासन को सात दिनों की समय-सीमा दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सात दिनों के भीतर सभी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एनएसयूआई अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेगी। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकारों, शिक्षा की गुणवत्ता और बुनियादी सुविधाओं को लेकर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। आंदोलन का नेतृत्व एनएसयूआई मांडर कॉलेज अध्यक्ष अमन शहजाद, एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय महासचिव अबू राफे तथा कॉलेज उपाध्यक्ष अबू सानीब ने किया। इस अवसर पर एनएसयूआई रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अधिवक्ता कैफ अली, अबू राफे अंसारी सहित कॉलेज के अन्य छात्र मौजूद थे।

### 180वां श्री सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 180 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया राम सिया राम सिया राम जय जय राम के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मण्डल के निर्वतमान महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया



मंत्री विष्णु चौधरी ने अखण्ड ज्योति एवं पूजन के सभी कार्य सम्पन्न करवाएं। बलराम मोदी ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। बलराम मोदी ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मण्डल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया उपाध्यक्ष अशोक लड़िया मंत्री विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया बलराम मोदी स्नेह पोद्दार रिषभ कुमार हर्ष कृष्णा अंकित कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।

### झारखंड में पहली बार डिजिटल मोड पर आवास मानचित्रण और शिशु पंजी सर्वेक्षण

**रांची :** झारखंड में पहली बार हैबिटेशन मैपिंग और शिशु पंजी सर्वे का कार्य पूरी तरह डिजिटल मोड पर किया जा रहा है। इसके लिए विभाग ने डहर ऐप और डहर पोर्टल विकसित किया है। प्रत्येक विद्यालय के लिए नवंबर माह के अंत तक हैबिटेशन मैपिंग का काम पूरा करना अनिवार्य है। झारखंड शिक्षा परिषद ने मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि हैबिटेशन मैपिंग का कार्य तेजी से और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और एक सप्ताह तक इसकी निरंतर निगरानी की जाएगी। निदेशक ने बताया कि हैबिटेशन मैपिंग पूरा होते ही दिसंबर से शिशु पंजी सर्वे की शुरूआत की जाएगी। दोनों कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाएगी। समय पर कार्य पूरा नहीं करने पर संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों और विद्यालय प्रधानों (हेड मास्टर) पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रभाग प्रभारी बिनीता तिर्की ने कहा कि एक पोषक क्षेत्र में दो स्कूलों को टैग नहीं किया जाएगा और किसी भी घर का सर्वे दोबारा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिशु पंजी सर्वे प्रत्येक शिक्षक का दायित्व है और अनुपालन नहीं करने वाले शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। उन्होंने सभी को डहर ऐप के 1.4 वर्जन को डाउनलोड करने का निर्देश दिया। तिर्की ने बताया कि स्कूल प्रधानाचार्य भी घर-घर सर्वे टीम के साथ टैग रहेंगे, ताकि कोई भी घर छूटे नहीं। राज्य में अब तक 3,614 विद्यालयों ने हैबिटेशन मैपिंग का काम पूरा कर लिया है। इसमें रांची जिला सबसे आगे है, जहां 52 प्रतिशत विद्यालयों ने लक्ष्य प्राप्त कर लिया है।

### झारखंड में पछुआ हवाओं ने बढाई कनकनी चार डिग्री गिरा न्यूनतम तापमान

**रांची :** राजधानी रांची सहित विभिन्न जिलों में पछुआ हवाओं ने कनकनी बढा दी है। उत्तर से उत्तर-पश्चिमी दिशा की ओर से चलनेवाली पछुआ हवाओं के चलते न्यूनतम में चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को मौसम विभाग ने दी। विभाग के अनुसार मंगलवार को राज्य के अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा और मध्यम दर्जे की हवा चली। इन हवाओं के कारण ही तापमान में गिरावट आई है। वहीं मंगलवार को चाईबासा में न्यूनतम तापमान जहां 14.6 डिग्री दर्ज की गई, जबकि सोमवार को यह 10.1 डिग्री था। इसी तरह डालटेनगंज में जहां मंगलवार को न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री था, जबकि सोमवार को यह 10.2 डिग्री था। वहीं जमशेदपुर में मंगलवार को 15.5 डिग्री के मुकाबले सोमवार को तापमान 13.5 डिग्री एवं रांची में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री की तुलना में गिरकर सोमवार को 11.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान में राज्य में सबसे अधिक तापमान 28.2 डिग्री गोडडा में, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 8.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची में मंगलवार को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री, जमशेदपुर में 27.6, डालटेनगंज में 27.2, बोकारो में 24.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा के खिलाफ दिवस पर 'सहयोगिनी' ने चलाया सघन जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा के खिलाफ दिवस के अवसर पर, बोकारो जिले में सक्रिय संस्था 'सहयोगिनी' ने आज सघन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था ने कसमार, जरीडीह और चंद्रपुरा प्रखंडों में नुक्कड़ नाटक और जन जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं और लड़कियों के विरुद्ध होने वाली हिंसा को समाप्त करने का संदेश दिया। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि, महिलाओं और लड़कियों के साथ विभिन्न प्रकार की हिंसा होती है, जिसे तत्काल समाप्त किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि संस्था बोकारो जिले में इस दिशा में सघन रूप से कार्य कर रही है। हम लड़कियों का समूह बनाकर उन्हें लगातार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण और कानूनी जानकारियाँ प्रदान करते हैं। हमारा मुख्य उद्देश्य लड़कियों की नेतृत्व क्षमता का विकास करना है ताकि वे अपने अधिकारों के लिए सशक्त बन सकें। सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने बताया कि नुक्कड़ नाटक और जन जागरूकता के माध्यम से महिलाओं पर होने वाली हिंसा के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता का कार्य किया गया। इसका उद्देश्य समाज में इस गंभीर मुद्दे पर खुलकर चर्चा शुरू करना और हिंसा को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ दहेज हिंसा, डायन प्रथा, घरेलू हिंसा, छेड़खानी ,बलात्कार, बाल विवाह, बाल तस्करी जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसके साथ-साथ ऑनलाइन के माध्यम से महिलाओं को ज्यादा प्रताड़ित किया जा रहा है, जिसको लेकर के लोगों के बीच जन जागरूकता की काफी आवश्यकता है संस्था इस पर लगातार कार्य कर रही है। ?इस जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की पायल कुमारी, स्वाति कुमारी, कुलदीप कुमार, मंजू देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।




## एक नजर

### दीपिका का चयन स्टेट फुटबॉल टीम में, लोगों ने दी बधाई



**कोडरमा :** जिला के चंदवारा प्रखंड स्थित ढाब निवासी फुटबॉलर दीपिका कुमारी का चयन अंडर-17 स्टेट फुटबॉल टीम के लिए हुआ है। इनके पिता विनोद कुमार यादव हैं । झारखंड फुटबॉल स्टेट की टीम सोमवार की रात को धनबाद से आंध्र प्रदेश के अनंतपुर को रवाना होगी। पिछले 17 नवंबर से कैंप में शामिल दीपिका कुमारी के खेल प्रदर्शन को देखते हुए उसे स्टेट टीम में शामिल किया गया। यह जानकारी जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव नवनीत ओझा बंटी ने दी। उन्होंने कहा कि यह कोडरमा जिले वासियों के लिए बहुत गर्व की बात है की अपनी फुटबॉलर बेटी झारखंड फुटबॉल टीम को रिप्रेजेंट करेगी।

### खाना बनाने के दौरान बगल में रख पुआल में लगी आग, बड़ी घटना टली



**जयनगर :** थाना क्षेत्र के हीरोडीह पंचायत के कोसमाडीह में मंगलवार को खाना बनाने के दौरान अर्जुन यादव के घर चिंगारी से पुआल में आग लग गई। घटना मंगलवार की बताई गई है। इसके बाद अफरा तफरी की माहौल हो गया जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई सूचना पाकर विभाग के विमान चंद्र मांझी, जामेश्वर राम और किशोर कुमार पासवान दलबल के साथ पहुंचे और आग पर काबू पाया। बताया गया कि बड़ी घटना टल गई। पूरा घर सुरक्षित और पुआल को भी बचा लिया गया।

### हथकड़ी और रस्सा में बंधा अपराधी पुलिस को चकमा देकर चलती ट्रेन रो कूदकर फरार

**बोकारो :** झारखंड में बोकारो जिले के एवं पूर्व मध्य रेलवे धनबाद डिवीजन के चंद्रपुर रेल थाना क्षेत्र तेलों स्टेशन में हाँथ में हथकड़ी और रस्सा लगा हुआ अपराधी सुरेश उर्फ एन्ड्रयू जेम्स पुलिस को धक्का देकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया । चन्द्रपुरा रेल थाना प्रभारी एस राम ने आज बताया कि सुरेश एन्ड्रयू जेम्स को सिमल भेली ,गांव कोलका पोस्ट रायपुर मैदान थाना बगाना जिला ऊना हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर जमशेदपुर न्यायालय में उपस्थित कराने के लिए 5 दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस ट्रेन से ले जा रहे थे कि चन्द्रपुरा रेल थाना क्षेत्र के तेलों स्टेशन में पेशाब करने के लिए जाने के क्रम में पुलिस बल को धक्का देकर चलती ट्रेन से हथकड़ी और हाँथ में रस्सा लगा हुआ कूदकर फरार हो गया।
राम ने बताया रेल में अभियुक्त को ले जा रहे परसुडीह थाना के पुलिस अवर निरक्षक अरविंद कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराया है । उन्होंने प्राथमिकी में कहा है कि सहायक अवर निरीक्षक रामलाल राम ने रस्सा सहित हथकड़ी लगा हुआ अभियुक्त को पेसाब करने ले गया था। धक्का देकर अभियुक्त ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। चन्द्रपुरा रेल पुलिस फरार अभियुक्त को फिर से पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।
फरार अपराधी परसुडीह थाना पश्चिम सिमभूम जमशेदपुर कांड संख्या 116/2025 धारा 316 (2), 318(2),137(2) इटर के प्राथमिकी अभियुक्त है।

## सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत डंडाडीह, नईटांड, बेको और पिपचो में लगा शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जयनगर :** प्रखंड में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत मंगलवार को डंडाडीह, नईटांड, बेको और पिपचो पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण बीडीओ गौतम कुमार, सीओ सारांश जैन, पशुपालन पदाधिकारी शोहेब खान एवं एई तारीक अनवर द्वारा किया गया। बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह का उद्देश्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है। सीओ सारांश जैन ने कहा कि सभी पंचायतों में शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हमारी प्राथमिकता है। 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाने में ऐसे शिविर अहम भूमिका निभाते हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे, जहाँ कई आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन, पात्र लाभुकों को पेंशन एवं अन्य योजनाओं का लाभ, मनरेगा से जुड़े कार्यों का निष्पादन तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच व निःशुल्क दवा वितरण किया गया। बाल विकास परियोजना द्वारा महिलाओं और किशोरियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी चलाया गया। मौके पर मुखिया सुनीता देवी, रुपाली कुमारी, किशोर साव, रामेश्वर यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, अशोक सिंह, सद्दाम अंसारी, इम्तियाज अंसारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



## गूंगी-बहरी दिव्यांग युवती से दुष्कर्म मामले में दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** डरा- धमका कर गूंगी- वहरी, दिव्यांग युवती से जबरन दुष्कर्म किए जाने के एक एक मामले की सुनवाई करते हुए, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने मंगलवार को फारुख अंसारी, पिता- स्वर्गीय निजामुद्दीन अंसारी, 24 वर्ष मरकच्चो निवासी को 376 (2)एन आईपीसी एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?25,000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2023 का है । इसे लेकर मरकच्चो थाना में यूपी के पिता ने मामला दर्ज कराया था। मरकचो थाना में थाना कांड संख्या 94/2023 दर्ज कराया था । अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक प्रवीण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया । कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता तारकेश्वर मेहता ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए 10 साल सश्रम कारावास की सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।




## मजदूरों की सुरक्षा की 100% जवाबदेही बिभागाध्यक्ष को मिले : बि के चौधरी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** जय झारखंड मजदूर समाज की ओर से बोकारो स्टील प्लांट मे मजदूरों का जान की सुरक्षा एवं अन्य मांगो को लेकर आज सी आर एम मे उपस्थित सेकडो इस्पातकमीर्यों और ठेकाकमीर्यों के बीच जनजागरण अभियान चलाया गया। अध्यक्षता बिभागीय नेता राजेन्द्र प्रसाद ने किया जबकि संचालन संयुक्त महामंत्री एन के सिंह ने किया ।बक्ताओं ने मजदूरों के प्रति प्रबंधन का संवेदनहीनता पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रबंधन सुरक्षा को लेकर खोखला बयानबाजी कर अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है। मजदूर प्लांट मे हर मामले को लेकर तनाव मे रहता है ।अपने संक्षिप्त संबोधन मे झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सह जय झारखंड मजदूर समाज के महामंत्री बि के चौधरी ने कहा कि आये दिन असुरक्षित काम करने के कारण मजदूर दुर्धटना मे मर रहा है या अपंग हो रहा है लेकिन सेफ्टी बिभाग ठोस कारण जानते हुए भी कारण का निराकरण करने के जगह कभी मानव श्रृंखला बना रही है के साथ साथ प्लांट मे या प्लांट गेट पर ध्वनि बिस्तारक यंत्र से मजदूरों सुरक्षित रहने का संदेश सुना कर अपने दायित्वों का खोखला प्रदर्शन कर पल्ला झार रहा है । प्रबंधन यह क्यों नही समझ रही है कि उसके हीं कारण मजदूर रात दिन तनाव मे रहते हुए काम कर रहा है ।सेफ्टी बिभाग को कार्यालय मे बैठने के जगह क्या हर बिभाग मे प्रतिदिन निरक्षण कर यह जानने और देखने काम कर रही है कि मजदूर को उच्च गुणबत्ता का सेफ्टी उपकरण मिल रहा है कि नही ,कार्यस्थल सुरक्षित है या नही इसलिए सेफ्टी बिभाग को इसकी जबबादेही से मुक्त कर सुरक्षा का पूर्ण जबाबदेही हर बिभाग के बिभागाध्यक्ष को दिया जाना चाहिए। दुसरी तरफ सेल मे मुनाफा का छलांग लगबाने बाले इस्पातकमीर्यों को 39 महिने का एरियर , युनियन चूनाव, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम मे सुधार, एस वन से कार भत्ता,यू एस डब्लू को मोटरसाइकिल गेटपास, बेतन मे से पैसा लोटाने पर 100% रोक, इन्सेंटिव रिवार्ड, साईकिल सहित सभी प्रकार का भत्ता,समयबद्ध प्रमोशन इत्यादि देने का यथाशीघ्र निर्णय ले।

## बोकारो इस्पात प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ भूखंडधारियों व व्यापारियों का महाधरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात प्रबंधन की कथित मनमानी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को भूखंडधारियों और व्यापारियों ने नगर सेवा विभाग के समक्ष जोरदार महाधरना दिया। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में सैकड़ों होटल, रेस्टोरेंट, मेडिकल शॉप, नर्सिंग होम, डेंटल क्लिनिक सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बीएसएल प्रबंधन लीज नवीकरण के नाम पर मनमाने ढंग से अत्यधिक शुल्क वसूलने पर आमादा है। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बताया कि सिटी सेंटर में अलग-अलग आकार के प्लॉटों का लीज शुल्क पहले बेहद सीमित था। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 501 वर्गमीटर के प्लॉट का वन-टाइम लीज कॉस्ट पहले लगभग 33 हजार रुपये होता था, जिसकी अवधि 33 साल रहती थी। लेकिन अब उसी प्लॉट के नवीकरण के लिए प्रबंधन द्वारा करीब 35 लाख रुपये की मांग की जा रही है, जो पूर्व शुल्क से सैकड़ों गुना अधिक है। उन्होंने इसे पूरी तरह अव्यावहारिक और शोषणकारी बताया। इसी तरह सालाना लीज रेंट और सर्विस चार्ज, जो पहले कुल 848 रुपये लिया जाता था (600 रुपये सर्विस चार्ज तथा 248 रुपये लीज रेंट), उसे बढ़ाकर अब करीब 3,93,558 रुपये सालाना कर दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि इतनी भारी-भरकम वृद्धि किसी भी तरह उचित नहीं है और यह छोटे व मध्यम व्यवसायों के लिए अस्तित्व का संकट बन चुकी है। कई व्यापारियों ने आरोप लगाया कि दुकानें जारी रखने पर लीज रद्द करने और जबरन वसूली जैसी धमकियाँ भी दी जा रही हैं।

# बोकारो इस्पात प्रबंधन की नीतियों के खिलाफ भूखंडधारियों व व्यापारियों का महाधरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो इस्पात प्रबंधन की कथित मनमानी नीतियों के खिलाफ मंगलवार को भूखंडधारियों और व्यापारियों ने नगर सेवा विभाग के समक्ष जोरदार महाधरना दिया। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन में सैकड़ों होटल, रेस्टोरेंट, मेडिकल शॉप, नर्सिंग होम, डेंटल क्लिनिक सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों के संचालक बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि बीएसएल प्रबंधन लीज नवीकरण के नाम पर मनमाने ढंग से अत्यधिक शुल्क वसूलने पर आमादा है। चैंबर के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने बताया कि सिटी सेंटर में अलग-अलग आकार के प्लॉटों का लीज शुल्क पहले बेहद सीमित था। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 501 वर्गमीटर के प्लॉट का वन-टाइम लीज कॉस्ट पहले लगभग 33 हजार रुपये होता था, जिसकी अवधि 33 साल रहती थी। लेकिन अब उसी प्लॉट के नवीकरण के लिए प्रबंधन द्वारा करीब 35 लाख रुपये की मांग की जा रही है, जो पूर्व शुल्क से सैकड़ों गुना अधिक है। उन्होंने इसे पूरी तरह अव्यावहारिक और शोषणकारी बताया। इसी तरह सालाना लीज रेंट और सर्विस चार्ज, जो पहले कुल 848 रुपये लिया जाता था (600 रुपये सर्विस चार्ज तथा 248 रुपये लीज रेंट), उसे बढ़ाकर अब करीब 3,93,558 रुपये सालाना कर दिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि इतनी भारी-भरकम वृद्धि किसी भी तरह उचित नहीं है और यह छोटे व मध्यम व्यवसायों के लिए अस्तित्व का संकट बन चुकी है। कई व्यापारियों ने आरोप लगाया कि दुकानें जारी रखने पर लीज रद्द करने और जबरन वसूली जैसी धमकियाँ भी दी जा रही हैं। व्यापारियों ने नई प्रतिबंधित ट्रेड पॉलिसी को भी अव्यावहारिक और व्यवसाय-विरोधी करार दिया। उनका कहना है कि नीति लागू होने से कई प्रतिष्ठान बंद होने की कगार पर पहुँच गए हैं। चैंबर ने यह भी स्पष्ट किया कि पहले से ही लीज रेंट, सर्विस चार्ज और अन्य मदों में राशि ली जाती है, ऐसे में अलग से पार्किंग शुल्क थोपना अनुचित है। पार्किंग व्यवस्था विकसित करना प्रबंधन की जिम्मेदारी है, न कि व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ डालना।




## संक्षिप्त खबरें

### आंगनवाड़ी सेविकाओं की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न, पोषण ट्रैकर के प्रभावी उपयोग पर जोर



**जयनगर :** परियोजना अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य फोकस पोषण ट्रैकर के प्रभावी उपयोग और हैंड होल्डिंग सपोर्ट पर रहा बैठक में बीडीओ गौतम कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग के पोषण अभियान समन्वयक पप्पू कुमार यादव, महिला पर्यवेक्षक अनिता कुमारी, सांख्यिकी सहायक संतोष कुमार और आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार उपस्थित थे ।समन्वयक पप्पू कुमार यादव ने पोषण ट्रैकर के नवीनतम अपडेट, फीचर्स और रिपोर्टिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पिछले माह और वर्तमान माह के आंकड़ों का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए उन बिंदुओं की पहचान की, जहाँ कार्य में और सुधार की आवश्यकता है। इस दौरान बीडीओ गौतम कुमार ने सेविकाओं को निर्देश दिया कि पोषण ट्रैकर में दर्ज किया जाने वाला प्रत्येक डेटा सटीक, पारदर्शी और समय पर अपलोड होना चाहिए। बैठक में सेविकाओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए जमीनी स्तर पर आने वाली चुनौतियों और सुधार के सुझाव भी रखे।

### पिरामल फाउंडेशन द्वारा शिक्षक कार्यशाला संपन्न




**जयनगर :** पिरामल फाउंडेशन द्वारा प्रखंड के 25 चयनित विद्यालयों के शिक्षकों के लिए मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया ।कार्यशाला में आकलन रिपोर्ट साझा की गई और गतिविधि-आधारित शिक्षण, विद्यार्थियों की सहभागिता तथा बाल-मैत्रीपूर्ण कक्षा विकसित करने पर विशेष चर्चा की गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राधा सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तभी सुनिश्चित होगी जब शिक्षक और बच्चे उत्साहपूर्वक विद्यालय आएंगे। उन्होंने शिक्षकों से आकलन के अंक गोपनीय न रखने तथा सभी के साथ साझा कर सुधार की रणनीति तैयार करने की अपील की। आकांक्षी प्रखंड फेलो अशोक कुमार ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि कक्षा में भय का वातावरण बिल्कुल नहीं होना चाहिए। बच्चे सुरक्षित महसूस करते हैं तभी सीखने की प्रक्रिया मजबूत होती है। उन्होंने बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास पर भी जोर दिया। कार्यशाला का संचालन पिरामल फाउंडेशन कोडरमा के हेड प्रवीण कुमार तथा टीम सदस्यों प्रिंस राज, निम्मी गुंजन, अजहरुद्दीन और अंजलि ने संयुक्त रूप से किया। अंत में शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की गई तथा बेहतर शैक्षणिक परिणाम हासिल करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

### देवीपुर मूर्कमनाय एवं नावडीह1 पंचायत मे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**मरकच्चो :** प्रखंड क्षेत्र के देवीपुर, मूर्कमनाय एवं नावडीह1 पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो और अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राशन कार्ड, पेंशन योजना, बाल विकास परियोजना, पशुपालन विभाग, राजस्व, स्वास्थ्य, समेत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए। तीनों पंचायत में विशेष कर महिलाओं व युवतियों की भीड़ सबसे अधिक देखने को मिली। मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के लिए सबसे ज्यादा लोग आवेदन कर रहे थे। शिविर में स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आधार संशोधन,जन्म प्रमाण पत्र ,मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र,नया राशनकार्ड, दाखिल खारिज वादों का निष्पादन, भूमि की मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र समेत विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित आवेदन लिए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि यदि तय समय में सेव नहीं मिल पाती है तो आवेदक उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा देवीपुर पंचायत के मुखिया बेदू साहू नावाडीह 1 पंचायत की मुखिया वैजयंती देवी समाजसेवी बसंत साव मुरकमनाय पंचायत की मुखिया उषा देवी विजय यादव ,अरविंद यादव,ए ई चितरंजन कुमार जे ई कर्ण मेहरा,निखिल महतो, राजेश कुमर, दीपक कुमार समेत प्रखण्ड एवं अंचलकर्मी उपस्थित रहे।

### बोकारो में कोडीन युक्त कफ सिरप का बड़ा खुलासा, आर्यन सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज



**बोकारो :** जिला औषधि निरीक्षण दल ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोडीन युक्त दवा न्यू फेंसेडिल कफ सिरप के अवैध व्यापार का भंडाफोड़ किया है। जांच में 32,000 बोतलों की अवैध खरीदफ्रोख्त तथा उपयोग के साक्ष्य मिलने पर मैसर्स न्यू सन फार्मा, के.एस. कॉलोनी, चास के स्वातत्व अधिकारी आर्यन सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है ।औषधि निरीक्षक श्रीमती पुतली बिलुंग ने जानकारी दी कि 21 नवंबर 2025 को संयुक्त टीम द्वारा आर्यन सिंह के आवास सी/ओ संजय कुमार सिंह, जोशी कॉलोनी, लकड़ा खंडा, अंतर्गत बीएस सिटी थाना क्षेत्र में छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान पांच बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप तथा 33 ढक्कन विंग्स कंपनी के बरामद किए गए, जो कोडीन आधारित औषधियों की प्रसिद्ध निमार्ता कंपनी बताई जाती है निरिक्षण में चार बोतलों पर लेबल अधूरे अथवा गलत पाए गए, जिसे औषधि नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन माना गया। पूरे प्रकरण को एनडीपीएस एक्ट, एससी/एसटी प्रावधानों एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई है।

## एक नजर

### सेक्टर 12 में सेंगेल सेनाओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आदिवासी एकता पर जोर

**बोकारो** : आदिवासी सेंगेल अभियान के तत्वावधान में मंगलवार को बोकारो के सेक्टर 12 ए स्थित एक स्थल पर सेंगेल सेनाओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बोकारो जिला अध्यक्ष सह जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने की, जबकि संचालन झारखंड प्रदेश संयोजक जयराम सोरेन ने किया।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सेंगेल के दिशोम परगना सोनाराम सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में बंगाल से केन्द्रीय संयोजक व हूगली जोनल हेड लखीनारायण किस्कू उपस्थित थे।सोनाराम सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासी समाज अपनी समस्याओं से परिचित तो है, लेकिन समाधान के रास्ते अब तक साफ नहीं हुए हैं। उनके अनुसार, वृहद आदिवासी एकता और जागरूकता ही समाज के पुनर्निर्माण का आधार बन सकती है। उन्होंने भूमि, भाषा, धर्म, रोजगार, पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों को आदिवासी एजेंडे के मुख्य तत्व बताते हुए कहा कि झारखंड बनने के बाद भी कोई राजनीतिक दल या संगठन इन मुद्दों की रक्षा में सार्थक कदम नहीं उठा सका है। उन्होंने आगे कहा कि आदिवासी समाज को भीतरी सुधार पर जोर देना होगा—नशामुक्ति, जनतांत्रिक स्वशासन व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और शिक्षित वर्ग की सक्रिय भूमिका के बिना व्यापक एकता संभव नहीं। सोनाराम सोरेन ने परंपरागत माझी-परगना व्यवस्था को जनतांत्रिक बनाने की वकालत की और कहा कि वर्तमान स्वरूप गांवों में गुंडागर्दी और असमानता को बढ़ा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से ऐसी गैर-कानूनी सामाजिक कार्रवाइयों पर रोक लगाने की मांग भी की।

# निदेशक ने किया एमएमसीएच में सिटी स्कैन और एक्सरे सेंटर का उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : झारखंड के निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने मंगलवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सिटी स्कैन और एक्सरे सेंटर का उदघाटन किया। निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं ने करीब एक घंटे तक एमएमसीएच का जायजा लिया और तमाम मामलों से अवगत हुए। उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं देने पर अस्पताल के मैनेजर सुमित श्रीवास्तव को फटकार लगायी। उन्होंने भवन निर्माण, ब्लड बैंक, मरीजों के वार्ड, ड्रेसिंग रूम, डॉक्टर कक्ष, फिमेल वार्ड, दवाखाना, रसोई सहित अन्य मामलों से अवगत होते हुए कई सुधार करने और नई व्यवस्था के तहत संचालित करने का निर्देश दिया। निदेशक ने 24 घंटों में सिटी स्कैन सेवा देने, सरकार के स्तर से मिलने वाले पैसे का पूरी तरह सदुपयोग करने और जो भी कार्य हो रहे हैं, उसमें तेजी लाने का निर्देश जिले के सिविल सर्जन और एमएमसीएच के डाक्टरों को दिया।

**डॉक्टरों से ज्यादा जान बचाने की कोशिश करने को कहा**

उन्होंने कहा कि वर्तमान में अस्पताल में समय में सिटी स्कैन सेवा बहुत जरूरी है। यहां लगातार घटनाएं हो रही हैं और सिटी स्कैन सहित अन्य सुविधाओं के अभाव में यहां से मरीज रांची रिम्स रेफर कर दिए जाते हैं। उन्?होंने अधिकारियों से इस परंपरा को बदलने और ज्यादा से ज्यादा जान बचाने की कोशिश करने को कहा। मौके पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि एक दो साल के भीतर एमएमसीएच स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस हो जाएगा। व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए बेहतर तरीके से मैनेज करने की जरूरत है। सरकार इसके लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि यहां अच्छे डाक्टर हैं। लेकिन संसाधनों की कमी है, जिसे दूर किया जा रहा है। मौके पर उन्होंने सिविल सर्जन को पांच मैनेजर रखने की सलाह दी। यह भी कहा कि फिमेल गार्ड भी रखने की जरूरत है। साथ ही मॉडयूलर ओटी बनाई जाएगी। उन्होंने कॉर्डियोलॉजिस्ट को इको करने की भी सलाह दी। मौके पर जिले के सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ सुशील पांडे सहित कई डाक्टर और कर्मी मौजूद थे।

## महिला उद्यमिता से ही गांव का विकास संभव : प्रिया बागची

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**अनगड़ा** : महिला उद्यमिता से गांव में विकास संभव हो सकेगा। महिलाओं की आर्थिक क्षमता बढ़ाने के लिए रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने का प्रयास करना होगा। गांव की महिलाओं के पास काम होगा, तो उनकी शक्ति बढ़ेगी। उक्त बातें उषा मार्टिन फॉउंडेशन की प्रबंधक प्रिया बागची ने कहीं। वह आज जूट बैग और हेंडीक्रॉफ्ट के प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीणों के बीच विचार व्यक्त कर रही थी। शुरूआत अवसर पर बोल रही थी। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से आज 24 प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जिसमें दस बांस उत्पाद और 14 जूट उत्पाद के प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे। उषा मार्टिन फॉउंडेशन और युवा जागृति संघ के संयुक्त तत्वावधान में कारखाना के इर्द गिर्द के इच्छुक महिलाओं को जूट बैग और बांस के उत्पाद निर्माण के लिए प्रशिक्षित दिया गया है। युवा जागृति संघ के सुनील कुमार और विकास कुमार ने बताया कि पिछले चार माह से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का यह प्रयास किया गया है। इन महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ बाजार से जोड़ा गया है। इनका आर्टिजन कार्ड भी बनाया गया है। महिलाओं का एक समूह बनाया गया है, जो लगातार बाजार से संपर्क में रहेगी। लाइवलीहुड की कोऑडिनेटर संगीत कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान होम डेकोर, क्राफ्ट प्रोजेक्ट, शॉपिंग बैग बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा इस बैग पर नक्काशी एवं पेंटिंग की भी कला सिखायी गयी। इस प्रशिक्षण में हरातु, महिलौंग, टाटी, लुपुंग, बेडवारी और हेसल के ग्रामीण शामिल थे।

## एक्सएलआरआई ने शुरू किए नौ नए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता पाठ्यक्रम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : एक्सएलआरआई-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने प्रमुख पीजीडीएम कार्यक्रम के तहत नौ नए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञता पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है। ये पाठ्यक्रम अमेरिका और फ्रांस की चार प्रमुख विश्वविद्यालयों के सहयोग से तैयार किए गए हैं। इस पहल के माध्यम से छात्रों को एक्सएलआरआई की उपाधि के साथ-साथ साझेदार संस्थानों से एक अतिरिक्त अंतरराष्ट्रीय उपाधि भी प्राप्त होगी। इससे छात्रों के लिए वैश्विक स्तर पर करियर के नए अवसर खुलेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एक्सएलआरआई के निदेशक फादर एस. जॉर्ज एसजे ने कहा कि ये नए पहल भारतीय युवाओं को विश्वस्तरीय शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय अनुभव दोनों प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि नए पाठ्यक्रम जॉर्ज वॉशिंगटन बिजनेस स्कूल, सिरैक्यूज विश्वविद्यालय के व्हिटमैन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, रटगर्स बिजनेस स्कूल (अमेरिका) और आइएइ पेरिसझसोरबॉन बिजनेस स्कूल (फ्रांस) के सहयोग से संचालित होंगे। इन पाठ्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार, खेल प्रबंधन, व्यवसाय विश्लेषिकी, परियोजना प्रबंधन, विपणन, हेल्थकेयर एनालिटिक्स और हेल्थकेयर मैनेजमेंट जैसे विषय शामिल हैं। प्रत्येक विषय के लिए 400 घंटे से अधिक की विशेष अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जो छात्रों को गहन और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रामीणों के बीच सीधा लाभ देने गांव पहुंच रही सरकार



**पटमदा** : बोड़ाम प्रखंड के बोड़ाम और पोखरिया पंचायत में सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत शिविर लगाकर लाभुकों के बीच जे एस एल पी एस से मधु मक्खी पालन कीट,आपूर्ति से धोती साड़ी,मनरेगा जॉब कार्ड,सावित्री बाई फुले,कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर वितरण सहित कई योजनाओं से जुड़े लाभ जनता के बीच दिया गया। शिविर में बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन,प्रमुख ललिता सिंह,झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपांकर महतो,मुखिया रूपा सिंह,उप मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य वही पोखरिया पंचायत में भी लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया गया।ग्रामीणों द्वारा पूर्व अध्यक्ष मिहिर महतो के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपकर बीडीओ से आदिवासी हाई स्कूल में वर्ग आठ तक के कक्षा में शिक्षक पर्याप्त रूप में उपलब्ध करवाने की मांग की।इस दौरान ग्राम प्रधान राधेश्याम सिंह,आशुतोष महतो,यादव महतो आदि शामिल हुए। वही पटमदा प्रखंड के महुलबना और लक्ष्मीपुर में बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग,विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, सीओ डॉक्टर राजेंद्र दास सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।वही ठंड में स्वेटर मिलने से सभी आंगनबाड़ी के बच्चे खुश दिखे। बीडीओ किकू महतो ने बच्चे को गोद में उठाकर पुचकारा। बोड़ाम पंचायत के राजमागोड़ा निवासी राजकुमार गोप ने भी आवेदन सौंपकर जल्द से जल्द अपने नाम स्वीकृत आबुआ आवास की मांग बीडीओ से की है।

### हिंडालको सीएसआर द्वारा भक्तिवेदांत गुरुकुल कुटाम में 'किचन अन्नपूर्णा गृह' का शिलान्यास



**मुरी** : हिंडालको इंडस्ट्रीज,मुरी के सीएसआर विभाग द्वारा मंगलवार के दिन भक्तिवेदांत गुरुकुल कुटाम परिसर में किचन ह्यअन्नपूर्णा गृहह्न का विधिवत शिलान्यास किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में यूनिट हेड संदीप पाटिल ने सर्वप्रथम गौ-सेवा के तहत गाय को भोजन खिलाया। इसके बाद विधिवत पूजा-अर्चना की गई और शिलान्यास कार्य संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में हिंडालको के बिजनेस हेड सीएसआर श्री अभिजीत एवं प्लांट हेड संदीप पाटिल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर निर्माण कार्य की शुरूआत की। किचन शेड के निर्माण से गुरुकुल के छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिला। गुरुकुल के संस्थापक दास गदाधर दास प्रभु ने कहा कि वे हिंडालको सीएसआर टीम के आभारी हैं,जो समय-समय पर गुरुकुल को निरंतर सहयोग प्रदान करती रहती है।कार्यक्रम में हिंडालको प्लांट के इंजीनियरिंग हेड के सीराजू गौरीशंकर,कुमार अभिषेक, राजेश सिंह,सुरेंद्र राम, जयप्रकाश,अनिमेष,अनुज, प्रदीप प्रभात,अनिल,सौमेंदु, रणदीप,कोल क्लस्टर सीएसआर के अनुनय कुमार सहित गुरुकुल के आसपास के सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्कूल प्राचार्य स्कूल के मुख्य द्वार पर तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दीवार लेखन अवश्य करे : सिविल सर्जन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मंगलवार को सिविल सर्जन बोकारो व जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो के संयुक्त निर्देशन में सभी बी0ई0ई0ओ0, बी0पी0ओ0 एवं बी0आर0पी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया तत्पशचात स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार ने जो किशोरों व युवाओं को तम्बाकू के लत से बचाने व शैक्षणिक संस्थान को तम्बाकू मुक्त बनाए जाने के उद्देश्य से वित जारी किया है उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आए सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में बोकारो जिला के सभी विद्यालय को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है, जिस हेतु सभी प्रखण्ड के बीईईओ , बीपीओ एवं बी आर पी को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सभी प्राचार्य अपने स्कूल के मुख्य द्वार के पास तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के दीवार पर लेखन अवश्य कराए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी एनटीसीपी, छोटेलाल दास एवं सभी प्रखण्ड के बीईईओ, बीपीओ एवं बी0आर0पी उपस्थित थें।

## किरायेदार ने प्लास्टिक की बंदूक दिखाकर मकान मालकिन से लूटे लाखों के जेवर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : सदर थाना क्षेत्र के रेडमा छेछानी में फायर ब्रिगेड कर्मी अनिल तिवारी की पत्नी पूनम तिवारी से हुई लूट की घटना को उसके किराएदार ने अंजाम दिया था। मामले में पुलिस ने घटना के छह दिनों के भीतर मंगलवार को साजिशकर्ता सहित चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जबकि इनमें शामिल एक नाबालिग को पुलिस ने निरूद्ध किया है। लुटेरों के पास से लूटी गई ज्वेलरी, घटना में इस्तेमाल बाइक, 5 मोबाइल फोन और एक फाइबर का पिस्टल बरामद किया गया है। गिरफ्तार लुटेरों में चैनपुर बंदूआ के राजकुमार उर्फ राजू चंद्रवंशी, सचिन कुमार, विशाल कुमार, रोशन कुमार सिंह उर्फ करण का नाम शामिल है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने मंगलवार को बताया कि अपराधियों ने घटना को 18 नवंबर को घटना हुई थी। उन?होंने बताया कि पूनम तिवारी के घर में किराए पर रहने वाले ऑटो चालक विशाल कुमार ने महिला की गतिविधि की जानकारी रखकर अपने गांव के कुख्यात अपराधी राजकुमार उर्फ राजू चंद्रवंशी के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। उन्होंने कहा कि 18 नवंबर की दोपहर तीन बजे लूटेरे पूनम तिवारी के घर अचानक पहुंचे और महिला के बच्चे को फाइबर की पिस्टल सटाकर सोने का दो मंगलसूत्र, सोने की एक अंगूठी, सोने की दो चैन, सोने का एक लॉकेट और मोबाइल फोन लूट लिया था। अपराधियों के पास से मोबाइल फोन नहीं मिल पाया है।

### सड़क दुर्घटना में बाईक सवार युवक की मौत

**साहिबगंज** : गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर-किशन प्रसाद के बीच मंगलवार को सड़क हादसा में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर दियारा निवासी अरुण सिंह(36) अपने ससुराल बाबूपुर शादी समारोह में गया था।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
**Office of the General Manager, Transmission Zone-V, Hazaribag,**
**Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road**
**Near Mont Fort School, Hazaribag, Pin – 825301, JH**
**eMail ID:-** gmtzone5hzb@gmail.com

**TENDER NOTICE**

**NIT No. 545/PR/JUSNL/2025-26.**

Sealed tender in two parts Technical part- I and Price Part – II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No | Description of Work | Earnest Money Deposit (Rs.) | Cost of Tender Document (Non Refundable) (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Procurement of electrical equipment maintenance material for communication panel equipment maintenance work at 400/220KV Grid Sub-station Patratu under Transmission Circle, Hazaribag. | Rs.23,100.00/- | Rs.2500+18%GST = Rs.2950/- |

1) Start Date and Time for sale of Tender Documents - 28/11/2025 from 12:00PM
2) Last Date and Time for sale of Tender Documents - 20/12/2025 upto 1:00PM
3) Last Date and Time for receipt of Tender Document - 20/12/2025 upto 2:00PM
4) BID Opening date for Technical part - I - 22/12/2025 at 3:00PM
5) BID Opening date for Price Part – II - Will be communicated Later on

Tender document with detailed terms and condition may be obtained from office of the General Manager, Transmission Zone -V, Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag – 825301.
For any clarification please contact Phone No.: 06546-270375.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
**Transmission Zone**-V, Hazaribag

PR 367018 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D


# भुईयांडीह कल्याण नगर में पानी कनेक्शन काटने पहुंची यूआईएसएल टीम का विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जमशेदपुर** : जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के भुईयांडीह स्थित कल्याण नगर बस्ती में मंगलवार को पानी कनेक्शन को लेकर विवाद की स्थिति पैदा हो गई। सड़क, बिजली समेत सभी नागरिक सुविधाओं से युक्त इस बस्ती में कई परिवारों के पास टाटा स्टील यूआईएसएल का वैध कनेक्शन है, जबकि कई लोगों के आवेदन अभी लंबित हैं। इसी बीच, यूआईएसएल वाटर डिपार्टमेंट की टीम सरकारी अधिकारियों के साथ पहुंची और पानी की लाइन काटने की प्रक्रिया शुरू करने लगी, जिसके विरोध में स्थानीय लोग उग्र हो गए। इधर, इस मामले की सूचना मिलते ही जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने तत्काल हस्तक्षेप किया। उन्होंने पहले यूआईएसएल वाटर डिपार्टमेंट के हेड संजीव झा से फोन पर बात की, उसके बाद एसडीओ से भी विस्तार से चर्चा की। मामले के समाधान हेतु उन्होंने अपने प्रतिनिधि गुंजन यादव को तत्काल स्थल पर भेजा। मौके पर पहुंचे विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, टाटा स्टील यूआईएसएल के अधिकारी, प्रशासन की ओर से नियुक्त मजिस्ट्रेट और स्थानीय युवाओं की उपस्थिति में शांतिपूर्ण वार्ता के बाद स्थिति को शांत कराया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव ने बताया कि विधायक पूर्णिमा साहू की सक्रियता के परिणामस्वरूप निर्णय लिया गया है कि 25 दिसंबर तक किसी भी प्रकार के पानी कनेक्शन को नहीं काटा जाएगा। साथ ही, टीएस यूआईएसएल प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि जिन लोगों ने कनेक्शन हेतु आवेदन जमा कर दिया है, उन्हें फोन के माध्यम से सूचित कर दस्तावेजों के सरलीकरण के बाद वैध कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, जिन परिवारों ने अभी तक आवेदन नहीं दिया है, उनके लिए कल्याण नगर में एक सप्ताह का विशेष कैंप लगाया जाएगा। इसकी सूचना गुरुवार से माइकिंग के माध्यम से एवं भाजपा कार्यकताओं के सहयोग से क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया जाएगा, जिससे सभी लोग निर्धारित तिथियों में कैंप तक पहुंच सकें। गुंजन यादव ने बताया कि बस्तीवासियों के पास आधार, राशन कार्ड, वोटर आईडी, बिजली बिल जैसे अन्य आवश्यक दस्तावेज पहले से मौजूद हैं। केवल SAP नंबर न होने की समस्या को देखते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने निर्देश दिया है कि रअढ नंबर के लिए भी जुस्को व जमशेदपुर अक्षेस की ओर से अलग काउंटर लगाया जाए ताकि गरीब और साधनहीन लोगों को अतिरिक्त भागदौड़ व खर्च न उठाना पड़े।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**
**Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com**

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं०–40/2025–26**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 02.12.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 03.12..2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 03.12.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day to day repair maintenance of 1000LPH RO plant & (2000LPH) existing Iron & Turbidity removal filter plant with Alum pot Oxidization chamber filer with Multiple valve replacement of filter Media, necessary water supply pipeline and fittings its allied work at Residence of IAS Bangala No-03, Dindayal Nagar Ranchi under under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. for the year 20256-26 | 490541.00 | 10000.00 | 750.00 | 4 Months |
| 2. | Day to day repair maintenance of 2000LPH RO plant filter system & (2000LPH) existing Iron & Turbidity removal filter plant with Alum pot Oxidization chamber filter with Multiple valve replacement of filter Media, necessary water supply pipeline and pipe fittings its allied work at Residence of Chief Justice under under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi . for the year 20256-26 | 557934.00 | 12000.00 | 1250.00 | 4 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR.NO.367046 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## डॉ. अम्बेडकर का स्वप्न और आज का भारत

भारत आज संविधान दिवस मना रहा है, वह दिन जब 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने स्वतंत्र भारत का संविधान स्वीकार किया था। उस समय यह केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह आजाद भारत की आत्मा का जन्म था, जो डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में तैयार हुआ था। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सपना एक ऐसे भारत का था जहाँ कोई भी व्यक्ति उसके जन्म, जाति, धर्म या लिंग के कारण अपमानित न हो, जहाँ सबको समान अवसर और सम्मान मिले। संविधान की प्रस्तावना में लिखे शब्द - "न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता" केवल वाक्य नहीं, बल्कि उस भारत के निर्माण की दिशा थे जो डॉ. अम्बेडकर ने देखा था। लेकिन आज, जब संविधान को बने 76 वर्ष हो चुके हैं, हमें खुद से यह सवाल पूछना होगा कि क्या हमने उस सपने को पूरा किया है या कहीं रास्ते में उसे खो दिया है। बाबा साहेब मानते थे कि बिना सामाजिक और आर्थिक समता के राजनीतिक स्वतंत्रता बेकार है। इसी सोच के चलते उन्होंने संविधान में अनुच्छेद 14 से 18 तक समानता के अधिकारों को स्थान दिया, जिसमें छुआछूत का अंत, आरक्षण का प्रावधान और उपाधियों की समाप्ति जैसी व्यवस्थाएँ की गईं। ये केवल कानून नहीं थे, बल्कि सदियों से दबाए गए लोगों की आवाज थे। मगर आज भी भारत में जातिगत भेदभाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। मैनुअल स्कैवेंजिंग जैसे अमानवीय कार्य अब भी जारी हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आँकड़े बताते हैं कि दलितों पर अत्याचार के मामले पिछले दशक में दोगुने हुए हैं। यह सब देखकर लगता है कि अम्बेडकर का "समानता का भारत" आज भी अधूरा है। भारत के केवल 1 प्रतिशत अमीर लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि निचले 50 प्रतिशत लोगों के पास केवल 3 प्रतिशत है। यह आँकड़ा बताता है कि समाजवाद की दिशा में हम कितनी दूर रह गए हैं। आरक्षण नीति, जिसे डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय का साधन बताया था, आज विवादों का केंद्र बन गई है। एक तरफ कुछ लोग इसे "मेरिट के खिलाफ" बताते हैं, तो दूसरी ओर यह लाभ सीमित समुदायों तक सिमट गया है। इसी तरह, महिलाओं की स्थिति पर भी नजर डालें तो हालात निराशाजनक हैं। डॉ. बी.आर. अम्बेडकर ने महिलाओं की समानता के लिए हिंदू कोड बिल पेश किया था, जिसका भारी विरोध हुआ था, और इसी विरोध के कारण उन्हें 27 सितंबर, 1951 को कानून मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। इस बिल का उद्देश्य महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिलाना था। ऑनर किलिंग, दहेज हत्याएँ, और लैंगिक असमानता आज भी हमारे समाज की हकीकत हैं। यह दिखाता है कि समान नागरिक संहिता और लैंगिक न्याय के सपने अभी भी अधूरे हैं। फिर भी, आशा की किरणें भी हैं। संविधान ने खुद को समय के साथ बदलने की शक्ति दी है। अब तक 106 संशोधन हो चुके हैं, और कई सामाजिक परिवर्तन इसी संविधान के माध्यम से संभव हुए हैं। पंचायतों में महिलाओं और दलितों को प्रतिनिधित्व मिला, सूचना का अधिकार ने नागरिकों को शासन की पारदर्शिता की ताकत दी, शिक्षा का अधिकार और खाद्य सुरक्षा कानून जैसे कदम सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण रहे। हमें बच्चों को संविधान का अर्थ समझाना होगा, ताकि वे केवल परीक्षा में नहीं बल्कि व्यवहार में भी समानता और न्याय को अपनाएँ। आर्थिक असमानता कम करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में वंचित तबकों की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है। आरक्षण केवल नौकरी पाने का साधन नहीं, बल्कि समान अवसर का प्रतीक है, इसलिए इसे ईमानदारी से लागू करना चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रीढ़ है। समान नागरिक संहिता की दिशा में भी संवाद और सहमति बनानी होगी ताकि धर्म की स्वतंत्रता और लैंगिक न्याय दोनों का संतुलन बना रहे। संविधान दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि आत्म-परीक्षण का अवसर है। हमें यह तय करना होगा कि हम बाबासाहेब के भारत के निर्माण में सहभागी हैं या उसे कमजोर करने वालों की पंक्ति में खड़े हैं। जब तक एक भी व्यक्ति जाति, धर्म, लिंग या गरीबी के कारण अपमानित होगा, तब तक डॉ बी. आर. अम्बेडकर का सपना अधूरा रहेगा।

### सूडोकु नवताल- 7625

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7624 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# संविधानः लोकतंत्र की आत्मा और सुशासन का आधार

**ललित गर्ग**

संविधान किसी भी राष्ट्र का चरित्र, मर्यादा और दिशा निर्धारित करता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं होता, बल्कि एक जीवंत मूल्य-व्यवस्था होती है जो राष्ट्र की आत्मा को परिभाषित करती है। संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र की स्थिरता, एकता और प्रगति का आधार हमारे संविधान की दूरदर्शिता, उदारता और संतुलन है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में सुशासन की पहली और अनिवार्य शर्त यही है कि संविधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे, केवल शासन के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के हर व्यवहार, आचरण और विचार में भी।

भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ॰ भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में हर वर्ष मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया।

भारत का संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत एवं आधुनिक संविधानों में माना जाता है। यह हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की भावना भी जगाता है। यह हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता से सज्जित करता है, साथ ही यह भी बताता है कि इन आदर्शों को जीवित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जब किसी राष्ट्र में संविधान की अवहेलना शुरू होती है, तब लोकतंत्र डगमगाने लगता है। इसलिए संविधान का सम्मान करना एक विधिक प्रक्रिया का पालन मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र की बुनियाद है। आज संविधान दिवस पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि संविधान की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही दृढ़ता से बनी हुई है या नहीं? उत्तर स्पष्ट है-हाँ, क्योंकि हमारा समाज परिवर्तनशील है, चुनौतियाँ बदलती हैं, लेकिन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्श समय से परे हैं। संविधान की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब शासनकर्ता उसे सर्वोपरि मानें और नागरिक उसे जीवन का नैतिक मार्गदर्शक बनाएं।

इसी संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि संविधान को केवल हाथ में लेकर जगह-जगह प्रदर्शन करना, जैसाकि कुछ राजनीतिक नेता, विशेषकर राहुल गांधी, करते हैं, क्या सचमुच संविधान के सम्मान का प्रतीक है? संविधान की प्रति का सार्वजनिक प्रदर्शन तब सार्थक होता है जब उसके मूल्यों को जीवन में उतारा जाए, उसके अनुच्छेदों का पालन किया जाए, उसके प्रति संयम, गरिमा और श्रद्धा रखी जाए। संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर भीड़ भावनाओं को उकसाने का प्रयास, संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। संविधान को मंचों पर लहराना सम्मान नहीं, बल्कि उसकी गंभीरता का अवमूल्यन है। संविधान कोई राजनीतिक पोस्टर या प्रदर्शन की वस्तु नहीं, वह राष्ट्र की मर्यादा का दस्तावेज है, जिसे विवेक, संयम और ईमानदारी से समझने एवं पालन करने की आवश्यकता होती है।

संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण भी यही रहा कि संविधान तभी सफल होगा जब उसके अनुयायी चरित्रवान, प्रतिबद्ध और राष्ट्रहित साधक हों। बाबा साहेब ने कहा था- संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह खराब सिद्ध होगा। उनका यह चिंतन आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान को बनाया, पर उससे भी अधिक उन्होंने एक नैतिक चेतना जागृत की कि संविधान की शक्ति उसके लेखों में नहीं, बल्कि उस नागरिक चेतना में है जो उसे पालन करने के लिए तैयार रहती है। अंबेडकर का यह भी आग्रह था कि संविधान को केवल राजनीतिक बहस का साधन न बनाया जाए, बल्कि समाज सुधार और मनुष्य निर्माण की दिशा में उसका प्रयोग हो। उनके अनुसार संविधान को समझना यानी भारतीय समाज की आत्मा को समझना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उसे शासन का आधारस्तंभ बनाया है। वे बार-बार कहते रहे हैं कि संविधान हमारी शासन-व्यवस्था का पवित्र ग्रंथ है। उनकी दृष्टि में संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं बल्कि अच्छे शासन, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। संसद के आरंभिक सत्र हों, प्रमुख राष्ट्रीय अवसर हों या आम जनता से संवाद, हर बार उन्होंने संविधान को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि संविधान का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च रूप है। उनकी सरकार की प्राथमिकता यही रही है कि प्रत्येक नीति, प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक योजना संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे प्रयास हुए जिनका उद्देश्य संविधान के प्रति जन-जागरण बढ़ाना था, जैसे 'संविधान के प्रति कर्तव्य पालन' अभियान, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पारदर्शी शासन एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा। उन्होंने संविधान दिवस को केवल समारोह न बनाकर राष्ट्रीय आत्मचिंतन का पर्व बनाने का प्रयास किया, जिससे हर नागरिक संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि महसूस करे, समझे और जिए।

संविधान का सम्मान केवल शासन की जिम्मेदारी भर नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन का हिस्सा होना चाहिए। यदि नागरिक संविधान को केवल विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में सीमित मानते रहेंगे, तो यह राष्ट्र अपने लोकतांत्रिक आदर्शों से दूर होता जाएगा। संविधान का वास्तविक सम्मान तब है जब हम अपने दैनिक जीवन में समानता का पालन करें, न्याय को महत्व दें, धर्मनिरपेक्ष दृष्टि रखें, किसी के साथ भेदभाव न करें, हिंसा या अराजकता के बजाय संवाद एवं शांति का मार्ग चुनें। आज जब दुनिया में असहिष्णुता, चरमपंथ और राजनीतिक कटुता बढ़ रही है, तब हमारा संविधान एक शीतल छाया की तरह हमें संरक्षण देता है। यह हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सत्ता परिवर्तन का खेल नहीं बल्कि मूल्यों की निरंतरता है। संविधान इन्हीं मूल्यों को स्थिर रखता है। संविधान दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान का सम्मान केवल राष्ट्रीय पर्वों पर नहीं बल्कि प्रतिदिन के जीवन में होना चाहिए। नागरिकों के मन में संविधान के प्रति आदर की आदत विकसित हो, यह तभी संभव है जब समाज में संवैधानिक शिक्षण को मजबूत किया जाए, देश के नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराया जाए और हर स्तर पर संवैधानिक आचरण को प्रोत्साहित किया जाए। आज आवश्यकता है कि संविधान को राजनीतिक विवादों से ऊपर उठाया जाए। उसे नारा, प्रदर्शन और विरोध की वस्तु न बनाया जाए। बल्कि उसे एक ऐसे प्रकाश स्तंभ के रूप में देखा जाए जो हमें न्यायपूर्ण, समतामूलक और शांतिपूर्ण समाज की ओर ले जाता है। यदि हम संविधान का सम्मान करेंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा; यदि हम इसकी अवमानना करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

संविधान दिवस केवल इतिहास का स्मरण नहीं है, यह भविष्य की जिम्मेदारी का बोध भी है। इसे मनाते हुए हमें अपनी राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दोहरानी चाहिए कि हम संविधान की रक्षा करेंगे, उसके मूल्यों को जीवन में उतारेंगे और अपने देश को ऐसा बनाएंगे जैसा हमारे संविधान ने परिकल्पित किया है, न्यायपूर्ण, समानतामूलक, स्वतंत्र और बंधुत्वपूर्ण। इसी में भारत का भविष्य है, इसी में हमारी लोकतांत्रिक शक्ति का चरम है, और इसी में एक प्रगतिशील राष्ट्र की आत्मा बसती है।

# ही-मैन धर्मेंद्र को श्रद्धांजलिः सदियों तक याद रहने वाला बॉलीवुड का अमर सितारा

**अजय कुमार**



हिंदी सिनेमा के रूपहले पर्दे पर एक ऐसा नाम जिसने सात दशक तक अपनी चमक से परचम लहराया, वह नाम था धर्मेंद्र। पंजाब की मिट्टी से उठकर बॉलीवुड की सबसे बुलंद ऊंचाइयों तक पहुंचने वाले इस अभिनेता ने जो सफर तय किया, वह किसी सपने से कम नहीं। वह सिर्फ सुपरस्टार नहीं थे, बल्कि ऐसे कलाकार थे जिनके संवाद, जिनकी मुस्कान और जिनकी बहादुरी का अंदाज लोगों के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगा। उन्हें ही-मैन कहा गया, ग्रीक गॉड कहा गया, और यही दर्जे उन्हें उनकी प्रतिभा, सरलता और अदम्य हौसले ने दिलाए। आज लाखों-करोड़ों प्रशंसकों के दिलों में एक टीस है दुख है और कहीं न कहीं एक मलाल भी। उन्होंने अपने चहेते सितारे को वह विदाई नहीं दे पाई, जिसके वे सच्चे हकदार थे। अंतिम पलों तक अस्पताल से घर तक जो गोपनीयता बरती गई, उसने उनके चाहने वालों को बेचैन रखा। किसी महानायक को विदा देने का अपना एक तरीका होता है। लोगों को उनकी झलक आखिरी बार देखने का हक होता है। पर इस बार यह हक छिन गया। यही सोचकर हर धर्मेंद्र प्रेमी का दिल भारी है।लेकिन जाने वाले चले जाते हैं रह जाता है उनका काम, उनका प्यार, और उनकी अमर कहानी। धर्मेंद्र की कहानी ऐसी ही है। गांव के साधारण लड़के धरम सिंह देओल का मुंबई जाकर धर्मेंद्र बन जाना, और वहां लाखों दिलों पर राज करना। मिनर्वा सिनेमा में एक फिल्म देखते हुए उनके दिल में जो सपना जागा था, उसने पूरी दुनिया को चमत्कृत कर दिया। छठीं में पढ़ता एक सीधा-सादा लड़का, जिसे अपने स्कूल में पहली बार किसी से मासूम प्यार हुआ वही लड़का बाद में भारतीय सिनेमा का सबसे आकर्षक चेहरा बना।

धर्मेंद्र ने अभिनय की शुरूआत उन फिल्मों से की, जिनमें उन्होंने भावनाओं की गहराई और इश्क की सादगी दिखाई। लेकिन असली तूफान तब आया, जब वह ऐक्शन के राजा बन गए। उन्होंने बॉडीबिल्डिंग को बॉलीवुड में नया स्थान दिया। मजबूत कंधे, दमदार आवाज, और सामने खड़ा विलेन हो या हालात धर्मेंद्र कभी पीछे नहीं हटते थे। शोले में वीरू के किरदार ने पूरे देश को हिला दिया। वह सिर्फ मजाकिया बहादुर ही नहीं थे, बल्कि दोस्ती का सबसे खूबसूरत प्रतीक भी थे। बसंती, इन कुत्तों के सामने मत नाचना यह सिर्फ संवाद नहीं था, एक मर्द की असली संवेदनशीलता की पहचान था उनकी फिल्में जैसे मेरा गाँव मेरा देश, यादों की बारात, जुगनू, शालीमार, चरस, द बर्निंग ट्रेन हर दशक में धर्मेंद्र के नाम की गारंटी ही फिल्म की सफलता की गारंटी थी। ऐसा कम होता है कि दो-दो सुपरस्टार राजेश खन्ना और अमिताभ बच्चन के दौर में कोई तीसरा कलाकार उसी दमखम से छाया रहे। पर धर्मेंद्र छाए रहे क्योंकि वह राजनीति और कैंपबाजी से दूर थे। वह किसी गुट का हिस्सा नहीं, बल्कि पूरी इंडस्ट्री के चहेते थे। उनके चेहरे पर कभी अहंकार की झलक नहीं आई। जितने बड़े स्टार, उतने ही जमीन से जुड़े इंसान।और जब वह रोमांस करते थे तो पर्दा पिघल जाता था। दर्शक मान लेते थे कि प्रेम इतना ही सहज, उतना ही खरा होता है। हेमा मालिनी के साथ उनकी जोड़ी तो आज भी दिलों में ताजा है। वह रिश्ते में भी उतने ही सच्चे थे, जितने पर्दे पर दिखाई देते थे। उनकी हंसी में पंजाब की मिट्टी की खुशबू थी, उनकी आंखों में जज्बातों की सच्चाई।

समय बदला, दौर बदला, पर धर्मेंद्र की चमक नहीं घटी। जब कई बड़े सितारे अस्सी के दशक में फ्लॉप होने लगे थे, वह तब भी हिट पर हिट देते रहे लोहा, हुकूमत, कातिलों के कातिल जैसी फिल्में इस बात की गवाह हैं। यही कारण था कि उनकी फैन-फॉलोइंग तीन-तीन पीढ़ियों तक फैली। दादा भी उनके दीवाने, बेटा भी और पोता भी।आज जब वह हमारे बीच नहीं हैं, तो लोग टूटे हुए हैं। सोशल मीडिया से गलियों तक बस एक ही सवाल आखिर क्यों उनके अंतिम संस्कार में वह राष्ट्रीय सम्मान नहीं मिला, जिसके वह हकदार थे? क्यों वह चेहरे जिन्हें आखिरी बार देखकर लोग चैन पाते, उन्हें देखने का मौका किसी को नहीं मिला? क्यों ही-मैन को एक गहरे शीशों वाली एंबुलेंस में चुपचाप ले जाया गया? उनके चाहने वालों की पीड़ा यह सोचकर और बढ़ जाती है कि उनकी अंतिम यात्रा चुपके से पूरी हो गई, जबकि वह पूरी दुनिया के नायक थे।

पर शायद उनका परिवार नहीं चाहता था कि उनका आखिरी दृश्य भीड़, शोर और अफरातफरी में बदले। धर्मेंद्र जिंदगी भर शोहरत में रहे, शायद जाना उन्होंने सादगी से चाहा। फिर भी दिल तो फैंस का ही होता है उसकी उम्मीदें हमेशा कुछ और चाहती हैं।धर्मेंद्र की जिंदगी में जितने चकाचौंध वाले दिन थे, उतनी ही भावुक यादें भी थीं। वह अपने स्कूल, अपनी मिट्टी, अपने साहनेवाल को कभी नहीं भूले। जब भी जाते, बचपन के दोस्तों से मिलते, अपने पिता की पुरानी कुर्सी देखकर भावुक हो जाते। यह वही धर्मेंद्र थे सुपरस्टार भी और बहुत बड़ा इंसान भी।आज जब हम उनकी फिल्मों के दृश्य याद करते हैं शोले का टंकी वाला वीरू, चुपके-चुपके का विनम्र प्रोफेसर, मेरा गाँव मेरा देश का बदला लेने वाला हीरो तो महसूस होता है, यह कलाकार कभी बुजुर्ग नहीं हुआ। वह हमेशा जवान रहा, हमेशा जिंदादिल रहा। यह विडंबना ही है कि जिसे दुनिया ने हाथों-हाथ सिर पर बैठाया, उसी दुनिया से उनका अंतिम मिलन अधूरा रह गया। लेकिन यह अधूरापन ही उनके प्रति लोगों का सच्चा प्रेम है। जब जनता किसी कलाकार के जाने पर रो पड़ती है तो यही सबसे बड़ा राष्ट्रीय सम्मान है। उन्हें सलामी बंदूकों से नहीं, करोड़ों दिलों से मिली।धर्मेंद्र जैसे सितारे मरते नहीं वे सिर्फ पर्दे के पीछे चले जाते हैं। उनकी आवाज, उनकी हंसी, उनके संवाद, उनका अंदाज हमेशा जिंदा रहेगा। आने वाली पीढ़ियाँ भी जब वीरू की शरारतें देख हंसेंगी, जब गांव के नायक को बंदूक थामे देख रोमांचित होंगी तब धर्मेंद्र फिर से परदे पर लौट आएंगे।आज हम सिर्फ इतना कहना चाहते हैं कि धरम जी, आपने हमें प्यार, हिम्मत और सादगी सिखाई। आप चले गए, पर हम आपको भूल नहीं पाएंगे और आपकी विरासत सदियों तक ज़िंदा रहेगी। ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दे। अफसोस यह है कि हम आपको आखिरी बार देख भी न पाए, पर विश्वास यह है कि आप हर दिल में हमेशा दिखाई देंगे।

# धर्मेंद्रः वह सूरज, जो ढल कर भी पीढ़ियों को रोशन करता रहेगा

**योगेश कुमार गोयल**

हिंदी फिल्म उद्योग का वह चमकता सूरज, जिसने पीढ़ियों के सपनों को रोशन किया, जिसने कठिनाई में हिम्मत दी और जिसने अपने सहज व्यक्तित्व से अभिनय को जन-जन के जीवन से जोड़ दिया, वह धर्मेंद्र हमसे सदा के लिए विदा हो गए। यह क्षति केवल एक परिवार, एक पीढ़ी या एक उद्योग की नहीं बल्कि उस युग की विदाई है, जिसने भारतीय सिनेमा को स्वर्णकाल दिया। धर्मेंद्र सिर्फ अभिनेता नहीं थे, वे एक भावनात्मक धड़कन, एक सांस्कृतिक अनुभूति और करोड़ों भारतीयों की यादों में दर्ज वह ताकत थे, जो पर्दे पर आते ही कहानी को सजीव बना देती थी।

पंजाब के साहनेवाल गांव में 8 दिसंबर 1935 को जन्मा यह बालक शायद स्वयं भी नहीं जानता था कि एक दिन उसका नाम भारतीय सिनेमा के इतिहास में अमिट अक्षरों में दर्ज होने वाला है। गांव की मिट्टी, खेती की महक और सादगी से भरे जीवन ने उन्हें वह सहजता दी, जो आगे चलकर उनके अभिनय की सबसे बड़ी ताकत बनी। उनके भीतर का कलाकार किसी कोने में सोया हुआ था पर दिल में एक स्वप्न जलता था कुछ कर दिखाने का, कुछ बनने का, कुछ ऐसा छोड़ जाने का जिसे पीढ़ियां याद रखें।

साल 1954 में जब मात्र 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने प्रकाश कौर से विवाह किया, उस समय उन्हें यह कल्पना भी नहीं थी कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग एक दिन उनके कदमों में होगा। जीवन संघर्षों से भरा था पर भीतर ऐसी ईमानदारी और अनुशासन था, जो किसी भी कलाकार को महान बना देता है। भाग्य ने उन्हें साल 1960 में वह क्षण दिया, जब निर्देशक अर्जुन हिंगोरानी ने उन्हें फिल्म 'दिल भी तेरा हम भी तेरे' में मौका दिया। मेहनताना सिर्फ 51 रुपये, पर इस मामूली रकम ने भारतीय फिल्मों को वह धरोहर दी, जिसकी कीमत किसी मुद्रा में आंकी नहीं जा सकती। यह शुरूआत थी पर यात्रा लंबी और संघर्षपूर्ण होने वाली थी। शुरूआत में उन्होंने साधारण, आम आदमी के किरदार निभाए, अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा, आया सावन झूम के- इन फिल्मों में उनकी मासूमियत, उनकी आंखों की भाषा और उनके संवादों की सरलता इतनी वास्तविक थी कि दर्शकों को लगा, वे किसी काल्पनिक नायक को नहीं बल्कि अपने जैसे इंसान को पर्दे पर देख रहे हों। धर्मेंद्र में किसी तरह का दिखावा नहीं था, वे अभिनय नहीं करते थे, वे जीते थे। शायद यही कारण था कि जनता ने उन्हें अभिनेता नहीं, अपने दिल का हिस्सा मान लिया।

साल 1960 के दशक के अंत में जब हिन्दी सिनेमा बड़े परिवर्तन की ओर बढ़ रहा था, धर्मेंद्र ने उसी दौर में अपने भीतर छिपे 'ही-मैन' को पहचाना। वे एक्शन फिल्मों के सबसे बड़े सितारे बने पर इस चमक के साथ भी उनकी विनम्रता कभी नहीं बदली। फूल और पत्थर, आई मिलन की बेला, आए दिन बहार के, इन फिल्मों ने उन्हें रातों-रात स्टार बनाया, पर असल चमत्कार अभी बाकी था। जब साल 1975 में शोले आई तो धर्मेंद्र का 'वीरू' सिर्फ एक किरदार नहीं रहा, वह भारतीय संस्कृति का प्रतीक बन गया। वीरू की दोस्ती, उसका हास्य, उसका गुस्सा, उसका प्रेम, धर्मेंद्र की सहज अदाकारी ने उसे अमर कर दिया।

उनका प्रतिभा-क्षेत्र केवल एक्शन और रोमांस तक सीमित नहीं था। चुपके-चुपके जैसी फिल्में, जो हिंदी सिनेमा में हास्य की उत्कृष्ट कृति मानी जाती हैं, यह सिद्ध करती हैं कि धर्मेंद्र का अभिनय केवल मांसपेशियों नहीं बल्कि दिमाग, दिल और संवेदना से भी जन्म लेता था। वे जितने सशक्त एक्शन हीरो थे, उतने ही बेहतरीन कॉमेडियन और उतने ही भावपूर्ण रोमांटिक कलाकार थे।


दिलचस्प बात यह है कि धर्मेंद्र ने तीन पीढ़ियों का मनोरंजन किया। जहां वे बलराज साहनी, राज कपूर, संजीव कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों के साथ काम कर चुके थे, वहीं वे रणवीर सिंह, शाहिद कपूर और आलिया भट्ट जैसे आज के सितारों के साथ भी पर्दे पर दिखे। 65 साल का करियर किसी कलाकार को किंवदंती बना देता है पर धर्मेंद्र की निरंतर सक्रियता उन्हें उससे भी कहीं ऊपर ले जाती है। वह एक जीवित विश्वविद्यालय थे अभिनय का, सहजता का, विनम्रता का। अपने परिवार के प्रति उनका प्रेम भी असाधारण था। सनी देओल और बॉबी देओल के प्रति उनका भावनात्मक रिश्ता, हेमा मालिनी के साथ उनके जीवन का अध्याय, उनकी बेटियां ईशा और अहाना, उनकी व्यक्तिगत कहानी किसी उपन्यास से कम नहीं। 13 नाती-पोते, बड़ी विरासत, जीवन के आखिरी दिन उन्होंने अपने फार्म हाउस में बिताई।

लाखों लोगों द्वारा पूजा जाने वाला यह कलाकार अंत में लौट गया अपने मूल की ओर, धरती, सादगी, प्रकृति। साल 2025 में उनकी आंख की कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। कमजोर होते शरीर, टूटती ताकत, उम्र की थकान, इन सबके बावजूद वह कैमरे से दूर नहीं हुए। तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया और रॉकी और रानी की प्रेम कहानी जैसी नई पीढ़ी की फिल्मों में भी उनका वही पुराना करिश्मा दिखा, वही मुस्कान, वही गर्मजोशी। किसी भी महान कलाकार की पहचान यही होती है कि समय बदल जाए पर उसकी चमक न बदले, धर्मेंद्र इस कसौटी पर हमेशा खरे उतरे।

31 अक्टूबर 2025 को जब उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया तो पूरे देश की धड़कनें मानो थम गई। 12 नवंबर को जब उन्हें घर भेजा गया तो उम्मीदों की किरण जग उठी थी। वे अपने घर में इलाज के बीच जीवन जी रहे थे पर नियति ने शायद फैसला कर लिया था। 24 नवंबर को वह खबर आई, जिसने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया भारतीय सिनेमा का 'ही-मैन' अब हमारे बीच नहीं है। लाखों लोगों ने रोकर उन्हें याद किया।

## दैनिक पंचांग

**26 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.56 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मकर | 10.01 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.48 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 13.21 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.51 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.31 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.29 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.43 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.59 बजे से |
| राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक | | कन्या | 01.11 बजे से |
| | | तुला | 03.22 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.36 ब.से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 330 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** षष्ठी 00.03 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 01.33 बजे रात्र को समाप्त। **योग** वृद्धि 12.42 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.34 बजे तदनन्तर तैतिल 00.03 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 5.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 57'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872540
**जूलियन दिन** 2461005.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 04
**विशेष** सुब्रह्मण्य षष्ठी, चंपा षष्ठी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### अस्मिता खेलो इंडिया लीग में साक्षी कुमारी को मिला तीसरा स्थान



**सिमडेगा** : वनवासी कल्याण केंद्र झारखण्ड की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा की पूर्व छात्रा बहन साक्षी कुमारी ने एक बार फिर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने अस्मिता खेलो इंडिया लीग 2025-26 के तहत आयोजित सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता खेलगांव, रांची में आयोजित हुई, जिसमें राज्यभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच साक्षी कुमारी ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, धैर्य और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार पाठक तथा आचार्यगणों ने साक्षी कुमारी को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। उनकी इस सफलता ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा का गौरव बढ़ाया है और अन्य भैया-बहनों को भी प्रेरणा प्रदान की है।

### चोरों ने एक ही रात में चार घरों में की चोरी लाखों की संपत्ति गायब

**पलामू** : जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल में सोमवार की रात चोरों ने एक ही रात को चार घरों में चोरी कर लाखों का सामान गायब कर दिया। चोरों ने इन घरों के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। लगातार हो रही चोरी की इन घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। सूत्रों के मुताबिक चोरी की वारदातें पथरा पंचायत के चनकार कस्तूरी गांव के नोनियाडीह टोला और पथरा गांव में सामने आई हैं। नोनियाडीह टोला में कपिल चौहान अपने परिवार के साथ नातिन की शादी में गए थे, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके घर का ताला तोड़ दिया। चोर बक्सा और सूटकेस उठा ले गए और उसे करीब 500 मीटर दूर सोनगाहा आहर में ले जाकर सामान निकाल लिया। बाद में खाली बक्सा, सूटकेस और अन्य सामग्री आहर में ही फेंककर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने खाली बक्सा देखकर इसकी सूचना दी। इसी तरह पथरा गांव में रमेश राम के परिवार के सोते समय चोरों ने उनके घर की कुंडी बाहर से बंद कर दी और पास के दूसरे घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति उड़ा ली। इसके अलावा शादी में गए सुदामा चौहान के घर से भी चोरों ने ताला तोड़कर कीमती सामान चोरी कर लिया। बताया जा रहा है कि पथरा पंचायत में एक ही रात कुल चार घरों पर चोरों ने धावा बोला। घटना की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस मंगलवार को मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### सेवा का अधिकार सप्ताह के शिविर में पेंशन सहित कई मामलों का निष्पादन

**खूंटी** : सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत मंगलवार को ओकड़ा और उकड़ीमाडी पंचायत भवनों में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में लाभुक मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन जमा कराने पहुंचे। कर्मचारियों को प्राप्त आवेदनों को स्वीकार करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने शिविर में हर बुजुर्ग महिला-पुरुष से बात कर उनकी समस्याएं सुनी और पेंशन योजना का लाभ दिलाने को लेकर आश?वासन दिया। शिविर में आए सभी पेंशन योग्य लाभुकों के आवेदन स्वीकृत किए गए, जिससे लोगों में काफी संतोष देखा गया। वहीं ओकरा पंचायत शिविर में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया और आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाने के निर्देश दिया।

## दो दिवसीय प्राचीन अघन पंचमी तामड़ा जतरा का हुआ शुभारंभ

# जतरा को बचाए रखने के लिए हर संभव किया जाएगा प्रयास : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा** : सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा पंचायत में ऐतिहासिक अघन पंचमी के मौके पर लगने वाले जतरा मेला का मंगलवार को विधि विधान के साथ ग्राम देवी की पूजन एवं रिबन काटकर शुरूआत की गई। सर्वप्रथम गांव के पहान सोमारू खड़िया एवं सुकरु खड़िया के द्वारा विधि विधान के साथ पूजन करते हुए क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना एवं अच्छी फसल के लिए भगवान को धन्यवाद दिया। वही जिसके बाद मुख्य अतिथि उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम अर्शी, एसडीओ प्रभात रंजन ज्ञानी, एसडीपीओ बैजू उरांव के द्वारा मेला का विधिवत रिबन काटकर इसकी शुरूआत की। इस दौरान समिति के अध्यक्ष कुबेर कैथवार के द्वारा पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। वही जज के रूप में सिमडेगा के पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री ने भूमिका निभाई। मौके पर मेला के शुभारंभ के पश्चात पारंपरिक सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जहां पर अलग-अलग गांव की पांच नृत्य मंडली शामिल हुई जहां पर प्रथम स्थान सावनाटोली की टीम तथा दूसरा स्थान कोंगसेरा एवं तीसरा स्थान ऊपर खोइर को दी गई अपने संबोधन में उपायुक्त सिमडेगा ने कहा 112 सालों से लगने वाला इस ऐतिहासिक जतरा मेला को जिस प्रकार से दिन प्रतिदिन भव्य तरीके से आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि भगवान राम और मां जानकी के विवाह पंचमी के मौके पर आयोजित इस मेले की अलग ही परंपरा देखने को मिला उन्होंने कहा कि जहां पर सभी धर्म के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार के रूप में गीत संगीत और उत्सव के रूप में मेले को आनंदित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन संवर्धन समिति की सूची में यह मेल सूचीबद्ध है जल्दी सरकार की ओर से अधिसूचना सरकार ओर से संरक्षण की दिशा में पहल की जाएगी। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत सरकार की जानकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपील किया। पुलिस अधीक्षक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सभी लोग आनंद ले रहे हैं इसी प्रकार आनंद ले किसी प्रकार की परेशानी ना हो उसका ध्यान रखें उन्होंने कहा कि सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए मेला घूमे और किसी प्रकार की परेशानी होती है तो आप जरूर प्रशासन का सहयोग ले। मेला में बच्चों के लिए मनोरंजन के कई प्रकार के साधन जिसमे बिजली झूला, ब्रेक डांस, ड्रेंगन, नाव झूला, जंपिंग मिकी माउस, बच्चों के छोटे-छोटे मनोरंजन की चीज खिलौने, मिठाई, सिंगार, कपड़े सहित दूर-दूर से जतरा मेला में दुकानदारों की सुंदर-सुंदर दुकानें सजी जहां पर हजारों की संख्या में लोगों के भीड़ उमड़ी और लोगों ने मेले का आनंद लिया। वही बताया गया कि आज बुधवार को रात्रि 8 बजे से झारखंड के कई बड़े कलाकारों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : मंगलवार को उप विकास आयुक्त, रामगढ़ आशीष अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर उप विकास आयुक्त ने आगामी नव वर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंचने के मद्देनजर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाए रखने एवं लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, गंगा समिति सदस्य गोविंद मेवाड, डीपीओ नमामि गंगे चंदन कुमार सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**ठेठईटांगर** : प्रखंड अंतर्गत कोनपाला पंचायत में आज आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी थे। इस अवसर पर ठेठईटांगर प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन मिंज, ठेठईटांगर पश्चिम जिला परिषद सदस्य अजय एक्का, पूर्व कोनपाला उप मुखिया सह समाजसेवी दीपक लकड़ा, कोनपाला पंचायत की मुखिया फ्रांसिस्का लकड़ा, रोजगार सेवक प्रदीप टोप्पो सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अलग अलग विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहाँ ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर कई लाभुकों का पंजीकरण, आवेदन, सत्यापन एवं समस्याओं का समाधान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के पहुँचे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। बीडीओ नूतन मिंज ने कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को योजनाओं से सीधे जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम हैं। जिला परिषद सदस्य अजय एक्का एवं समाजसेवी दीपक लकड़ा ने भी लोगों को योजनाओं का लाभ लेने और जागरूक रहने की अपील की। ग्रामीणों ने कार्यक्रम को सराहा और तत्काल सेवाओं एवं समाधान मिलने पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर रामगढ़ एसपी ने स्थल का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : मंगलवार को अजय कुमार, (भा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा दिनांक-27.11.2025 को शहीद सोबरन सोरेन जी के शहादत दिवस पर बरलंगा स्थित ग्राम-लुकैयाटांड में हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के मद्देनजर शहीद स्थल, कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत समान्य पार्किंग, वी०आई०पी० पार्किंग, यातायात व्यवस्था, शहीद स्थल के समीप सुरक्षा, मंच की सुरक्षा, मंच के पिछे, दायं-बायं, डी० एरिया, पब्लिक दीर्घा, प्रवेश एवं निकाश द्वार, माननीय मुख्यमंत्री के नेमरा आवास के मुख्य द्वार, आवास के चारो तरफ, हेलिपैड सुरक्षा, आवास के पास स्थित पहाड़ों की श्रृंखला पर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक स्थलों पर उपस्थित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों को सुरक्षा के मानको का कड़ाई से पालन करते हुए पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, रामगढ़ पुलिस निरीक्षक गोला / पतरातु, पु०नि०-सह-थाना प्रभारी, रजरप्पा, परिचारी, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, थाना प्रभारी बरंलगा/ गोला / पतरातु, ओ०पी० प्रभारी भुरकुण्डा / वे०बो० / भदानीनगर एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहें।

## अंडर 16 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में एएसके क्रिकेट क्लब और बारूद क्रिकेट क्लब रहे विजेता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वधान में आयोजित अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग का लीग टूर्नामेंट के 09 वें दिन मंगलवार को शहर के अलबर्ट एक्का स्टेडियम में दो मैच खेले गए। सिमडेगा अलबर्ट एक्का स्टेडियम में अंडर 16 क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में 09 वें दिन का पहला मैच एएसके क्रिकेट क्लब और आरके क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए आरके क्रिकेट क्लब ने 20.4 ओवर में 10 विकेट खोकर 106 रन बनाई। जवाबी पारी खेलते हुए एएसके क्रिकेट क्लब 17.2 ओवर में 02 विकेट खोकर 08 विकेट से मैच में विजयी रही। वहीं आज का दूसरा मैच बारूद क्रिकेट क्लब और पाइवोट क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बारूद क्रिकेट क्लब निर्धारित 25 ओवर में 05 विकेट खोकर 192 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए पायवोट क्रिकेट क्लब की टीम ने 12.2 ओवर में 35 रन बनाकर धराशाई हो गई। इस तरह बारूद क्रिकेट क्लब 157 रन से जीत दर्ज की।

## सेवा अधिकार सप्ताह के तहत विभिन्न पंचायतों, नगर परिषद व छावनी वार्डों में शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : राज्य सरकार ने पूर्व निर्धारित आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को सेवा का अधिकार सप्ताह के रूप में 21 से 28 नवम्बर 2025 तक मनाये जाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में शिविर के पाँचवे दिन मंगलवार को रामगढ़ जिले के 25 स्थलों पर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने मांडू प्रखंड का दौरा कर हेसागढ़ा, पुण्डी सहित अन्य पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल के माध्यम से आम जनों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। शिविर में उपस्थित सभी आम जनों को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने सभी से बढ़-चढ़कर शिविर में हिस्सा लेने एवं सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील की। साथ ही उन्होंने शिविर के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को योजना का लाभ व प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इसके अलावा शिविरों के लिए जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, नोडल अधिकारियों सहित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के द्वारा सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एवं परीसंपत्तियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया।

### आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में सेवाओं की बौछार पर फंड न मिलने से मुखिया ने जताया विरोध

**रामगढ़** : एक तरफ सरकार आपकी सरकार, आपके द्वार जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का आयोजन कर रही है, वहीं दूसरी तरफ मुखिया को निर्धारित फंड उपलब्ध न कराना अत्यंत दुखद है। मुखिया किशोर कुमार महतो, टिया बस्ती पंचायत में दिनांक 25 नवम्बर 2025 को सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत विशेष शिविर एवं जन-संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेवा अधिकार सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सरकारी सेवाएँ उनके द्वार पर उपलब्ध कराना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा सेवाएँ प्रदान की गईं, जिनमें आवेदनों का स्वीकार, समस्याओं का तत्काल समाधान तथा योजनाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए और लाभान्वित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा किया गया तथा संचालन पंचायत सेवक अनिता कश्यप द्वारा किया गया। मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि सरकार के द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम किया जा रहा है। वही पूरे प्रदेश में मुखिया को फंड नहीं दिया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री अग्रसेन स्कूल में तीन दिवसीय एनीमिया जांच शिविर का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा** : जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित किशोरी एक्सप्रेस अभियान के तहत श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में तीन दिवसीय एनीमिया जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर के अंतिम दिन जांच के बाद छात्राओं के लिए जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन फाउंडेशन के सुरेंद्र कुमार, कुमारी गीता, प्राचार्य विवेक प्रधान, नाजिया तौहिद, सोनम खातून ने दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एनीमिया से संबंधित जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि इस तरह के आयोजन का मकसद एनीमिया की वास्तविक स्थिति का आकलन करना, आवश्यक जांच उपलब्ध कराना, इस रोग के लक्षण, कारण, रोकथाम और उपचार से अवगत कराना है। छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई और प्रत्येक छात्रा को रिपोर्ट के आधार पर व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। जिन छात्राओं में एनीमिया के लक्षण पाए गए, उन्हें आयरन सप्लीमेंट के उपयोग, आयरन एवं फोलिक एसिड युक्त भोजन के महत्व की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि एनीमिया हमारे देश की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। विशेषकर किशोरियों और महिलाओं में इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पोषण की कमी, आयरन युक्त भोजन की अनुपलब्धता, अनियमित खान-पान, मासिक धर्म के दौरान अधिक रक्तस्राव और संक्रमण जैसी वजहें एनीमिया का मुख्य कारण है। कार्यक्रम में किशोरी एक्सप्रेस टीम ने एनीमिया से जुड़ी भ्रांतियों पर चर्चा की। टीम के सदस्यों ने बताया कि कई बार जानकारी के अभाव में छात्राएं एनीमिया के लक्षणों को साधारण कमजोरी समझकर अनदेखा कर देती हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है। जागरूकता ही इस समस्या से बचने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को एनीमिया से बचाव के लिए मार्गदर्शिका का भी वितरण किया गया। जिसमें संतुलित आहार, स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य जांच और आयरन फोलिक एसिड की गोलियों के महत्व का उल्लेख किया गया है।

### परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम सिमडेगा में रोजगार मेला 27 को

**सिमडेगा** : झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अधीन जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर, सिमडेगा द्वारा दिनांक 27 नवंबर 2025 को एक रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में सुबह 10 :00 बजे से प्रारंभ होगा। इस रोजगार मेला में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों एवं औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा चयनित अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्रदान करेंगे। रोजगार मेला का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को स्थानीय एवं बाहरी स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट, मैट्रिक, स्नातक एवं तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ लेने हेतु उपस्थित होने की अपील की है।

### समृद्धि थीम के साथ संत जेवियर कॉलेज में जेवियर उत्सव का दूसरा दिन धूमधाम से संपन्न




**सिमडेगा** : संत जेवियर कॉलेज सिमडेगा में चल रहे तीन दिवसीय जेवियर उत्सव का दूसरा दिन आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष उत्सव की थीम समृद्धि रखी गई है, जिसके अनुरूप छात्रों ने कला, संस्कृति और नवाचार की सुंदर झलक प्रस्तुत की। पूरे परिसर में उत्साह और रंगों का माहौल देखने को मिला। दूसरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में चार्ट पेंटिंग, सोलो सिंगिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, फोक डांस, स्केचिंग, सोलो डांस, पेपर ड्रेस मेकिंग, ग्रुप सिंगिंग और फैशन शो शामिल रहे। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चार्ट पेंटिंग और स्केचिंग में छात्रों की रचनात्मक सोच स्पष्ट दिखी, वहीं फोक डांस और सोलो डांस ने मंच पर झूमने पर मजबूर कर दिया। फैशन शो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें छात्रों ने विविध थीम पर आकर्षक पहनावे प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में प्रिंसिपल फादर डॉ. रोशन बा, वाइस प्रिंसिपल समीर भावरा, ब्रशर फादर ब्रूनो टोप्पो, विभिन्न विभागों के प्रोफेसर, स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया।उत्सव का तीसरा दिन कल मनाया जाएगा, जिसमें और भी रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### सामन्त कुमार प्रधान को पुलिसमैन ऑफ द वीक पुरस्कार से सम्मानित किया गया



**सिमडेगा** : पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा, सिमडेगा जिला में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक(नैतिक) सोच वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत करने एवं उनके मनोबल को बढाने हेतु पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस पुरस्कार का आरंभ किया गया है, जिसके तहत प्रत्येक सप्ताह सर्वश्रेष्ठ पुलिस कर्मियों (आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिस कर्मी/पुलिस पदाधिकारी) का चयन कर अपने बेहतर ड्यूटी एवं बेस्ट टर्नआउट के लिए पुरस्कृत किया जाता है, और उसकी तस्वीर पूरे सप्ताह थाना/ओ0पी0/प्रतिष्ठान के सूचना पट में लगा रहेगा। इससे पुलिस कमीर्यों/पदाधिकारियों में अपनी ड्यूटी पूरी लगनता एवं कुशलता के साथ करने हेतु प्रोत्साहन मिलेगी और उनका मनोबल बना रहेगा। इसी कड़ी में इस सप्ताह आज दिनांक- 25/11/25 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिमडेगा (विदेशी शाखा) में प्रतिनियुक्त स0अ0नि0 सामन्त कुमार प्रधान को माह नवम्बर - 2025 को तृतीय सप्ताह में अपने उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता एवं सकारात्मक(नैतिक) सोच के लिए पुलिसमैन ऑफ द वीक : सिमडेगा पुलिस पुरस्कार से पुरस्कृत एंव सम्मानित किया जाता है। उक्त पुलिस पदाधिकारी के द्वारा अपनी ड्यूटी पूरी लगन और कुशलता के साथ किया जाता है।

# सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत 21 पंचायतों और 2 नगर परिषद वार्डों में लगे शिविर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल ह्यसेवा का अधिकार सप्ताह के अंतर्गत आज पाकुड़ जिला के 21 पंचायतों एवं 2 नगर परिषद वार्डों में जनसेवा शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन शिविरों ने ग्रामीणों के लिए एक स्थान कई सेवाएं की सुविधा उपलब्ध कराई, जहां विभिन्न विभागों द्वारा आवेदन प्राप्त किए गए और कई सेवाओं का तत्काल निपटारा भी किया गया। आज आयोजित शिविर चांदपुर, चांचकी, गंधाईपुर, पृथ्वीनगर, जयकिष्टोपुर एवं रहसपुर, केंदुआ एवं मंझलाडीह, सोनाधनी, बड़ाघघरी एवं जोरडीहा, आलूबेड़ा एवं सिंगारसी, बलियाडंगाल, छक्कूधारा, पथरिया, चंडालमारा एवं देवीनगर, ,बीचपहाड़ी, गणपुरा एवं



खक्सा तथा नगर परिषद वार्ड 11 और 12 में हुए।

### उप विकास आयुक्त ने शिविरों का किया निरीक्षण

उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने पाकुड़ प्रखंड के रहसपुर पंचायत में आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉल, सेवा वितरण व्यवस्था, प्राप्त आवेदनों की संख्या, लाभुकों की समस्याएँ का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस दौरान लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र एवं प्रमाणपत्रों का वितरण भी किया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि 'सेवा का अधिकार सप्ताह' का मूल उद्देश्य सरकारी सेवाओं को जनता की पहुंच में लाना और उन्हें समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जा रहे ये शिविर प्रशासन और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का काम कर रहे हैं, जहाँ नागरिकों को विभिन्न विभागीय कार्यों के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि सेवाएँ उनके द्वार तक पहुँच रही हैं।इस सप्ताह के दौरान प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन को समयबद्ध रूप से निपटाना अत्यंत आवश्यक है। कोई भी आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए। सभी विभागीय कर्मी जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर यह सुनिश्चित करें कि लाभुकों को सभी सेवाएँ बिना भेदभाव, बिना देरी और पूर्ण पारदर्शिता के साथ उपलब्ध हों। प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को गम्भीरता से निभाएँ और यह ध्यान रखें कि योजनाओं का लाभ सही पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। आयोजित शिविरों में आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, झारखंड राज्य सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 से संबंधित अन्य सेवाएँ–जैसे दाखिल-खारिज, नया राशन कार्ड, भूमि की मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र के साथ- साथ विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन लिए गए हैं।

## एक नजर

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 91/25 के प्राथमिकी आरोपी जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के मदनशाही निवासी मो. मेराज को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी को सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करवाने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बाजार से घर जा रहे बाइक सवार दंपती को हाइवा ने मारा धक्का, गंभीर घायल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआ दियारा के पास मोटरसाइकिल पर जा रहे दंपती को पीछे से हाइवा ने टक्कर मार दी। महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। मौके पर मौजूद लोगों ने महिला को आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला की पहचान फुल्शन खातून के रूप में हुई है। पति नाजीर अहमद ने बताया कि घर लौटने के क्रम में तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा ने पीछे से धक्का मार दिया। उधर, सूचना पाकर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। घायल के पति नाजिर अहमद ने बताया कि मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ साहिबगंज में मार्केटिंग कर शाम को बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान बलुआ दियारा के पास हाइवा (जेएच 02 एयू 8274) ने पीछे से धक्का मार दिया। हादसे में नाजिर को भी चोट आयी है। पर बाइक पर पीछे बैठी होने के कारण उसकी पत्नी को गंभीर चोट आयी है। बताया कि हादसे की बाद महिला हाइवा के साथ कुछ दूर तक घसीटती रही। इस कारण उसका दोनों पैर बुरी तरह कुचल गया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी।

### मारपीट कर दुकानदार को किया घायल



**साहिबगंज :** जिला के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत नया टोला निवासी दुकानदार कमल किशोर के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया। कमल किशोर का इलाज सदर अस्पताल साहिबगंज में चल रहा है। बताया कि रात को वह जब अपनी दुकान बंद कर रहा था, तभी युवक कांके तांती कुछ सामान लेने आया, दुकान लगभग बंद हो चुका था, तो उसने मना कर दिया। इसपर उस युवक ने फोन कर कुछ लोगों को बुला लिया। लोहे के रॉड और डंडे से उसके सिर पर मारकर उसे घायल कर दिया। उसने घायल होने के बाद भी कांके को पकड़ लिया और थाना ले गये। इस बीच बाकी लोग वहां से भाग गये। थाना से पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। पुलिस छानबीन में जुट गयी है।

## आदिवासी अधिकार रक्षा मंच द्वारा कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में 27 नवंबर को महारैली



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में आदिवासी अधिकार रक्षा मंच द्वारा 27 नवंबर को आदिवासी हुंकार महारैली निकाली जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को साहिबगंज कॉलेज स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास में बैठक की गई है। बैठक की अध्यक्षता छात्रावास के अध्यक्ष श्रीलाल मुर्म ने की है। इस दौरान दर्जनों छात्र शामिल हुए। इसमें कुर्मी जाती को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में 27 नवंबर को निकलने वाली आक्रोश महारैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। महारैली सुबह दस बजे रेलवे इंस्टिट्यूट से निकाली जाएगी। रैली रेलवे इंस्टिट्यूट से एलसी रोड, पटेल चौक, कॉलेज रोड से पूर्वी फाटक से सुभाष चौक होते हुए डीसी कार्यालय जाकर समापन होगा। इसके बाद डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर विनोद मुर्मू, लक्ष्मण टुडू, अजय टुडू, चंदन मुर्मू, अंपा टुडू, जोसेफ हेम्ब्रम आदि थे।

## स्थानीय लोगों और व्यवसायियों के दबाव में मानगो फ्लाईओवर का काम रुका

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो, दाईगुट्टू, न्यू पुरुलिया रोड एवं अन्य इलाकों के स्थानीय निवासियों और व्यवसायियों के कड़े विरोध के मद्देनजर मंगलवार को मानगो फ्लाइओवर का काम रोक दिया गया है। स्थानीय लोगों और व्यवसायियों का कहना था कि फ्लाइओवर के निर्माण कार्य से उन्हें कोई एतराज नहीं लेकिन जिस तरीके से बीते तीन दिनों से फुटपाथी दुकानदारों को जबरिया हटाया जा रहा था, उनका बिजनेस प्रभावित हो रहा था, वह कहीं से ठीक नहीं। लोगों का कहना था कि अगर छोटे व्यवसायी व्यापार नहीं करेंगे तो जीवित कैसे बचेंगे। जानकारी के अनुसार, फ्लाईओवर निर्माण के लिए मानगो चौक से लेकर गांधी मैदान तक वन वे कर दिया गया था। यह आदेश दिया गया



कि इस रुट पर सिर्फ दो पहिया वाहन ही चलेंगे। फोर व्हीलर को दाईगुट्टू और गांधी मैदान होते हुए उलीडीह-बिरसा रोड में डायवर्ट कर दिया गया था। इससे बस्तियों में रहने वाले हजारों लोग खासे प्रभावित हुए। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के जनसुविधा प्रतिनिधि नीरज सिंह, पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, संतोष भगत, उपेंद्र सिंह मस्तान, विनोद राय, प्रवीण सिंह, आकाश साह, संजय सिंह, मनोज ओझा, विकास साहनी, मनोज गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, विजेंद्र सिंह, भवानी सिंह, मोनू पांडेय, अंकेश श्रीवास्तव, टुनटुन सिंह, राणा सिंह और एनडीए के कार्यकर्ता मंगलवार की सुबह साढ़े 8 बजे मानगो चौक पहुंचे। वहां व्यवसायियों एवं स्थानीय निवासियों ने उनसे कहा कि मानगो चौक से लेकर बड़ा हनुमान मंदिर तक मेन रोड की सभी दुकानें बंद कर दी गई हैं। आने-जाने में जबरदस्त कठिनाई हो रही है। न्यू पुरुलिया रोड को वन वे कर दिया गया है। इससे मानगो बाजार में प्रवेश करने में दिक्कत हो रही है, व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

## सेवा का अधिकार सप्ताह का पांचवां दिन विभिन्न प्रखंडों में शिविर आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** "आपकी योजना–आपकी सरकार–आपके द्वार" अभियान के तहत 28 नवंबर तक चलने वाले सेवा का अधिकार सप्ताह का पांचवें दिन को जिले में आयोजित होने वाले शिविर बरहेट प्रखंडः सनमनी, बरहेट संथाली उत्तर, बोड्बांध, भोगनाडीह पंचायत, बोरियो प्रखंडः बीरबल कांदर, चसगांवा, तेलो पंचायत, पतना प्रखंडः तालझारी, बिशनपुर पंचायत।मंडरो प्रखंडः कौड़ी खुटौना, दामिन भिट्टा पंचायत, बरहरवा प्रखंडः अगलोई, मधुवापाड़ा, श्रीकुंड, पथरिया पंचायत, राजमहल प्रखंडः समसपुर, लखीपुर, प्राणपुर, गुनिहारी पंचायत, तालझारी प्रखंडः सालगाछी संथाली, बाकुडी पंचायत, उधवा प्रखंडः पूर्वी उधवा, उत्तर बेगमगंज, चांद शहर, पूर्वी उधवा दियारा पंचायत, साहिबगंज प्रखंडः किशन प्रसाद, हाजीपुर पूर्व पंचायत, साहिबगंज नगर परिषदः वार्ड संख्या 17, 18, 19, 20, 21 टाउन हॉल, साहिबगंज एवं वार्ड संख्या 22, 23, 24 वार्ड संख्या 22 के वार्ड पर्षद के घर के पास, साहिबगंज में, नगर पंचायत राजमहलः वार्ड संख्या 7, 8, 9, 10, 11 बिरसा मुंडा टाउन हॉल , राजमहल में, नगर पंचायत बरहरवाः वार्ड संख्या 1, 2, 3 नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र झाल दिग्घी, झिकटिया, बरहरवा एवं वार्ड संख्या 11, 14 नगर पंचायत कार्यालय भवन, बरहरवा। शिविर में प्रदत्त प्रमुख सेवाएं जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड आवेदन, दाखिल-खारिज एवं भूमि संबंधी वादों से संबंधित आवेदन, भूमि धारण प्रमाण पत्र, भूमि की मापी से संबंधित आवेदन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं हेतु आवेदन, अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि शिविरों में पहुँचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ अवश्य लें।

## ट्रेन की चपेट में आकर ट्रैक मैन की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर रेल मंडल के चाईबासा-पंडराशाली स्टेशन के बीच मंगलवार तड़के एक रेल हादसा में 48 वर्षीय ट्रैक मेंटेनर नंदलाल गोप की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह हादसा सुबह करीब 6:30 बजे थर्ड लाइन पर नियमित पेट्रोलिंग के दौरान हुआ, जब वे पटरियों का निरीक्षण कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, नंदलाल गोप रातभर की गश्त पूरी कर सुबह में निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान एक ट्रेन अचानक उसी ट्रैक पर आ गई और वे उसकी चपेट में आ गए। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना फैलते ही रेलवे विभाग में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा हो गया। डोंगवापोसी मेंस कांग्रेस के शाखा सचिव सुभाष मजूमदार ने नंदलाल गोप के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे रेल प्रशासन की लापरवाही का परिणाम बताया।

### मोबाइल बैंकिंग के नाम पर युवक से 1.75 लाख की साइबर ठगी

**साहिबगंज :** जिला के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत रोहड़ा गांव के युवक के साथ मोबाइल बैंकिंग के नाम पर 1.75 लाख रुपये की साइबर ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। इसे लेकर पीड़ित युवक रोहित साह पिता चंद्रदेव साह ने बरहेट थाने में आवेदन देकर पुलिस को बताया है कि विगत 19 नवंबर को उन्हें मोबाइल नंबर 85219246471 से मोबाइल बैंकिंग के नाम पर कॉल आया। इसके बाद व्हाट्सएप पर लिंक भेजा गया, जिस पर क्लिक करते ही उसके बैंक खाते से कई बार में कुल 1,75,000 रुपये की निकासी कर ली गयी। इसके बाद तुरंत ही उन्होंने अपने खाते को लॉक करवाया। इधर, पुलिस साइबर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गयी है।

# पाकुड़ में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, चोरी की 12 बाइक बरामद, तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ जिले की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 चोरी की बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी बरामद गाड़ियों का सत्यापन पूरा कर लिया गया है और इन्हें जल्द ही वास्तविक मालिकों को सौंप दिया जाएगा। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया जारी है। गिरफ्तार अपराधियों में रमजान अंसारी उर्फ ओखनु, अब्दुल सुभान अंसारी उर्फ मोटरू और लतीफ अंसारी शामिल हैं। रमजान अंसारी के खिलाफ महेशपुर,



शमशेरगंज और पाकुड़ नगर थाना में चोरी, डकैती की तैयारी तथा अवैध कारोबार के कई मामले दर्ज हैं, जबकि लतीफ अंसारी पर भी पाकुड़ थाना में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने बताया कि अन्नपूर्णा कॉलोनी से 7 नवंबर 2025 को चोरी हुई होंडा साइन की तलाश के लिए गठित विशेष अनुसंधान दल ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचना के आधार पर तेजी से कार्रवाई की। अमित कुमार के आवेदन पर दर्ज पाकुड़ थाना कांड संख्या 281/2025 के आधार पर पुलिस लगातार जांच कर रही थी। एसआईटी ने छापेमारी अभियान चलाकर तीनों अपराधियों को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर कुल 12 बाइक बरामद कीं। इनमें हीरो स्प्लेंडर प्लस, हीरो सुपर स्प्लेंडर, होंडा शाइन, हीरो ग्लैमर, बजाज पल्सर समेत कई मॉडल शामिल हैं। कई बाइक बिना नंबर प्लेट के मिलीं, जिससे स्पष्ट होता है कि चोरी के बाद इनकी पहचान छिपाने की कोशिश की गई थी। पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गिरोह पिछले कई वर्षों से पाकुड़ और आसपास के इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस के अनुसार गिरोह की सक्रियता के कारण जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं, जिन पर अब प्रभावी अंकुश लगा है। एसआईटी की इस सफलता में पाकुड़ नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी मदन शर्मा, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विनय कुमार, अभिषेक कुमार, बलवंत दुबे, जेना बालमुचु, शाहिद, सोनालाल पहाड़िया, अवधेश कुमार, संतोष मरांडी और सशस्त्र पुलिस बल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी ने पथ निर्माण विभाग एवं एनएच प्रमंडल की सड़क योजनाओं की विस्तृत समीक्षा



**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पथ निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में प्रगत सड़क योजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, गुणवत्ता तथा अवरोधों की गहन समीक्षा की गई। डीसी ने पथ निर्माण विभाग के तहत संचालित निम्नलिखित महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी लेते हुए कार्यों में और तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। मिजाचौकी से बोआरीजोर सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, बांझी बाजार–मांडवा–करिकंदर–चकरी–दलदली – करासोल, सड़क का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, हाथमारी से हाथीगढ़ तक सड़क पुनर्निर्माण कार्य, दिग्घी एनएच–80 से केसरो बरहेटझ्रबरहरवा मोड़ तक रिंग रोड का चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण/पुनर्निर्माण , महाराजपुर से शमार्पुर (एनएच–80) वाया तालझारी–कल्याणचक–पड़रिया–तीनपहाड़–बाकुडी मार्ग सुदृढ़ीकरण कार्य कि जानकारी ली। डीसी ने निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, पारदर्शिता के साथ एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने प्रत्येक परियोजना की विशेष निगरानी सुनिश्चित करने और कार्य में देरी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने की बात भी कही। बैठक में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार, तथा विभागीय सहायक अभियंता उपस्थित थे।

### अंडर-16 क्रिकेट लीग में संत जोसेफ स्कूल ने 62 रन से जीत दर्ज



**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो–कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर–16 जिला क्रिकेट लीग टूनामेंट के तहत मंगलवार को रेलवे स्कूल बनाम संत जोसेफ स्कूल के बीच मैच खेला गया। रेलवे स्कूल ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। संत जोसेफ स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए। 29 .4 ओवर में 254 रन बना कर ऑल आउट हो गई। आदित्य कुमार ने 96, सुधीर यादव ने 29 रन की पारी खेली। रेलवे स्कूल के गेंदबाज अरमान अंसारी ने 4 व सुशांत पासवान ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे स्कूल की टीम 20 ओवर में 192 रन बना कर ऑल आउट हो गई। सोहैल ने नाबाद 30, अनस अंसारी ने 26, अरमान ने 17, हर्ष राय ने 16 रन की पारी खेली। संत जोसेफ स्कूल के गेंदबाज आदित्य ने 4, प्रिंस कुमार ने 3 व वारिस अली ने 2 विकेट लिए। संत जोसेफ स्कूल ने 62 रन से जीत हासिल की। संत जोसेफ स्कूल के आदित्य कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि शशि कुमार भरतिया ने आदित्य को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग चंदन यादव व सतीश ओझा एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### आयुष्मान भारत मद से दैनिक कर्मियों की नियुक्ति पर डीसी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित



**साहिबगंज :** आयुष्मान भारत मद से भुगतान किए जाने वाले मानदेय के अंतर्गत दैनिक मजदूरी पर जी.एन.एम, एक्स–रे टेक्नीशियन, ईसीजी टेक्नीशियन एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति से संबंधित बैठक डीसी हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में की गई।उन्होंने चयन प्रक्रिया, कार्यक्षमता, पारदर्शिता एवं समयबद्ध मानदेय भुगतान को सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। डीसी ने यह भी निर्देश दिया कि नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह नियमानुसार, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण हो। इसके साथ ही कार्यरत कर्मियों का उपस्थिति, ड्यूटी आवंटन एवं कार्य निष्पादन की निरंतर समीक्षा करने को कहा गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, डीपीएम हिना, तथा प्रभारी डॉ. राजीव रंजन सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आदिवासी अधिकार रक्षा मंच द्वारा कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में 27 नवंबर को महारैली



**साहिबगंज :** कुरमी को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में आदिवासी अधिकार रक्षा मंच द्वारा 27 नवंबर को आदिवासी हुंकार महारैली निकाली जाएगी। इसे लेकर मंगलवार को साहिबगंज कॉलेज स्थित आदिवासी कल्याण छात्रावास में बैठक की गई है। बैठक की अध्यक्षता छात्रावास के अध्यक्ष श्रीलाल मुर्म ने की है। इस दौरान दर्जनों छात्र शामिल हुए। इसमें कुर्मी जाती को एसटी सूची में शामिल करने के विरोध में 27 नवंबर को निकलने वाली आक्रोश महारैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। महारैली सुबह दस बजे रेलवे इंस्टिट्यूट से निकाली जाएगी। रैली रेलवे इंस्टिट्यूट से एलसी रोड, पटेल चौक, कॉलेज रोड से पूर्वी फाटक से सुभाष चौक होते हुए डीसी कार्यालय जाकर समापन होगा। इसके बाद डीसी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौके पर विनोद मुर्मू, लक्ष्मण टुडू, अजय टुडू, चंदन मुर्मू, अंपा टुडू, जोसेफ हेम्ब्रम आदि थे।

# बिहार : अब बढ़ेगी चीनी की मिठास



## मिलों पर नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला, छह प्रस्ताव पास

पटना। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्वी में नई सरकार आज अपनी पहली कैबिनेट की। सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में सभी मंत्री कैबिनेट की बैठक में शामिल हुए। इसके बाद मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योग और रोजगार पर पूरा फोकस कर रही है। हमारी प्राथमिकता बिहार में अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो। अगले पांच साल में एक करोड़ नौकरी और रोजगार के लक्ष्य को प्राप्त करना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बिहार को पूर्वी भारत नया टेक हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क को मंत्री परिषद् ने स्वीकृति दे दी। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू करने हेतु नीति एवं कार्ययोजना बनाई गई है। इसके साथ ही राज्य के सभी प्रमुख शहरों को बेहतर एवं सुंदर बनाने की योजना पर कार्य करने हेतु तैयारी एवं नई तकनीकों का उपयोग कर राज्य को अग्रणी बनाने हेतु बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना की जाएगी।राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, ये शुरू से ही हमलोगों की प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों (2025-30) में हमलोगों ने एक करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा कि आबिहार के प्रमुख शहरों की बढ़ती जनसंख्या, मास्टर प्लान आधारित विकास की अपरिहार्यता एवं भविष्य के जनसंख्या दबाव, शहरों की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए राज्य में नियोजित, पर्यावरण-सम्मत एवं आधुनिक टाउनशिप के विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य में सुनियोजित एवं गुणवत्ता युक्त शहरी विकास हेतु 11 शहरों यथा-09 प्रमंडलीय मुख्यालय शहर, सोनपुर एवं सीतामढ़ी (सीतापुरम) में नये सैटेलाईट टाउनशिप या ग्रीनफिल्ड टाउनशिप के विकास के सैद्धान्तिक सहमति तथा प्रस्ताव तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की गयी, जिससे राज्य में सैटेलाइट टाउनशिप या ग्रीनफिल्ड टाउनशिप का विकास किया जाएगा।

## पटना, राजगीर, नालंदा-वैशाली में बनेगा फाइव स्टार होटल



पटना। नवनिर्वाचित पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने मुख्य सचिवालय स्थित पर्यटन विभाग कार्यालय में पर्यटन मंत्री का पद का पदभार ग्रहण किया। उनका स्वागत पर्यटन सचिव लोकेश कुमार सिंह ने किया। मंत्री ने कहा कि बिहार अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं, विरासतों और सभी धर्मों के पवित्र स्थलों के केंद्र के रूप में भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर में प्रसिद्ध है। यहां के विभिन्न पर्यटन सर्किट यथा, बौद्ध सर्किट, जैन सर्किट, रामायण सर्किट, सूफी सर्किट सहित इको सर्किट आदि देश में विशिष्ट स्थान रखते हैं। मंत्री ने कहा कि माता जानकी की जन्मभूमि सीतामढ़ी के पुनौराधाम में भव्य मंदिर, सोनपुर हरिहरक्षेत्र कॉरिडोर, गयाजी में विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर, महाबोधि कॉरिडोर, बोधगया मेडिटेशन सेंटर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रगति यात्रा के मध्य पर्यटन विभाग से जुड़ी बहुत सारी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिसपर काम चल रहा है। उन सभी योजनाओं को जल्द पूरी करने की जिम्मेवारी रहेगी। इसके साथ ही राजधानी पटना, राजगीर, नालंदा और वैशाली में फाइव स्टार होटलों का निर्माण कराना विभाग का उद्देश्य है। आम धारणा है कि बिहार में पर्यटक कम आते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है। पिछले साल 2024 में जहां 6.60 करोड़ देसी-विदेशी पर्यटक बिहार पहुंचे थे। इस साल सितंबर तक 5.10 करोड़ से ज्यादा देसी-विदेशी पर्यटक बिहार का दौरा कर चुके हैं। हम पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में टॉप 10 राज्यों में आते हैं, इसे आगामी पांच वर्षों में टॉप-5 में आने का लक्ष्य रखा गया है। यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आज राज्य के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पर्यटक रुक कर सुखद अनुभूति महसूस कर रहे हैं। पर्यटन संपदाओं से समृद्ध इस प्रदेश में पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं है। पर्यटन को रोजगार युक्त बनाने के लिए पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटकों की बुनियादी सुख-सुविधाओं का समुचित प्रबंधन करने का काम राज्य सरकार की प्राथमिकता है। बिहार की पर्यटन नीति इस दिशा में न केवल एक बेहतर नीति है, बल्कि इसमें पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने पर आकर्षक सब्सिडी के भी प्रावधान किए गए हैं।

# सोनपुर में बनेगा मरीन ड्राइव और इंटरनेशनल एयरपोर्ट



## डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का एलान


हाजीपुर। बिहार में सुशासन है, और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार सुशासन स्थापित होगा। और उन्होंने जो काम किया है उसी को आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। पूर्ण रूप से नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सुशासन है और आगे भी रहेगा। उक्त बातें सोनपुर में बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कही। सम्राट चौधरी गृह मंत्रालय के प्रभार लेने से पहले मंगलवार को सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। सिर्फ खबर पढ़ेंमीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बाबा हरिहरनाथ के आशीर्वाद से बिहार और तरक्की करें, इसकी कामना करने आया हूं। आज गिरी विभाग का चार्ज लेने वाला हूं। उससे पहले बाबा का आशीर्वाद लेने आया हूं, लेकिन मैंने पहले भी कहा है सोनपुर को गोद लिया है, एक तरह से। यहां मरीन ड्राइव बनाऊंगा। मंदिर परिसर को पूर्ण रूप से कॉरिडोर बनाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार सोनपुर को बहुत बड़ा शहर बनाने का काम करेगी। अगले 5 वर्षों में सोनपुर पूर्ण रूप से बदला हुआ दिखेगा। हम लोगों का प्रयास है यहां के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी भी लगातार लगे रहते हैं। इंटरनेशनल एयरपोर्ट का प्रयास हम लोगों ने शुरू कर दिया है। इसको भी जमीन पर उतारने का काम किया जाएगा। इसलिए सोनपुर अगले 5 वर्षों में पूर्ण रूप से विकसित भी दिखेगा और दुनिया की नजर में सोनपुर एक महत्वपूर्ण स्थान होगा। पत्रकार के द्वारा बिहार में कौन सा मॉडल लागू होने के सवाल पर सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में सुशासन है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में लगातार सुशासन स्थापित होगा और उन्होंने जो काम किया है उसी को आगे बढ़ने का काम किया जाएगा।

## युवक के सीने में मारी गोली

बांका। रजौन थाना क्षेत्र के खिड्डी गांव में सोमवार रात पुरानी रंजिश के चलते युवक को गोली मारकर घायल कर दिया गया। घायल को गंभीर हालत में भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है। गांव में दो गुटों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के कारण प्रसादी यादव के बेटे प्रदीप यादव पर हमला किया गया। अचानक हुई फायरिंग में गोली सीधे प्रदीप यादव के सीने में लगी और वह जमीन पर गिर पड़ा। गोली चलने की आवाज से पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आरोपी वारदात के बाद मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही रजौन पुलिस तुरंत गांव पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

## संक्षिप्त डायरी

### गयाजी में कुत्तों का बढ़ता कहर: 12 महीनों में 21511 लोग हुए शिकार, रोजाना 70-80 मरीज पहुंच रहे सदर अस्पताल



गयाजी। गयाजी शहर इस समय आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से जूझ रहा है। गलियों से लेकर मुख्य बाजारों तक कुत्तों का झुंड खुलेआम घूमता नजर आता है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि जेपीएन सदर अस्पताल में रोजाना 70-80 मरीज एंटी रेबीज वैक्सीन लेने पहुच रहे हैं। इनमें छोटे बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और दफ्तर आने-जाने वाले लोग बड़ी संख्या में शामिल हैं। अस्पताल के आंकड़े शहर की स्थिति को और भयावह रूप में सामने लाते हैं। नवंबर 2024 से अक्टूबर 2025 के बीच कुल 21,511 लोग कुत्तों के काटने का शिकार बने। डॉक्टरों का कहना है कि सामान्य वर्षों की तुलना में यह आंकड़ा लगभग दोगुना है, जो आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है। सबसे चिंता की बात यह है कि इसमें लगभग 40 फीसदी केस 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के हैं। स्कूल जाते समय, खेलते-कूदते या गली से गुजरते समय बच्चे सबसे ज्यादा कुत्तों के निशाने पर आ रहे हैं।जेपीएन सदर अस्पताल के प्रबंधक संजय कुमार अंबष्ट बताते हैं कि हर दिन आने वाले इतने मरीजों के कारण एंटी रेबीज वैक्सीन की मांग अचानक बढ़ गई है। कई बार अस्पताल को अतिरिक्त स्टाक मंगवाना पड़ता है ताकि मरीजों को वैक्सीन लेने में कोई दिक्कत न हो। चिकित्सकों के अनुसार, रेबीज संक्रमण जानलेवा होता है, इसलिए समय पर टीका लगवाना बेहद आवश्यक है।

### जमीन विवाद में 2 पक्षों के बीच गोलीबारी: 20 राउंड फायरिंग की सूचना

बेगूसराय। जमीन पर कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच गोलीबारी हुई है। 20 राउंड फायरिंग की सूचना है। मौके से 3 खोखे बरामद हुए हैं सूचना मिलते ही तेघड़ा डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस बीच सभी उपद्रवी फरार हो गए। घटना फुलवड़िया थाना क्षेत्र के बरौनी नगर परिषद के वार्ड नंबर-15 की है। जानकारी के मुताबिक बरौनी गंजपर निवासी राजा करीम के ससुर जमींदार थे। 37 कट्ठा जमीन पूर्व मुखिया हरिवंश नारायण सिंह ने रजिस्ट्री कराया था। लेकिन अपने ससुर के हिस्से की जमीन पर राजा के परिजन खेती कर रहे थे। वह जमीन छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद चल रहा है। राजा करीम के परिवार वालों ने विवादित जमीन पर फसल लगाई गई थी। सोमवार को हरिवंश नारायण सिंह के समर्थकों ने जमीन पर कब्जा करने के लिए ट्रैक्टर चलाना शुरू कर दिया। जानकारी मिलते ही करीम के लोग मौके पर पहुंचे गए। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 20 राउंड गोली चली है। हालांकि जब पुलिस टीम पहुंची तो गोलीबारी करने वाले सभी लोग फरार हो गए। पुलिस समय पर नहीं आती तो बड़ी घटना हो सकती है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से थाने में आवेदन नहीं दिया गया है। तेघड़ा डीएसपी कृष्ण कुमार ने फुलवड़िया थानाध्यक्ष को मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एक पक्ष के मो. दानिश ने बताया कि वार्ड नंबर-15 में अपने भाई के साथ डेरा पर था। इस बीच मधुरापुर बाघमारा के दबंग अपने सैकड़ों समर्थकों से डेरा वाले खेत पर पहुंच गए। मक्का, सरसों और आलू लगे खेत पर कब्जा करने की नीयत से ट्रैक्टर से जोतने लगे।

## पत्नी-पिता को गोली मारी फिर खुद को किया शूट




रोहतास। एक शख्स ने पहले पत्नी और उसके बाद अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। दोनों को गोली मारने के बाद उसने खुद को भी शूट कर लिया। मंगलवार की सुबह एक घर में तीन लाश मिलने के बाद हड़कंप मच गया। तीनों शवों के सिर में गोली के निशान हैं। मृतकों की पहचान अमित, शालिग्राम और नीतू देवी के रूप में हुई है। घटना जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल के भानस थाना अंतर्गत डिहरा गांव की है। अरढ संकेत कुमार के मुताबिक अमित सिंह ने लाइसेंसी बंदूक से सोमवार की देर रात करीब 12:30 बजे पहले अपनी पत्नी नीतू देवी को गोली मारी। फायरिंग के बाद घर के लोग इधर-उधर भागने लगे और उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया। पत्नी की हत्या के बाद अमित घर के आंगन में पहुंचा। जहां अमित के पिता शालिग्राम ने उसे रुकने को कहा। इस पर अमित ने अपने पिता को भी गोली मार दी। पत्नी और पिता की हत्या करने के बाद अमित ने खुद को भी शूट कर लिया। अमित सिंह के बड़े भाई राजेश ने बताया कि, घर में सब लोग सो रहे थे। तभी 12 बजे के आसपास पहले फ्लोर से गोली चलने की आवाज आई। हम लोग घबरा कर उठे और कमरे से बाहर निकले। मैंने देखा कि, अमित गुस्से में हाथ में बंदूक लिए अपने कमरे से नीचे उतर रहा है। हम लोग भागकर उसके कमरे में गए। कमरे में अमित की पत्नी की डेड बॉडी पड़ी थी। उसके सिर में गोली मारी गई थी। अमित पत्नी की हत्या करने के बाद आंगन की तरफ बढ़ा। तभी पिताजी ने अमित से बंदूक छीनने की कोशिश की, लेकिन अमित ने उन्हें धक्का दिया। दोनों के बीच बहस हुई। इसी बीच अमित ने पिताजी के सिर में गोली मार दी। हम सब लोग डर गए। घर की महिलाओं ने खुद को कमरे में बंद कर लिया।

# कैबिनेट बैठक के बाद रोजगार पर सीएम नीतीश कुमार ने दिया ब्लू प्रिंट



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शपथ ग्रहण के बाद ही युवाओं और रोजगार को लेकर अपनी तैयारी दिखा दी थी। उन्होंने बिहार में उद्योग की संभावना बढ़ाने की तैयारी पहले ही बता दी थी। मंगलवार को इधर कैबिनेट की बैठक में उद्योग और विकास की बात हुई तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं को अगले 5 साल में रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर अपनी पूरी योजना बताई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर क्या लिखा, आगे उसे शब्दशः पढ़ें।राज्य में अधिक से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार मिले, यह शुरू से ही हमलोगों की प्राथमिकता रही है। सात निश्चय-2 के तहत वर्ष 2020-25 के बीच राज्य में 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार दिया गया है। अगले 5 वर्षों (2025-30) में हमलोगों ने 1 करोड़ युवाओं को नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है।नई सरकार के गठन के पश्चात राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए हमलोगों ने तेजी से काम शुरू कर दिया है। बदलते बिहार के विकास की गति को बल देने हेतु बिहार में प्रौद्योगिकी और सेवा आधारित नवाचारों की न्यू ऐज इकोनॉमी (New Age Economy) के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु इस क्षेत्र से संबंध रखने वाले बिहार के अग्रणी उद्यमियों के सुझाव प्राप्त कर योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाएगा। साथ ही बिहार को एक वैश्विक Back-end Hub' एवं ग्लोबल वर्कप्लेस के रूप में विकसित एवं स्थापित करने हेतु महत्वपूर्ण विभागों तथा प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों के सहयोग से एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाएगी। बिहार की जनसंख्या में युवाओं की भागीदारी काफी अधिक है। इसको सार्थक दिशा देने पर बिहार देश का सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य बन सकता है। बिहार में बड़ी संख्या में उपलब्ध युवा मानव संसाधन को ध्यान में रखते हुए बिहार को पूर्वी भारत के नए टेक्नोलॉजी हब (Technology Hub) के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए बिहार में डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी व फिनटेक सिटी की स्थापना की जाएगी एवं उद्योगों का जाल बिछाने हेतु वृहद कार्ययोजना तैयार कर योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा। राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना एवं पुरानी बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनः चालू करने हेतु नीति एवं कार्ययोजना बनाई गई है। इसके साथ ही राज्य के सभी प्रमुख शहरों को बेहतर एवं सुंदर बनाने की योजना पर कार्य करने हेतु तैयारी की जा रही है, तथा नई तकनीकों का उपयोग कर राज्य को अग्रणी बनाने हेतु बिहार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मिशन की स्थापना की जाएगी। उक्त सभी बिंदुओं पर कार्ययोजना तैयार करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आज उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी गई है। यह समिति राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने एवं युवाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करने से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण का कार्य करेगी।

## नालंदा के सरकारी स्कूलों में 5,679 नए शिक्षक फिर भी लगातार घट रही छात्रों की संख्या




नालंदा। जिले के सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या घट गई है। बीपीएससी के माध्यम से तीन चरणों में 5,679 नए शिक्षकों की बहाली हुई है और स्कूलों में बुनियादी संसाधन भी बढ़े हैं। इसके बाद भी स्कूलों 33,666 छात्रों की संख्या घटी है। यू-डायस पोर्टल के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2023-24 में जिले के सरकारी विद्यालयों में कुल 4,50,026 छात्रों का एडमिशन था। यह संख्या सत्र 2024-25 में घटकर 4,42,817 रह गई। यानी 7,211 विद्यार्थियों की कमी। लेकिन असली झटका तब लगा जब चालू शैक्षणिक सत्र 2025-26 के आंकड़े सामने आए। इस सत्र में केवल 4,09,151 विद्यार्थियों ने ही नामांकन कराया है। यानी पिछले एक साल में ही 33,666 विद्यार्थी गायब हो गए। यह संख्या किसी एक छोटे शहर के समस्त स्कूली बच्चों के बराबर है। दो वर्षों में कुल 40,877 छात्रों की कमी हुई है। शिक्षा विभाग लगातार नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चला रहा है। कभी 'नामांकन अभियान' तो कभी 'विशेष प्रवेशिकोत्सव अभियान' के माध्यम से अभिभावकों को प्रेरित किया जा रहा है कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाएं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये प्रयास परिणाम देने में विफल साबित हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के जानकार एक और पहलू की ओर इशारा करते हैं। उनका कहना है कि वास्तव में विद्यार्थियों की संख्या में इतनी बड़ी गिरावट नहीं आई है, बल्कि पहले जो फर्जी नामांकन होता था, वह अब रुक गया है। ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर छात्रों का आधार कार्ड अनिवार्य करने के बाद फर्जी नामांकन पर लगाम लगी है। इससे पहले कई स्कूलों में कागजों पर तो सैकड़ों बच्चे नामांकित होते थे, लेकिन वास्तविकता में उनकी संख्या बहुत कम होती थी। मिड-डे-मील के खाद्यान्न और राशि के गबन के कई मामले सामने आ चुके हैं। अधिक बच्चों की हाजिरी दिखाकर राशि हड़पने वाले कई प्राचार्यों पर कार्रवाई भी हुई है।

# पैतृक गांव पहुंचा शहीद जवान का शव

## सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई



रोहतास। राजस्थान के जैसलमेर में एक हादसे के दौरान गंभीर रूप से घायल जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया। वे लगभग 35 वर्ष के थे और लगभग 14 वर्ष से सेना में अपनी सेवा दे रहे थे। मंगलवार की सुबह, जब उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, तो पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के गांवों से काफी संख्या में लोग जमा हो गये और इस दौरान सभी की आंखें नम दिखाई दी। शहीद जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता रोहतास जिले के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत तिऊरा गांव के स्थाई निवासी थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 4 नवंबर को जवान मथुरा प्रसाद गुप्ता जैसलमेर स्थित मिलिट्री बेस कैंप में सैन्य टैंक रिपेयरिंग का काम कर रहे थे, तभी नाइट्रोजन गैस की टंकी फटने से वे बुरी तरह झुलस गए। आनन-फानन में उन्हें जैसलमेर के एक सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 22 नवंबर को इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस हादसे में अन्य चार जवान भी घायल हैं, जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है। वहीं शहीद जवान का शव मंगलवार की सुबह उनके पैतृक गांव पहुंचते हीं काफी संख्या में ग्रामीण अपने वीर सपूत को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंच गये। साथ हीं अंतिम संस्कार के दौरान स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे और सभी ने भारत माता की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा, मथुरा तेरा नाम रहेगा आदि नारों के साथ नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। डेहरी एसडीएम निलेश कुमार, डेहरी एएसपी अतुलेश झा, सांसद मनोज राम, विधायक मुरारी प्रसाद गौतम एवं जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी कर्नल अजय कुमार सिन्हा ने शहीद के परिवार को सांत्वना दी और उनके बलिदान को नमन किया। पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद जवान का अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान की वर्ष 2013 में शादी हुई थी। वे अपने पीछे 29 वर्षीय पत्नी पूजा देवी और दो बेटों को छोड़ गए हैं। 12 वर्षीय शुभम गुप्ता एवं 9 वर्षीय शौर्या गुप्ता के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे और पत्नी व मां का भी बुरा हाल था। गांव की महिलाओं को पूरे परिवार को संभालना मुश्किल हो रहा था। हालांकि इस दुखद घड़ी में मौजूद सभी लोग शहीद के बलिदान पर गर्व महसूस कर रहे थे।



# निखारें चेहरा संवारें अपना भविष्य

पार्टियों में जाने के लिए किए जाने वाले मेकअप से लेकर कलाकारों के मेकअप तक इसकी उपयोगिता से सभी परिचित हैं, लिहाजा यह मेकअप करना शौक भी हो सकता है और एक कामयाब करियर भी। एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कुछ वर्ष पहले तक करियर के रूप में इसे अच्छी निगाह से नहीं देखा जाता था, लेकिन अब बाजार के बड़े-बड़े नामों ने इसमें सम्मान जोड़ दिया है। कुछ कामयाब नाम हैं- शहनाज हुसैन, भारती तनेजा, वंदना लूथरा, ब्लॉसम कोचर, सिल्वी इत्यादि। इन्होंने मेकअप आर्टिस्ट के रूप में शुरुआत की और आज बिजनेस ब्रांड के रूप में पूरे देश में जाने जाते हैं। यही वजह है कि अब मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर करियर बनाने के इच्छुक युवा ट्रेनिंग लेने लगे हैं, ब्यूटी चेन में अच्छी जॉब उन्हें मिलने लगी है और कम पूंजी में खुद का व्यवसाय शुरू करने लगे हैं। आज मेकअप आर्टिस्ट सिर्फ फैशन मॉडल्स अथवा फिल्मी सितारों की ही जरूरत नहीं है। दूसरी जगहों पर भी इसकी खास डिमांड है।

खासकर शादी के सीजन में इन लोगों की डिमांड बढ़ जाती है। अब तो इसमें भी स्पेशलाइजेशन हो गया है, जैसे कोई सिर्फ दूल्हे का मेकअप करता है तो कोई दुल्हन का। यहां आपको यह बता दें कि हर माध्यम के लिए अलग-अलग मेकअप होता है। टीवी/फिल्मी कलाकारों का मेकअप अलग होता है तो थिएटर में काम करने वालों का अलग। स्टेज आर्टिस्ट का मेकअप टीवी आर्टिस्ट की तुलना में चटक होगा। किसी कैरेक्टर को उसकी उम्र से अलग दिखाना है तो उसका मेकअप अलग होगा, वहीं जले या दाग दिखाने के लिए मेकअप अलग होगा। शहर और वहां की जलवायु के मुताबिक भी मेकअप किया जाता है। जैसे मुंबई में हवा में नमी रहती है, इसलिए पसीने को ध्यान में रख कर ऐसा मेकअप करना पड़ता है कि वह खराब न हो। वहीं राजस्थान में मेकअप के लिए अलग चीजों का इस्तेमाल करना पड़ता है। यह तभी संभव है, जब मेकअप आर्टिस्ट को इसका ठीक-ठीक ज्ञान हो कि स्थान, उम्र और जरूरत के लिहाज से कैसा मेकअप होना चाहिए।

## गुण क्या हो?

इस प्रोफेशन में भी करियर बनाने के लिए कुछ विशेष गुणों की दरकार है। सबसे पहले उसमें विजुअलाइजेशन की क्षमता होनी चाहिए कि कौन सा स्टाइल या गेटअप किस पर फबेगा। उसे ऐसा रूप देना कि खुद को देख कर उसमें आत्मविश्वास भर जाए। कभी-कभी कई घंटों तक काम करना होता है, खासकर टीवी और फिल्म की शूटिंग के दौरान। शारीरिक और मानसिक रूप से उसका फिट होना बहुत जरूरी है, तभी वह अपने काम को सही-सही अंजाम दे पाएगा। आप में रंग और उसके असर की बारीक समझ होनी चाहिए। मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए आपका व्यवहार दोस्ताना होना चाहिए, तभी जिसका आप मेकअप करने जा रहे हैं, उसे बिना उबाए या थकाए उसका मनपसंद गेटअप आप उसे दे पाएंगे। इसके अलावा खुद भी आकर्षक दिखना जरूरी है। फैशन इंडस्ट्री में स्टाइल और ट्रैंड रोज बदलते हैं, इसलिए नई-नई तकनीक, हेयरस्टाइल्स और कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट के बारे में उसे अपडेट रहना होगा।

## योग्यता क्या हो?

मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है और न ही किसी प्रकार की योग्यता की। इससे भी कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने स्कूल या कॉलेज में कौन सा विषय लिया था। बस आप में इस काम के प्रति लगाव होना चाहिए। अगर ऐसा है तो आपके लिए करियर की राहें आसान हैं। अगर 10वीं या 12वीं पास हैं तो और भी बेहतर।

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए आप ब्यूटीकेयर के अंतर्गत अन्य विषयों जैसे ब्यूटीशियन, मैनिक्यूरिस्ट, पैडिक्यूरिस्ट, इलेक्ट्रोलॉजिस्ट व अरोमा थेरेपी विषयों में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। इसके अलावा आप किसी संस्थान से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। संस्थानों द्वारा संचालित कोर्सेज के पाठ्यक्रम में एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, डाइट, सेल्समैनशिप व सैलून आर्गेनाइजेशन से संबंधित थ्योरी पढ़ाई जाती है। वहीं प्रैक्टिकल वर्क के रूप में फेशियल, डिफरेंट टाइप ऑफ मसाज, मेकअप व इलेक्ट्रिक ट्रीटमेंट सिखाया जाता है।

**मेकअप आर्टिस्ट किसी जवान इंसान को बूढ़ा बना देता है तो बूढ़े इंसान को जवान। यही नहीं, मेकअप में वो ताकत है, जो चरित्र के हिसाब से कलाकार का पूरा व्यक्तित्व बदल दे। सुंदर दिखने-दिखाने की चाहत व्यक्तिगत रुचि से लेकर व्यावसायिक कौशल तक फैली हुई है। यही कारण है कि मेकअप करना एक खास किस्म का हुनर है।**

## नौकरी के अवसर

वर्तमान में फिल्म व टेलीविजन इंडस्ट्री में मेकअप व हेयर ड्रेसिंग एक्सपर्ट की मांग बढ़ती जा रही है। इन एक्सपर्ट्स को फिल्म इंडस्ट्री में आर्टिस्ट के नाम से जाना जाता है। बतौर फीलांस भी इसमें हैं ढेरों काम। फैशन आर्गेनाइजर, ब्यूटी पार्लरों, सिलेब्रिटीज के लिए बड़े पैमाने पर काम है।

## वेतन

इस क्षेत्र में आने वाले को बहुत ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ता। प्रशिक्षण और इंटर्नशिप के दौरान ही आपकी कमाई होने लगती है। शुरुआती सैलरी 8 से 10 हजार मिलती है, लेकिन 5 साल के भीतर आप हर महीने 30 हजार रुपये तक कमा सकते हैं। एक बार आपका नाम हो गया तो आकाश ही सीमा है। कुछ कलाकार साल में 5 लाख रुपये या इससे अधिक भी कमा लेते हैं। वहीं दूसरी तरफ विज्ञापन एजेंसी द्वारा शुरू की गई कैंपेन में एक दिन में ही आपकी कमाई 1500 से 3000 रुपये तक हो सकती है।

## कहां-कहां हैं मौके?




फिल्म/ टीवी/ वीडियो/ रंगमंच/ फैशन/ विज्ञापन एजेंसियों में तो बेशुमार जॉब हैं ही, तेजी से खुल रहे न्यूज चैनलों में भी मेकअप आर्टिस्ट की डिमांड है। वर्तमान में फिल्म व टेलीविजन इंडस्ट्री में मेकअप व हेयर ड्रेसिंग एक्सपर्ट की मांग बढ़ती जा रही है। इन एक्सपर्ट्स को फिल्म इंडस्ट्री में आर्टिस्ट के नाम से जाना जाता है। फिल्म इंडस्ट्री में करियर बनाने के लिए आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि स्टूडियो की चकाचौंध लाइट में एक्टर का मेकअप कैसे किया जाता है। बतौर फीलांस भी इसमें हैं ढेरों काम। फैशन आर्गेनाइजर, ब्यूटी पार्लरों, सिलेब्रिटीज के लिए बड़े पैमाने पर काम है।



**यूपीएससी हर साल सिविल सेवा में परीक्षा का आयोजन करता है। इनमें आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और आईआरएस पदों के लिए सबसे ज्यादा दावेदार होते हैं। इस परीक्षा को क्रैक कर आईएएस की तरह आईएफएस अफसर बनना भी बहुत बड़ी बात होती है। क्योंकि एक आईएएस जहां देश के अंदर कार्य करता है, वहीं एक आईएफएस ऑफिसर दूसरे देशों में देश का प्रतिनिधित्व करता है। इस आर्टिकल के माध्यम से आज हम जानेंगे कि आईएफएस ऑफिसर बनने के लिए क्या एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया चाहिए और इनका क्या काम होता है।**

# कौन और कैसे बन सकते हैं आईएफएस ऑफिसर

आईएफएस स्तर का अधिकारी देश का प्रतिनिधित्व अनेकों अंतर्राष्ट्रीय मंचो पर करता है। इनका दायरा एक आईएएस ऑफिसर से बड़ा होता है। क्योंकि जहां एक आईएएस जिले व देश तक सीमित होते हैं, वहीं एक आईएफएस देश स्तर पर अधिकारिक रूप में विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओ और देशों के साथ काम करते हैं। इनके काम का असर सीधा देश पर पड़ता है। आईएफएस के लिए भी उम्मीदवारों का चयन सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से होता है, लेकिन आईएफएस की मुख्य परीक्षा का सिलेबस अन्य परीक्षाओं से अलग होता है। आईएफएस में आपको अंग्रेजी का ज्ञान होना बहुत जरूरी है क्योंकि एक आईएफएस ऑफिसर विभिन्न देशो के राजदूत, अधिकारी व नेताओं से बात करनी होती है तो इसके लिए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान और बोलचाल में जरूरत होती है।

## एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया

### राष्ट्रीयता

आईएफएस ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार की राष्ट्रीयता निम्नलिखित होनी चाहिए

- भारत के नागरिक हो
- नेपाल/भूटान की नागरिक हो
- वे तिब्बती शरणार्थी जो 1 जनवरी, 1962 से पहले स्थायी रूप से बसने के लिए यहाँ आए, या
- भारतीय मूल के वे लोग जिन्होंने भारत में स्थायी रूप से बसने के लिए युगांडा, बर्मा, पाकिस्तान, जाम्बिया, संयुक्त गणराज्य तंजानिया, मलावी, श्रीलंका, पूर्वी अफ्रीकी देशों केन्या, जायरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रवास किया।

### शैक्षणिक योग्यता

- उम्मीदवार के पास किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डिग्री होनी चाहिए या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए।

### आयु सीमा

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आधिकारिक अधिसूचना में यूपीएससी आयु सीमा 2022 की जानकारी जारी की गई है। आयु सीमा पात्रता मानदंड के अनुसार, 1 अगस्त 2022 को 21 से 32 वर्ष के बीच की आयु के लोग यूपीएससी एग्जाम में आवेदन पत्र भर सकते हैं। आरक्षित वर्ग के आवेदक यूपीएससी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आयु में छूट के पात्र होते हैं।

- एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए- 5 साल
- ओबीसी उम्मीदवारों के लिए- 3 साल।
- जम्मू और कश्मीर राज्य के उम्मीदवार के लिए- 5 वर्ष
- रक्षा सेवा कर्मियों के लिए- 5 वर्ष
- पूर्व सैनिक जिनमें कमीशन अधिकारी और ईसीओ/एसएससीओ शामिल हैं, जिन्होंने कम से कम 5 साल की सैन्य सेवा प्रदान की है और उन्हें रिहा कर दिया गया- 5 वर्ष
- नेत्रहीन, मूक-बधिर और विकलांग व्यक्तियों के लिए- 10 वर्ष

### उम्मीदवार कितनी बार दे सकते हैं ये एग्जाम

- सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार- 6 प्रयास
- एससी / एसटी के उम्मीदवार- कोई प्रतिबंध नहीं
- अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार- 9 प्रयास
- सामान्य व ओबीसी दिव्यांग- 9 प्रयास

### मेडिकल स्टैंडर्ड

इस परीक्षा के लिए उपस्थित होने वाले आवेदकों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। यूपीएससी सीएसई पर्सनालिटी टेस्ट के बाद चुने गए उम्मीदवार यूपीएससी द्वारा अधिसूचित चिकित्सा केंद्र में मेडिकल टेस्ट से गुजरते हैं। किसी भी सेवा में चयनित होने के लिए उम्मीदवारों को सभी मेडिकल टेस्ट पास करना होता है।

## आईएफएस के कार्य

एक आईएफएस का काम उसके उसकी प्रोफाइल पर निर्भर करता है। विदेश में रह रहे भारतीयों की मदद वहां का भारतीय दूतावास करता है, जोकि एक आईएफएस का कार्य होता है। यही ऑफिसर राजदूत और राजनयिक के रूप में भी कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य दोनों देशो के बीच अच्छे संबंध स्थापित करना और अन्य किसी प्रकार के वाद-विवाद को भी बातचीत के जरिए हल करना है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं जैसे यूनाइटेड नेशन व अन्य प्लेटफार्म आईएफएस अधिकारी ही विदेशी मामलों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके साथ ही भारत की सुरक्षा व विदेशी नीति मामलों में भी इन्ही आईएफएस की मदद ली जाती है और ये अपने अनुभव से देश की विदेश सुरक्षा पॉलिसी में अपने विचार व ज्ञान का उपयोग करते हैं।





# ऑडियो इंजीनियरिंग नई पीढ़ी का उभरता हुआ करियर

एक समय ऐसा था, जब आवाज को उसके मूल रूप में ही रिकॉर्ड किया जाता था, परन्तु आज उसमें काफी हद तक बदलाव लाया जा सकता है। यह सब संभव हो पाया है 'ऑडियो इंजीनियरिंग' से। वैसे तो आवाज या म्युजिक का इतिहास काफी पुराना है, लेकिन 20वीं शताब्दी तक आते-आते उसमें कई चीजें जुड़ गईं। ऑडियो इंजीनियरिंग, ऑडियो साइंस की ही एक शाखा है। इसमें साउंड कैप्चर करने, रिकॉर्डिंग करने, कॉपी करने, एडिटिंग एवं मिक्सिंग करने, इलेक्ट्रॉनिक एवं मैकेनिकल उपकरणों द्वारा आवाज में उतार-चढ़ाव लाने संबंधी कार्य किए जाते हैं। यह पूरा कार्य पोस्ट प्रोडक्शन के अंतर्गत आता है। इसमें एक इलेक्ट्रॉनिक मिक्सिंग बोर्ड लगा होता है, जिससे रिकॉर्डिंग एवं एडिटिंग प्रक्रिया में साउंड इनपुट जैसे स्विच, डायल, लाइट्स एवं मीटर को नियंत्रित किया जाता है। यह कार्य ऑडियो इंजीनियर के जरिए संपन्न किया जाता है। कई बार इन्हें रिकॉर्डिंग इंजीनियर या साउंड इंजीनियर के नाम से भी जाना जाता है। ऑडियो इंजीनियरिंग नई पीढ़ी के लिए एक उभरता हुआ करियर है, जो भारत एवं विदेश दोनों जगह फिल्म, वीडियो प्रोडक्शन, साउंड ब्रॉडकास्टिंग एवं एडवर्टाइजिंग में संभावनाएं तलाशता है। इस फील्ड के लिए खुद से कमिटमेंट एवं इंटरेस्ट होना आवश्यक है।

## क्वालिफिकेशन

एक सफल ऑडियो इंजीनियर बनने के लिए ऑडियोग्राफी, साउंड रिकॉर्डिंग एवं ऑडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा डिग्री कोर्स का होना आवश्यक है। वैसे तो इस फील्ड में किसी विशेष शैक्षिक योग्यता की दरकार नहीं होती, परन्तु ऑडियो इंजीनियरिंग में बैचलर अथवा पीजी डिग्री को वरीयता दी जाती है। जहां तक डिमांड की बात है तो ऑडियो इंजीनियर बनने के लिए फिजिक्स अथवा मैथ्स की आधारभूत जानकारी सहायक साबित होती है, जिसके दम पर वे रिकॉर्डिंग रूम में कई तरह की प्रतिध्वनि का आकलन कर सकते हैं। इसमें अधिक प्रैक्टिकल ज्ञान के आधार पर एक अच्छा ऑडियो इंजीनियर बना जा सकता है। जिन छात्रों के पास इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं फाइन आर्ट की पृष्ठभूमि रही है, वे भी इस कोर्स के लिए उपयुक्त साबित हो सकते हैं। साथ ही उन्हें रिकॉर्डिंग उपकरणों जैसे मिक्सिंग कंसोल्ड एवं माइक्रोफोन की जानकारी भी होनी चाहिए। इस कार्य में उन्हें डिजिटल ऑडियो स्टेशन, स्पीकर, एंप्लीफायर सहित कई अन्य म्यूजिक उपकरणों का प्रयोग करना पड़ता है।

## कोर्स डिटेल्स

ऑडियो इंजीनियरिंग में साउंड रिकॉर्डिंग, एडिटिंग एवं मिक्सिंग के तकनीकी एवं रचनात्मक पहलुओं का बारीकी से अध्ययन किया जाता है। इसमें अधिकतर कोर्स की शुरुआत ही साउंड एवं रिकार्डिंग, पोस्ट प्रोडक्शन एवं ब्रॉडकास्टिंग की आधारभूत थ्योरी एवं फ्रिक्वेंसी से की जाती है। इसके तकनीकी पहलुओं के अंतर्गत ही साउंड मिक्सिंग में स्पेशल इफेक्ट्स डाला जाता है। कोर्स के बाद छात्र रिकॉर्डिंग टूल्स, माइक्रोफोन के प्रयोग के बारे में अच्छी तरह से वाकिफ हो जाते हैं। इसके अलावा ऑडियो राइटिंग, इलेक्ट्रॉनिक

**ऑडियो इंजीनियरिंग भारत एवं विदेश दोनों जगह फिल्म, वीडियो प्रोडक्शन, साउंड ब्रॉडकास्टिंग एवं एडवर्टाइजिंग में संभावनाएं तलाशता है। इस फील्ड के लिए खुद से कमिटमेंट एवं इंटरेस्ट होना आवश्यक है।**

म्यूजिक, साउंड रिकॉर्डिंग, म्यूजिक बिजनेस, मल्टीट्रैक प्रोडक्शन आदि कई ऐसे एरिया हैं, जिन्हें ऑडियो इंजीनियरिंग के तहत शामिल किया जाता है।

## पर्सनल स्किल्स

एक ऑडियो इंजीनियर को टेक्निकल नॉलेज, इलेक्ट्रिकल एप्टीट्यूड, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल सिस्टम एवं इक्विपमेंट की जानकारी होनी आवश्यक है। म्यूजिक प्रोडक्शन में टीम वर्क, अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स आपके काम को गति दे सकते हैं। एकाग्रता, धैर्य, अच्छी समझ, अच्छी लय की जरूरत, अच्छी रिद्म जैसे गुण ऑडियो इंजीनियर के लिए आवश्यक हैं। साथ ही उसे रिकॉर्डिंग माध्यमों जैसे एनालॉग टेप, डिजिटल मल्टीट्रैक रिकॉर्डर एवं कम्प्यूटर नॉलेज की जानकारी भी सहायता दिला सकती है।

## नौकरी के अवसर

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए ऑडियो इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या डिग्री पहली सीढ़ी होती है। सफलतापूर्वक कोर्स करने के बाद मूवी, टेलीविजन, एडवर्टाइजिंग, मल्टीमीडिया संस्थान, ब्रॉडकास्टिंग, सीडी प्रोडक्शन आदि में जॉब पा सकते हैं। लेकिन एक ऑडियो इंजीनियर को जो फील्ड सबसे ज्यादा आकर्षित करती है, वह म्यूजिक इंडस्ट्री है। इसमें प्रारंभ में रिकॉर्डिंग इंजीनियर के सहायक के रूप में करियर आरंभ कर सकते हैं। अपने अनुभव के आधार पर जल्द ही वे ऑडियो इंजीनियर के पद पर पहुंच सकते हैं। इसके अतिरिक्त माइक्रोफोन, रिकॉर्डर, मिक्सर एवं सॉफ्टवेयर, म्यूजिक एवं स्पीच में कई तरह के काम सामने आते हैं। साउंड, म्यूजिक, डायलॉग, स्पेशल इफेक्ट्स, म्यूजिक प्रोड्यूसर को भी स्पेशलाइजेशन के रूप में अपनाया जा सकता है। म्यूजिक प्रोड्यूसर बनने के बाद खुद का रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी शुरू किया जा सकता है। स्टूडियो स्थापित करने के अलावा ऑडियो इंजीनियर फीलांस के रूप में भी काम कर सकते हैं। ऑडियो इंजीनियरिंग का क्षेत्र काफी प्रतियोगी है। इसमें वही लोग सफल हो सकते हैं, जिनमें टैलेंट एवं विशेष गुण है।

## सेलरी स्ट्रक्चर

बतौर ऑडियो इंजीनियर इनकी सेलरी 10,000 रुपए प्रतिमाह से शुरू होती है तथा मान्यता मिल जाने के बाद इनकी सेलरी में तेजी से इजाफा होता है। तीन से चार साल के अनुभव के बाद इनकी सेलरी 30-35 हजार रुपए तक पहुंच जाती है। विदेशों में जॉब के अवसर मिलने के बाद सेलरी की कोई निश्चित सीमा नहीं होती।



# टेस्ट सीरीज में वापसी की आस पर पानी फिरा, भारत को मिला 549 रनों का महा-लक्ष्य, मुश्किल में टीम

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। दक्षिण अफ्रीका द्वारा दिए गए 549 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए। टेस्ट सीरीज़ में 1-0 से पिछड़ रही भारतीय टीम के सामने कल एक कठिन चुनौती है क्योंकि टेस्ट के आखिरी दिन उसके पास केवल आठ विकेट ही बचे हैं। भारत ने चौथे दिन के आखिरी सत्र में विकेट गंवाए और गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच के आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका की स्थिति मजबूत है।

चौथे दिन स्टंप्स तक भारत का स्कोर 27/2 था, जिसमें कुलदीप यादव (4*) और साई सुदर्शन (2*) नाबाद थे। मेज़बान टीम को दो मैचों की सीरीज़ 1-1 से बराबर करने के लिए पाँचवें दिन 522 रनों की ज़रूरत है। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल सस्ते में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 26/0 से की और लंच तक 220/4 रन बनाकर ट्रिस्टन स्टब्स (60*) और वियान मुल्डर (29*) स्ट्राइक पर थे।

लंच के बाद के सत्र में नीतीश कुमार रेड्डी ने पहला चौका तब दिया जब स्टब्स ने 74वें ओवर की तीसरी गेंद पर उन्हें चार चौके जड़े। स्टब्स ने आक्रामक रुख अपनाया और 76वें ओवर में रेड्डी के खिलाफ लगातार दो चौके लगाए। 78वें ओवर में, प्रोटियाज़ बल्लेबाज़ ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर डीप मिड-विकेट की बाउंड्री के ऊपर से एक गगनचुंबी छक्का जड़ा। 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर, स्टब्स, जो अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे, जडेजा की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिन्होंने 180 गेंदों में 94 रन बनाए।

स्टब्स के आउट होने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने 260/5 पर अपनी पारी घोषित करने का फैसला किया और उन्होंने 549 रनों का मुश्किल लक्ष्य रखा। यह दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज़्यादा रनों का लक्ष्य दिया गया है। इससे पहले 2004 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 543 रनों का लक्ष्य दिया था। वह मैच वे 342 रनों से हार गए थे, जो रनों के लिहाज़ से उनकी सबसे बड़ी हार है। भारतीय सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल और यशस्वी बल्लेबाज़ी करने उतरे। जायसवाल ने एक चौका और एक छक्का लगाकर आक्रामक रुख़ दिखाया, जबकि राहुल ने सतर्कता से शुरुआत की।




# 'दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज़्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी'




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जैसे-जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन-अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी।

अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा, 'गुजरात जायंट्स को मेगा-ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिंग और बॉलिंग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है।'

गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी-टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिंग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिंग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं।'

वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज़्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा,'दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी-मानी मैच-विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा-ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज़्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।% टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवंबर को होगी जिसे जियो हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सीधे देखा जा सकता है।

# शमी की फिर हुई उपेक्षा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर समाप्त होने का संकेत तो नहीं




**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एक बार फिर अनदेखी हुई है। शमी को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया है। शमी लंबे समय से वापसी के लिए इंतजार रहे थे पर टीम में जगह नहीं मिलने से उनका इंतजार लंबा होता जा रहा है। इससे ये भी अटकलें लगायी जा रही हैं कि शमी अब लगता है चयन समिति की योजनाओं का हिस्सा नहीं रहे हैं। अभी वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। हाल ही में शमी ने रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में बंगाल की ओर से 4 मैचों में 20 विकेट लिए थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए भी जगह मिली थी पर इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पायी है। जिससे कहा जा रहा है उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर समाप्त हो गया है।

ये भी कहा जा रहा है कि जब शमी घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार विकेट ले रहे हैं तो फिर उन्हें टीम में जगह क्यों नहीं मिल रही है। क्या चयन समित उसने अपनी नाराजगी निकला रही है। शमी ने कुछ समय पहले चयन समिति पर सवाल उठाये थे। तब मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने एक कार्यक्रम में बताया था कि उन्हें फिटनेस की वजह से टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है। इसके बाद . शमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह पूरी तरह से फिट हैं और इसी कारण घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। गौरतलब है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया गया है। फिलहाल ये दोनों तेज गेंदबाज टेस्ट सीरीज में खेल रहे हैं। ऐसे में शमी को अवसर दिया जाना था पर ऐसा नहीं हुआ।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे पृथ्वी शॉ, आईपीएल में वापसी पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ एक ऐसा नाम जिसे कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में गिना जाता था और अब अपने करियर को फिर से जीवित करने के निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। बीते कुछ वर्षों में खराब फॉर्म, फिटनेस चुनौतियों और ऑफ-फील्ड विवादों ने उनकी प्रगति को गहरी चोट पहुंचाई। लेकिन 2025-26 घरेलू सीजन से पहले महाराष्ट्र में शिफ्ट होकर शॉ ने अपने लिए नई शुरुआत का रास्ता चुना है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उनके लिए वह मंच बन सकती है, जहां वे दोबारा साबित कर सकते हैं कि उनका टैलेंट अब भी उतना ही खतरनाक है।

### पृथ्वी शॉ की नई शुरुआत : बदलाव जिसने सबका ध्यान खींचा

मुंबई क्रिकेट के पोस्टर बॉय रहे पृथ्वी शॉ ने पहली बार अपने घरेलू करियर की दिशा बदलते हुए महाराष्ट्र को चुना। यह कदम न केवल उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे एक स्वच्छ शुरुआत और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। वर्षों की अस्थिरता और टीम चयन में लगातार गिरावट के बाद यह बदलाव उनके करियर का अहम मोड़ माना जा रहा है।

### SMAT : करियर को पटरी पर लाने का सुनहरा मौका

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT), जो टी20 फॉर्मेट में भारत के सबसे बड़े घरेलू टूर्नामेंटों में से एक है, शॉ के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। कल से शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट उनके लिए सिर्फ रन बनाने का अवसर नहीं, बल्कि यह दिखाने का मंच है कि वे वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। IPL 2025 के मिनी ऑक्शन को देखते हुए हर पारी, हर रन और हर स्ट्राइक-रेट उनकी बोली पर सीधा प्रभाव डालेगा।

### IPL ऑक्शन में झटका और अब उम्मीद की नई किरण

पिछले साल के IPL ऑक्शन में किसी भी टीम ने पृथ्वी शॉ पर बोली नहीं लगाई। यह उनके लिए सिर्फ एक पेशेवर झटका नहीं, बल्कि एक संकेत था कि उनके मार्केट वैल्यू में बड़ी गिरावट आ चुकी है। अब उनकी नज़र SMAT में दमदार प्रदर्शन पर है। अगर वे अपनी पुरानी आक्रामक बैटिंग शैली और कंसिस्टेंसी वापस लेकर आते हैं, तो IPL टीमों का ध्यान उनकी ओर लौट सकता है, खासकर वे फ्रेंचाइजी जो भारतीय ओपनर की तलाश में हैं और विदेशी स्लॉट बचाना चाहती हैं।

### लीडरशिप की जिम्मेदारी

इस बार पृथ्वी शॉ को सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि कप्तान की भूमिका भी निभानी है। रुतुराज गायकवाड़ राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित होने के कारण महाराष्ट्र की कप्तानी ग्रुप स्टेज तक शॉ को सौंपी गई है। यह भूमिका उनके व्यक्तित्व, मैच्योरिटी और गेम अवेयरनेस को उजागर करने का शानदार मौका है, वे गुण जिन्हें IPL टीमें बहुत महत्व देती हैं।



### दिल्ली कैपिटल्स से शुरुआत और विस्फोटक IPL रिकॉर्ड

शॉ ने IPL में अपने सातों सीजन दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेले, जहां उन्होंने 1,892 रन बनाए और 147 की स्ट्राइक-रेट से गेंदबाजों पर हावी रहे। पावरप्ले में तेज शुरुआत दिलाने की उनकी क्षमता आज भी कई टीमों के लिए अमूल्य है। अगर वे पुराना फ्लो वापस पाते हैं, तो IPL 2026 से पहले उनका क्रिकेट करियर दोबारा नई उड़ान पकड़ सकता है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ में सुमित नागल की जीत के साथ शुरूआत

चेंगडू । भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2.6, 6.0, 6.2 से जीत दर्ज की। नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिये पुरूष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे । नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



# भारत में खेलकर उत्साहित हैं मुथुसामी



नई दिल्ली । गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में शानदार शतक लगाने दक्षिण अफ्रीका टीम के भारतीय मूल के ऑलराउंडर सेनुरन मुथुसामी ने कहा है कि भारत में खेलकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। मुथुसामी ने कहा है कि साल 2019 में भारत दौरे के बाद उन्हें लगा था कि अब उन्हें यहां कभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का कोई अवसर फिर कभी नहीं मिल पाएगा क्योंकि तब वह दो विकेट ही ले पाये थे। इसलिए वह इस बार के भारत दौरे से बेहद उत्साहित हैं। अब 6 साल बाद मुथुसामी ने भारत दौरे में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप के हालातों को हमने बेहतर ढंग से सामझा है। मुथुसामी ने इस साल पाकिस्तान दौरे में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले टेस्ट में ही 11 विकेट लिए थे। वहीं दूसरे टेस्ट में 89 रन की नाबाद पारी खेलीं अब उन्होंने भारत के खिलाफ 109 रन की पारी ऐसे समय में खेली जब टीम ने 201 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। मुथुसामी ने कहा, 'मेरी यात्रा अलग प्रकार की रही है। साल 2019 में भारत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया पर अधिक सफलता नहीं मिली हालांकि क्रिकेट एक सफर है जिसमें आप बस हर दिन को एक एक करके लेते हैं और ज्यादा आगे की नहीं सोचते।' उन्होंने कहा, 'लेकिन 2019 के बाद मुझे भरोसा नहीं था कि मैं कभी टेस्ट क्रिकेट खेल पाऊंगा। और भारत में खेलने के बारे में तो बिल्कुल भी भरोसा नहीं था।' मुथुसामी ने कहा, 'मैं बस उस समर्थन के लिए आभारी हूं जो मुझे कोचों, परिवार और सहयोगी स्टाफ से मिला।' साल 2019 की पदार्पण सीरीज के बाद उन्हें चार साल बाद टीम में जगह मिली। इस बीच उन्होंने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# सुल्तान अजलान शाह कप : बेल्जियम के खिलाफ 2-3 से हारा भारत

**इपोह (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिंग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3-2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया। भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निकोलस डी केर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे।




सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।

भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के ज़ोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की।

मोमेंटम के साथ भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निकोलस डी केर्पेल (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली, चौथे क्वार्टर की शुरुआत में रोमन डुवेकोट ने गोल करके बेल्जियम को कुछ राहत दी। भारत ने एक बार फिर तुरंत जवाब देने की कोशिश की और 10 मिनट से भी कम समय में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने के करीब पहुंच गया।

शिलानंद लाकड़ा ने कुछ देर बाद रबीचंद्र सिंह के शानदार क्रॉस पर गोल करके भारत को उम्मीद की एक किरण दी। जब मैच खत्म होने में 90 सेकंड बाकी थे, मोहित एचएस ने शानदार स्टॉप लगाकर बेल्जियम को चौथा गोल करने से रोक दिया और भारत को रेस में बनाए रखा। हालांकि, इस कड़े मुकाबले में भारत बराबरी का गोल नहीं कर पाया। पांच बार का सुल्तान अजलान शाह कप विजेता भारत अब बुधवार को मेजबान मलेशिया से खेलेगा।

# विराट को टेस्ट नहीं एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था : श्रीवत्स गोस्वामी



गुवाहाटी । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेटर खेलना जारी रखना था। गोस्वामी ने कहा कि विराट को टेस्ट की जगह पर एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था। गोस्वामी ने कहा है कि और एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेले श्रीवत्स ने सोशल मीडिया में कहा कि विराट को टेस्ट क्रिकेट नहीं छोड़ना चाहिए था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम इंडिया की खराब बल्लेबाजी के बाद गोस्वामी ने कहा कि कोहली का टेस्ट से अचानक संन्यास लेना भारतीय क्रिकेट के लिए नुकसानदेह रहा है। गोस्वामी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मेरा मानना है कि विराट को एकदिवसीय खेलना छोड़ देना चाहिए था और टेस्ट क्रिकेट तब तक खेलते रहना चाहिए था, जब तक कि उनका फार्म बरकरार था। एक खिलाड़ी के तौर पर उनकी ऊर्जा, भारत के लिए खेलने का प्यार और जुनून टीम को हर हाल में जीतने को प्रौत्साहित करता है। गोस्वामी ने साथ ही लिखा, विराट के अंदर जीतने की जो मानसिकता और जोश था, वह वर्तमान टीम में नहीं है। गौरतलब है कि कोहली का कप्तान के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में काफी अच्छा रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 68 टेस्ट मुकाबलों में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए 40 मुकाबले जीते जबकि 17 मैचों में उन्हें हार झेलनी पड़ी। विराट ने इस साल 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। कोहली ने अंतिम बार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 खेली थी जिसमें वह केवल एक शतक ही लगा पाए थे। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के पहले अचानक ही संन्यास ले लिया था।

# रोहित और विराट की जोड़ी दक्षिण अफीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में बनाएगी रिकार्ड

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में खेलते नजर आयेंगे। इस सीरीज में प्रशंसकों को विराट और रोहित को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। अब 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित और विराट की जोड़ी सबसे अधिक मैच खेलने का एक नया रिकार्ड अपने नाम करेगी। रोहित और विराट ने अभी तक 391 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। किसी जोड़ी के यह संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल सबसे अधिक मैच हैं। रोहित और कोहली के अलावा सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी ने भी इतने ही मैच खेले थे। ऐसे में जब रोहित और विराट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला एकदिवसीय खेलने मैदान पर उतरेंगे तो वह तेंदुलकर और द्रविड़ के इस रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। रोहित-कोहली की जोड़ी इस मैच में उतरते ही भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली जोड़ी बन जाएगी। सचिन और सौरव गांगुली की जोड़ी 341 मैचों में एकसाथ उतरी थी। वहीं सचिन और अजहर की जोड़ी 292 मैचों में उतरी। विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी की जोड़ी 285 मैचों में उतरी।

# पलाश की बहन बोली , मंधाना और हमारे परिवार की निजता का सम्मान करें



इंदौर । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पिता को दिल का दौरा पड़ने के कारण उनकी शादी टल गयी है। इसी मामले को लेकर अब स्मृति के मंगेतर पलाश मुच्छल की बहन पलक ने लिखा है कि शादी टल गयी है। इस संवेदनशील समय में हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें। स्मृति की शादी का कार्यक्रम रविवार को था पर उनके पिता को सीने में दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जिसके बाद स्मृति के पिता को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और शादी की तैयारियां रोक दी गयीं। इसके बाद स्मृति के मंगेतर पलाश मुच्छल की तबीयत भी खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें भी अस्पताल ले जाना पड़ा हालांकि कुछ समय में इलाज के बाद वह होटल लौट आये। .पलाश को वायरल संक्रमण और एसिडिटी बढ़ने के कारण एक निज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद पलाश को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं मंधाना परिवार के डॉक्टर नमन शाह ने बताया कि उनकी सेहत की निगरानी के लिए मेडिकल टीम तैनात है। अगर उनकी तबीयत में जरूरी सुधार होता है तो उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। अचानक आई इन मुसीबतों से परिवार उबर रहा है और चाहता है कि इन क्षणों में उसकी निजता का सम्मान किया जाये।

# भारतीय बल्लेबाजों की नाकामी कोच की गलती नहीं : सुरेश रैना ने गौतम गंभीर का किया बचाव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने आलोचनाओं से घिरे राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि घरेलू टेस्ट मैचों में टीम के हालिया खराब प्रदर्शन के लिए सहयोगी स्टाफ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि खिलाड़ियों को नतीजों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पिछले साल न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भी एक और निराशाजनक परिणाम की ओर बढ़ रहा है।

दो मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच गंवाने के बाद भारत के पास अब दूसरे मैच को जीतने की संभावना बेहद कम है। रैना ने कहा, 'गौती भैया (गौतम गंभीर) ने बहुत मेहनत की है और इसमें (टेस्ट टीम की मौजूदा स्थिति) उनकी कोई गलती नहीं है। खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और अच्छा खेलना होगा। उनके नेतृत्व में हम सीमित ओवरों के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां हमने इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दुबई में एशिया कप जीता था।'

'भारतीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग' के जर्सी लॉन्च के मौके पर इसके ब्रांड एम्बेस्डर रैना ने कहा, 'रन तो खिलाड़ियों को ही बनाने होंगे। कोच मार्गदर्शन और सलाह ही दे सकता है।' रैना ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि घरेलू टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच के रूप में गंभीर का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को अगर कोई समस्या आ रही है, तो उन्हें कोच से इस बारे में बात करना चाहिए। खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो कोच की भी सराहना की जाएगी। लेकिन टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, तो कोच को उसके पद से बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'मैं गौतम भैया के साथ खेला हूं, उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम से प्यार है, उन्हें क्रिकेट से प्यार है, मैंने उनके साथ विश्व कप खेला है और जीता भी है। उन्होंने देश के लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और अच्छा प्रदर्शन करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है।' मौजूदा श्रृंखला में भारतीय टीम के चयन से जुड़े फैसलों की आलोचना पर रैना ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन ही मानक बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए और वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए, अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन में अपने आप दिखाई देगा।'

उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में खिलाड़ियों के लिए तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से सामंजस्य बिठाना काफी चुनौतीपूर्ण है। व्यस्त कार्यक्रम का असर प्रदर्शन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला के लिए बेहतर योजना बनाई जा सकती थी क्योंकि खिलाड़ियों को सफेद गेंद (सीमित ओवर) प्रारूप से लाल गेंद (टेस्ट) प्रारूप में ढलने का काफी कम समय मिला।'




रैना ने कहा कि वह 30 नवंबर से शुरू होने वाली दोनों टीमों के बीच वनडे श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें टीम को बेहर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का साथ मिलेगा। उन्होंने कहा, 'रो-को (रोहित शर्मा और विराट कोहली)' जरूर वापसी करेंगे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया और दक्षिण अफीका के खिलाफ वनडे टीम को जरूर मजबूत करेंगे। ये दोनों विश्व और भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन दूत हैं। जब वे टीम में होंगे तो माहौल अलग होगा, ऋषभ पंत भी कुछ समय बाद वापसी कर रहे हैं, इसलिए वनडे श्रृंखला देखना मजेदार होगा।'

# वैष्णो देवी कॉलेज में एमबीबीएस की 50 सीटों में 42 पर मुस्लिमों का चयन

**-हिंदू संगठनों ने किया विरोध, प्रशासन ने कहा- प्रक्रिया नीट नियमों के अनुरूप**

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में हाल ही में स्थापित माता वैष्णो देवी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेंस में एमबीबीएस के पहले बैच के लिए हुए दाखिलों ने एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया है। विवाद की वजह बना 50 सीटों में से 42 मुस्लिम छात्रों का चयन हुआ है, जिसके बाद बीजेपी, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कड़ा विरोध किया। इन विरोधियों का आरोप है कि माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के वित्तीय सहयोग से चल रहे संस्थान में हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी।

इंस्टीट्यूट ने इस माह की शुरुआत में नीट मेरिट लिस्ट के आधार पर अपने पहले एमबीबीएस बैच के लिए दाखिला प्रक्रिया पूरी कर ली है। कुल 50 सीटों में से 85फीसदी सीटें जम्मू-कश्मीर के छात्रों के लिए आरक्षित थीं। मेरिट के आधार पर 42 मुस्लिम और 8 हिंदू छात्रों का चयन किया गया। दाखिला सूची जारी होते ही हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। संगठनों ने तर्क दिया कि- यह संस्थान माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के धन से चलता है इसलिए हिंदू छात्रों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए थी। बीजेपी ने भी इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देते हुए दाखिला सूची रद्द करने की मांग की।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी नेता सुनील शर्मा ने एलजी मनोज सिन्हा से मिलकर विरोध दर्ज कराया और कहा- कि श्राइन बोर्ड को मिलने वाला दान हिंदुओं का है, जो हिंदुओं की भलाई के लिए खर्च होना चाहिए हम चाहते हैं कि प्रवेश उन्हीं को मिले जिनकी माता वैष्णो देवी में आस्था है। इस साल की प्रवेश सूची स्वीकार नहीं है, नियम बदलने चाहिए। इन संगठनों ने यह भी मांग उठाई कि मेडिकल कॉलेज को अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा दिया जाए जिससे धर्म आधारित आरक्षण लागू किया जा सके।

जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने विरोध प्रदर्शनों को अनुचित और गैर-संवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रवेश सूची कानूनन और पूरी तरह मेरिट-आधारित है। उमर ने बीजेपी की मांगों पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर आप बिना मेरिट के प्रवेश चाहते हैं, तो सुप्रीम कोर्ट से अनुमति लेकर आएं। संविधान में 'सेक्युलर' शब्द है- अगर आपको यह पसंद नहीं, तो इसे हटा दीजिए। उन्होंने कहा- धर्म के आधार पर प्रवेश देना संविधान के मुताबिक संभव नहीं है। क्या पुलिस भी धर्म के आधार पर काम करेगी? अगर अस्पताल और विश्वविद्यालय लोगों से दान लेकर बने हैं, तो क्या आप कहेंगे कि मुसलमान या गैर-हिंदू वहां इलाज न कराएं? उमर अब्दुल्ला ने यह भी पूछा कि यदि प्रशासन बीजेपी नेताओं को भविष्य में धर्म आधारित आरक्षण देने का आश्वासन दे रहा है, तो यह कैसे संभव होगा। अगर ऐसा है, तो फिर माता वैष्णो देवी यूनिवर्सिटी और अस्पताल को भी दान-आधारित और धर्म-आधारित संस्थान घोषित कर दें। फिलहाल प्रशासन ने कहा है कि प्रवेश सूची में कोई बदलाव नहीं होगा और प्रक्रिया नीट के नियमों के अनुरूप है।

## तिब्बत में चीन के बड़े बांध भारत के लिए खतरा- तिब्बती राष्ट्रपति

**लखनऊ (एजेंसी)।** तिब्बत के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने कहा है कि तिब्बत प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल है, जो पूरे एशिया में लगभग दो अरब लोगों को जीवन देता है। लेकिन चीन बड़े पैमाने पर बांध निर्माण कर रहा है, जिससे भारत सहित डाउनस्ट्रीम देशों पर



दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है। तिब्बत के राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित एक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि तिब्बती लिपि भारतीय गुप्त लिपि से विकसित हुई है और नालंदा परंपरा की बौद्ध शिक्षाओं को संरक्षित करने में तिब्बत की ऐतिहासिक भूमिका रही है। उनके अनुसार, ये सांस्कृतिक परंपराएं आज भी प्राचीन भारतीय ज्ञान का महत्वपूर्ण आधार बनी हुई हैं। तिब्बती राष्ट्रपति पेम्पा त्सेरिंग ने लंबे समय से मिले समर्थन के लिए भारत सरकार और भारतीय जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने दलाई लामा और चीन के बीच हुए 17 सूत्रीय समझौते, चीनी सरकार के साथ शांतिपूर्ण संवाद, हजारों तिब्बतियों के भारत में निर्वासन, सिक्योंग से निर्वासित तिब्बती प्रशासन के गठन, दलाई लामा के मार्गदर्शन में लोकतांत्रिक संस्थाओं के विकास तथा विभिन्न तिब्बती बस्तियों की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि चीन तेज़ी से तिब्बती बच्चों को बोर्डिंग स्कूलों में दाखिल कर रहा है और उन्हें चीनी भाषा अपनाने पर जोर दे रहा है।

## नया बिहार बनाने में जुटी सरकार, अब हर 40 किमी पर फोरलेन, 4 घंटे में पहुंचेंगे पटना

पटना (एजेंसी)। बिहार एनडीए की सरकार एक बार फिर बन गई है। काम का नया जोश भी दिखाई दे रहा है। उत्साहित सरकार अब बिहार के लोगों को घर से 40 किलोमीटर की दूरी पर फोर लेन सड़क देने जा रही है। अगले दो साल में राज्य के किसी भी कोने से चार घंटे में पटना पहुंचने की योजना को साकार करने के लिए पथ निर्माण विभाग इस लक्ष्य के साथ काम करेगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विभाग का पदभार ग्रहण करने के साथ यह प्रतिबद्धता दोहराई। पत्रकारों से बातचीत में मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार व्यक्त किया। कहा कि पथ निर्माण विभाग राज्य के समग्र विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता रहेगी कि अगले पांच साल में एक्सप्रेस-वे और रिंग रोड जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को ससमय धरातल पर उतारने के लिए तेजी से कार्य किए जाएं। साथ ही प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री की ओर से घोषित परियोजनाओं पर प्राथमिकता से काम होगा। मंत्री ने कहा कि मॉनिटरिंग प्रणाली को टेक्नोलॉजी के माध्यम से और भी सशक्त करने एवं पथ निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अगले पांच वर्षों में ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने, पर्यटन स्थलों तक बेहतर मार्ग उपलब्ध कराने तथा औद्योगिक गलियारों को राज्य के अन्य हिस्सों से जोड़ने की विभिन्न योजनाओं पर तेजी से काम हो। पुराने एवं क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनर्निर्माण कराया जायेगा। अगले पांच सालों में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाने, निर्माण गुणवत्ता की निगरानी के लिए डिजिटल सिस्टम अपनाने तथा सड़क सुरक्षा मानकों को कड़ाई से लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## दिल्ली ब्लास्ट के बाद टली यात्रा : इजरायली पीएम नेतन्याहू भारत नहीं आएंगे


नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में दो सप्ताह पहले हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद बढ़ी सुरक्षा चिंताओं के चलते इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस वर्ष के अंत में निर्धारित अपनी भारत यात्रा को एक बार फिर स्थगित कर दिया है। यह हमला पिछले एक दशक में राजधानी में हुआ सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हुए। इजरायली मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नेतन्याहू अब सुरक्षा आकलन के बाद अगले वर्ष भारत आने की नई तारीख तय करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने 2018 में भारत की अपनी आखिरी आधिकारिक यात्रा की थी। पहले ऐसी रिपोर्टें थीं कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू इसी साल के अंत से पहले भारत दौरे पर आ सकते हैं। लेकिन यह तीसरी बार है जब उन्होंने इसी वर्ष निर्धारित अपनी यात्रा रद्द या स्थगित की है। नेतन्याहू ने पहले ही दिल्ली धमाके पर शोक व्यक्त किया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया- भारत और इजरायल प्राचीन सभ्यताएं हैं जो शाश्वत सत्यों पर खड़ी हैं। आतंक हमारे शहरों पर हमला कर सकता है, लेकिन वह कभी हमारी आत्माओं को हिला नहीं सकता। हमारे राष्ट्रों की रोशनी दुश्मनों के अंधेरे को मात देगी। इससे पहले सितंबर में उनकी भारत यात्रा रद्द की गई थी, जब इजरायल में 17 सितंबर को दोबारा चुनाव कराने की घोषणा के बाद उनके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा। इससे पहले भी उन्होंने अप्रैल चुनावों के चलते भारत यात्रा स्थगित की थी। दिल्ली हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा किए जा रहे आकलन पूरे होने के बाद ही नेतन्याहू की भारत यात्रा को लेकर नई तारीख तय की जाएगी।

## दिल्ली में जहरीली हवा का कहर : कार्यालय में सिर्फ 50 फीसदी स्टाफ, बाकी वर्क-फाम होम

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि के चलते सरकार और प्रशासन ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। सभी सरकारी और निजी कार्यालय अब केवल 50 फीसदी स्टाफ के साथ काम करेंगे, जबकि बाकी कर्मचारी वर्क-फॉम-होम मोड में कार्य करेंगे। यह आदेश ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान लेवल 3 के तहत लागू किया गया है, जिसे कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट निर्धारित करता है। दिल्ली सरकार ने पहले ही स्कूलों के लिए कई प्रतिबंध लगाए हैं। जब वायु गुणवत्ता अत्यधिक खराब हो, तो बच्चों को खुले में खेलने की अनुमति नहीं होगी। सार्वजनिक छुट्टियों और खास अवसरों पर सरकारी कार्यालयों में कम अटेंडेंस रहने की संभावना रहती है। उदाहरण के लिए, गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी पर्व के दिन कार्यालयों में स्टाफ की उपस्थिति कम रहने की उम्मीद जताई गई थी। सीएक्यूएम पूरे एनसीआर क्षेत्र से डेटा एकत्र करता है और औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स व मौसम की स्थिति के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करता है। जीआरएपी लेवल यह तय करता है कि किन परिस्थितियों में शहर कितनी कठिनाइयों का सामना कर सकता है। सर्दियों में यह स्थिति पिछले वर्षों में आम रही है।

## सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने ध्वजारोहण समारोह में नहीं बुलाए जाने का आरोप लगाया

लखनऊ (एजेंसी)। फैजाबाद (अयोध्या) संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि उन्हें अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण से जुड़े समारोह में आमंत्रित नहीं किया गया। सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने मंगलवार को 'एक्स' खाते पर एक पोस्ट में कहा कि ''रामलला के दरबार में धर्म ध्वजा स्थापना कार्यक्रम में मुझे न बुलाए जाने का कारण मेरा दलित समाज से होना है। तो यह राम की मर्यादा नहीं, किसी और की संकीर्ण सोच का परिचय है। राम सबके हैं।



मेरी लड़ाई किसी पद या आमंत्रण को लेकर नहीं है, बल्कि सम्मान, बराबरी और संविधान की मर्यादा के लिए है।'' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा था, ''मुझे अभी तक राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह का न्योता नहीं मिला है। यदि मुझे न्योता मिला तो सारा काम धाम छोड़कर मैं नंगे पैर ही वहां जाऊंगा...!''

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साधु-संतों, आदिवासियों समेत अनेक श्रद्धालुओं-मेहमानों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया।

## शीतकालीन सत्र से पहले 30 नवंबर को केंद्र सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

**पटना (एजेंसी)।** नई दिल्ली,(ईएमएस)। संसद के शीतकालीन सत्र से पहले केंद्र सरकार ने 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की अगुवाई में होने वाली इस बैठक में आगामी सत्र के एजेंडे और विधेयकों पर सभी दलों से चर्चा की जाएगी।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मीडिया को बताया कि सरकार विपक्ष के नेताओं के साथ सभी लंबित तथा प्रस्तावित विधेयकों की सूची साझा करेगी। उन्होंने कहा, हम विभिन्न विभागों के सचिवों के साथ लंबित विधेयकों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद सर्वदलीय बैठक में विपक्ष के नेताओं को सूची सौंपी जाएगी और उनके सुझावों के अनुरूप रणनीति तय की जाएगी।

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने बताया है, कि संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरकार द्वारा सुझाई गई तारीखों को मंजूरी दे दी है। कुल 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी। निजी सदस्यों के विधेयक 5 व 19 दिसंबर तथा निजी सदस्यों के प्रस्तावों पर चर्चा 12 दिसंबर को तय है। इसी बीच, संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 को लेकर उठ रही अटकलों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने स्पष्ट किया है कि चंडीगढ़ को अनुच्छेद 240 के तहत शामिल किए जाने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है।

मंत्रालय ने कहा कि यह प्रस्ताव केवल केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया को सरल बनाने के उद्देश्य से है। इससे चंडीगढ़ के शासन-प्रशासन या पंजाब और हरियाणा के साथ स्थापित परंपरागत व्यवस्थाओं में किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। गृह मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है, कि इस मामले पर अंतिम निर्णय सभी हितधारकों से विस्तृत परामर्श के बाद ही किया जाएगा, ताकि चंडीगढ़ के हित पूरी तरह सुरक्षित रहें।

# क्या भाजपा में जाएंगे कांग्रेस नेता डीके? पूर्व मंत्री के बयान से कर्नाटक में मची सियासी हड़कंप

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में सीएम की कुर्सी को लेकर बढ़ी रार थमने का नाम नहीं ले रही है। इस सियासी झगड़े का फायदा कोई तीसरा उठा सकता है ऐसी संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस में जारी कलह के बीच भारतीय जनता पार्टी अलर्ट नजर आ रही है। राज्य के पूर्व मंत्री और विधायक रमेश जिरकिहोली ने कहा कि भाजपा को कांग्रेस सरकार गिराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने साफ किया है कि अगर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भाजपा में आते हैं, तो उन्हें अन्य विकल्प तलाशने होंगे। खबर है कि शिवकुमार समर्थक कांग्रेस आलाकमान से मिलने के लिए विधायक दिल्ली में डेरा डाले हैं।

जब सवाल किया गया कि क्या शिवकुमार पार्टी बदलेंगे और भाजपा के समर्थन से सरकार बनाएंगे। इसपर जरकिहोली ने कहा कि ऐसी स्थिति की संभावनाएं नहीं हैं। उन्होंने कहा, हालांकि, अगर ऐसा होता है तो मैं उन्हें अपने नेता के तौर पर स्वीकार नहीं कर पाऊंगा। यह इस जीवन में तो संभव नहीं है। अगर शिवकुमार भाजपा में आते हैं, तो मुझे अन्य राजनीतिक विकल्पों की ओर देखना होगा। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि शिवकुमार के पास कांग्रेस में विधायकों का समर्थन है। अगर यह सच होता, तो वह पहले ही सीएम बन गए होते।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जरकिहोली ने कहा कि मैं भाजपा नेतृत्व से न्यूट्रल रहने की अपील करता हूं। उन्हें इसमें दखल नहीं देना चाहिए, यह दलदल है और हमें इसमें नहीं पड़ना चाहिए। उन्होंने कहा, पावर शेयरिंग को लेकर नेताओं के बीच कन्फ्यूजन है। कुछ नेता सीएम को हटाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वह पद हासिल कर सकें। वो जो चाहते हैं, उन्हें करने दीजिए। हमने अगले चुनावों का इंतजार करना चाहिए और पूर्ण बहुमत के साथ आना चाहिए। यह मेरा निजी विचार है।



उन्होंने कहा, कांग्रेस के पास अभी जनादेश है। उन्हें उनका कार्यकाल पूरा करने दीजिए। साथ ही बार-बार चुनाव राज्य के लिए अच्छे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जन विरोधी है और अगर अगले ढाई साल सरकार में रही, तो लोगों की नाराजगी का सामना करेगा। उन्होंने कहा, फिर स्वभाविक रूप से लोग भाजपा को चुनेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, शिवकुमार का समर्थन करने वाले विधायकों का एक और समूह पार्टी आलाकमान से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचा है। सूत्रों के अनुसार, कम से कम छह विधायक रविवार रात राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की मांग को लेकर जल्द ही कुछ और विधायकों के दिल्ली जाने की संभावना है। इस बीच, सिद्धारमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। अगर वे तय करते हैं कि मुझे (मुख्यमंत्री पद पर) बने रहना चाहिए, तो मैं पद पर बना रहूंगा। आखिरकार, आलाकमान जो भी फैसला करेगा, मैं उसे स्वीकार करूंगा। शिवकुमार को भी उसे स्वीकार करना चाहिए।

# एसआईआर सबसे बड़ा चुनावी घोटाला, देश में 17 बीएलओ की मौत-संजय सिंह

**लखनऊ (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद संजय सिंह ने एसआईआर को देश का सबसे बड़ा चुनावी घोटाला बता दिया है। संजय सिंह ने कहा कि यूपी और कई राज्यों में एसआईआर के नाम पर 17 बीएलओ की जान जा चुकी है, जबकि 563 लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। 181 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नौकरी खत्म कर दी गई और हजारों परिवार भय और उत्पीड़न का शिकार हो रहे हैं।





आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि जब चुनाव डेढ़ साल बाद होने हैं तो सरकार को एक ही महीने में पूरा एसआईआर क्यों चाहिए? क्या यह चुनाव सुधार है या विपक्ष और वंचित समाज को वोटर लिस्ट से साफ करने की सुनियोजित साजिश? संजय सिंह ने कहा कि बेरोजगारी, पेपर लीक, सामाजिक न्याय पर सरकार जानबूझकर चुप है और नकली मुद्दों के जरिए जनता को भ्रमित करना चाहती है। आप सांसद ने कहा कि बीजेपी सरकार की तानाशाही और एसआईआर जैसे चुनावी घोटालों के खिलाफ लड़ाई लगातार जारी रहेगी। संसद के शीतकालीन सत्र में आम आदमी पार्टी इसे पूरी ताकत से उठाएगी। संजय सिंह ने कहा कि बिहार से लेकर उत्तर प्रदेश तक लाखों वोटर लिस्ट से काटे जा रहे हैं। बिहार में 80 लाख नाम हटाए गए है। एक ही विधानसभा में 50-60 हजार वोट काटे जा रहे हैं। यहां तक कि रिटायर्ड आईएएस विद्यासागर और उनकी पत्नी का नाम भी काट दिया गया है। क्या इसका मतलब है कि वे भी घुसपैठिए हैं? उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त अज्ञानेश कुमार बीजेपी सरकार के एजेंडा को पूरा करने में इतनी तेजी दिखा रहे हैं कि सरकारी कर्मचारी आत्महत्या तक करने लगे हैं। यह प्रशासनिक नहीं, राजनीतिक निर्देश है और इसके लिए चुनाव आयोग सीधा जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि 17 बीएलओ की मौत पर मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

## महंत के बिगड़े बोल कहा- कलाम को बताया आतंकी अफजल गुरु का हमदर्द

**गाजियाबाद (एजेंसी)।** डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद गिरी एक बार फिर अपने विवादित बयानों की वजह से चर्चा में हैं। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति और देश के मिसाइलमैन कहे जाने वाले महान वैज्ञानिक अब्दुल कलाम पर कई आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। यति ने ना सिर्फ उन्हें अफजल गुरु से हमदर्दी रखने का आरोप लगाया बल्कि उन्हें जिहाद करने वाला तक बता डाला। हैरानी की बात यह है कि यति ने यह सब पुलिसकर्मियों के सामने कहा जो उनके आगे हाथ जोड़ते रहे।

खुद को रोकने वाले पुलिसकर्मियों के सामने यति नरसिंहानंद ने कहा कि वह (अब्दुल कलाम) तीनों सेनाओं का अध्यक्ष होकर जिहाद कर सकता है और हमारा छोटा सा सिपाही भी धर्म के लिए कुछ नहीं कर सकता, क्योंकि सिस्टम हमारा ऐसा ही है। इन टिप्पणियों के बावजूद वहां खड़े पुलिसकर्मी यति को हाथ जोड़ते नजर आए। इससे पहले यति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। यति नरसिंहानंद ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास जाने का ऐलान किया था। वह इस्लामिक जिहाद को लेकर श्वेत पत्र जारी करने की मांग को लेकर पीएम आवास जाना चाहते थे। लेकिन पुलिस ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया। फिर क्या था, यति नरसिंहानंद वहीं खड़े होकर एक से बढ़कर एक विवादित बातें करने लगे। पुलिस द्वारा रोके जाने को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए गिरी ने कहा कि इस्लाम का जिहाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और यदि यह जारी रहा तो बहुत जल्द सारी दुनिया नष्ट हो जाएगी।

इसके बाद वह पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम तक पहुंच गए और उन्हें सबसे कट्टर मुसलमान बताते हुए अफजल के परिवार से मुलाकात, जिहाद जैसे आरोप लगाने लगे। यति ने कहा, अफजल गुरु के परिवार से सारे प्रोटोकॉल तोड़कर मिला। अब्दुल कलाम से कट्टर मुसलमान इस देश में नहीं हुआ। स्वतंत्र भारत के इतिहास में एक ही राष्ट्रपति है जो मृत्युदंड पाए किसी अपराधी के परिवार से मिला। जब तक अब्दुल कलाम उसके परिवारवालों से नहीं मिला था अफजल गुरु ने दया याचिका दायर नहीं की थी। अब्दुल कलाम ने कहा कि दया याचिका दायर करो मैं बैठा हूं यहां पर। कांग्रेस सरकार ने तब तक दया याचिका होम डिपार्टमेंट से भेजी नहीं, वरना...। यति ने अब्दुल कलाम को भारत रत्न देने वाले नेताओं के लिए भी अपशब्द का इस्तेमाल किया।

# कई राज्यों में ठंड दिखा रही अपना असर, बर्फीली हवाओं ने जनजीवन किया प्रभावित

**- श्रीनगर में पारा -3.2 डिग्री सेल्सियस, दिल्ली में एक्यूआई खराब श्रेणी में**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में नवंबर में ही ठंड का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है। तापमान गिरने लगा है। कश्मीर घाटी में ठंड ने इस बार नवंबर में ही रिकॉर्ड तोड़ दिया है। तेज बर्फीली हवाओं और गिरते तापमान ने लोगों के जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।

मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि बांदीपोरा में पारा -4.1 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का, जो इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी रात रही। वहीं, हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला और मनाली में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ने लगा है। इसके अलावा उत्तराखंड के कई जिलों में भी तापमान तेजी से नीचे गिर रहा है। दिल्ली और एनसीआर लगातार तीसरे सप्ताह से गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में है।



केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 396 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। आने वाले दिनों में और बुरा हाल होने वाला है। हालांकि एनसीआर के अलग-अलग इलाकों में स्थिति और भी भयावह है, जहां एक्यूआई 450 के स्तर को पार पहुंच गया। यूपी में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। अब धीरे-धीरे रात के समय ठंडक बढ़ती जा रही है। आने वाले दिनों में ठंडक में इजाफा हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 दिनों से जारी तापमान में गिरावट का सिलसिला अगले 48 घंटों तक जारी रहेगा। प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम तंत्र के न होने और ठंडी और शुष्क पछुआ, उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण सर्दी लगातार बढ़ रही है। 25 नवंबर को प्रदेश में मौसम शुष्क रह सकता है। इस दौरान दोनों हिस्सों में सुबह के समय कहीं-कहीं पर कोहरा छा सकता है। इसी तरह 26, 27 और 28 नवंबर को प्रदेश में मौसम साफ रह सकता है। सुबह कोहरा छा सकता है। 29 और 30 नवंबर को भी प्रदेश में मौसम साफ रहने के साथ ही कोहरा छाने की संभावना है।

बिहार में सर्दी के साथ ही कोहरा भी बढ़ रहा है और साथ ही प्रदूषण भी खतरनाक लेवल तक बढ़ गया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान 2-4 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। वहीं उत्तराखंड में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने से ठंड बढ़ी है। उत्तराखंड में मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है लेकिन तापमान में गिरावट आ रही है। न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई है, जिसके चलते पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर मैदानी जनपदों तक ठिठुरन होने लगी है।

मौसम केंद्र के मुताबिक फिलहाल मौसम का मिजाज अगले कुछ दिनों तक इसी प्रकार बना रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में पाला गिरने और मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्का कोहरा छा सकता है। देहरादून समेत ज्यादातर क्षेत्रों में सोमवार को तेज धूप खिली रही। हालांकि न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से दिन के समय भी खासी ठंड महसूस की गई है।

## आतंकी हैंडलरों को लेकर देश भर के अल्पसंख्यक संस्थानों पर रखी जाएगी नजर!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली धमाके में जिस तरह से फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम आते पूरे देश के अल्संख्यक संस्थान निशाने पर आ गए हैं। अब राज्य सरकारें अपने-अपने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों पर नजर रखेंगी कि वहां किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियां तो नहीं चल रही हैं या फिर किसी तरह की संदिग्ध वित्तीय अनियमितताएं तो नहीं हो रही हैं। बता दें कि दिल्ली धमाकों के तार अबतक अल-फलाह के कम से कम तीन डॉक्टरों से सीधे तौर पर जुड़े पाए गए हैं। खुद फिदायीन हमलावर डॉ उमर उन नबी भी वहीं पढ़ाता था। बता दें कि अल-फलाह ग्रुप का फाउंडर और चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी पहले से ही प्रवर्तन निदेशालय के शिकंजे में है। जब, उसकी यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टरों का नाम टेरर मॉड्यूल के रूप में सामने आया तो कुछ ही दिन बाद ईडी ने इसे गिरफ्तार कर लिया। जवाद के ट्रस्ट से जुड़े करीब दो दर्जन ठिकानों पर ईडी छापा मार चुकी है। जवाद से जुड़ी यूएई की दो प्रॉपर्टी, यूके समेत विदेशी स्रोत से मिले हजारों डॉलर के फंड की जांच हो रही है। ईडी उन लोगों की भी तहकीकात कर रहा है, जो जवाद के लगातार संपर्क में रहे हैं। एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने बताया, राज्य सरकारों से कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान में नामांकन कराता है, जिसका अतीत संदेहास्पद रहा है, तो उन पर नजर रखें। यह भी कि अगर कोई संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, खासकर अगर वह स्टूडेंट्स के लिए मीडियेटर या हैंडलर के रूप में संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम दे रहा है और वह भी विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर से है तो उसको लेकर अलर्ट रहें। रिपोर्ट के अनुसार सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में इस तरह का फैसला लिया गया है। इस बैठक में एनआईए, ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों के बड़े अधिकारियों के साथ राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों ने आपस में विचार-विमर्श किया है। अब से राज्य सरकारों को जैसे ही अपने अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों में किसी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की भनक लगेगी, वह तुरंत केंद्रीय एजेंसियों को अलर्ट करेगा। अधिकारी का कहना है कि राज्य सरकारों को स्पष्ट तौर पर यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि जांच-पड़ताल की वजह से उनके किसी भी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थानों को किसी तरह की असुविधा नहीं होने पाए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**